हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित



Page 11 खेल

## भारत-न्यूजीलैंड दूसरा टेस्ट, पहला दिन, वाशिंगटन सुंदर ने झटके 7 विकेट



Page 10 देश

## प्रियंका गांधी वाड्रा महिलाओं के मुद्दे को निर्भिकता से रखती हैं : रिबू श्रीवास्तव

कृष्ण पक्ष, अश्लेषा, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • शुक्रवार • 25 अक्टूबर 2024 • वर्ष 26 • अंक 314 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

### सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 79,470 | ₹1,02000 |



### आज का इतिहास

- 1951 : भारत में पहले आम चुनाव की शुरूआत हुई।
- 2009 : भारत चीन के उस विरोध का जवाब देता है जो यह कहते हुए दलाई लामा को अरुणाचल प्रदेश जाने से रोकने की कोशिश करता है कि वह एक 'सम्मानित अतिथि' है और उसे वर्जित नहीं किया जाएगा।

### न्यूज बाइट्स

#### फिर 85 विमानों में बम की धमकी

नई दिल्ली (ए.)। देश में विमानों में बम की धमकी का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार को भी इंडिगो, एयर इंडिया, विस्तारा और अकासा एयर की 85 फ्लाइट में बम की धमकी मिली। इनमें से 20 फ्लाइट एयर इंडिया, 20 इंडिगो, 20 विस्तारा और 25 अकासा की हैं। एक दिन पहले 23 अक्टूबर को ही इन धमकियों को लेकर आईटी मिनिस्ट्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स, मेटा और एयरलाइन कंपनियों के साथ वर्चुअल मीटिंग की थी। सरकार ने सोशल मीडिया कंपनियों से पूछा था कि इन खतरनाक अफवाहों को फैलने से रोकने के लिए आपने क्या किया है। ये जो हालात हैं, उनसे जाहिर होता है कि आप जुर्म को बढ़ावा दे रहे हैं। पिछले 11 दिनों में ही 255 से ज्यादा विमानों में बम की धमकियां मिल चुकी हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, धमकियों के चलते एविएशन सेक्टर को 600 करोड़ से ज्यादा का नुकसान हो चुका है।

#### बिहार बोर्ड ने जारी की मैट्रिक और इंटर सेंटअप परीक्षा की डेटशीट

पटना (नि.सं.)। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा 2025 में आयोजित किए जाने वाले मैट्रिक और इंटर की परीक्षा को लेकर सेंटअप टेस्ट परीक्षा की डेडशीट जारी कर दी गई है। बीएसईबी की तरफ से जारी शेड्यूल के मुताबिक, 19 से 22 नवंबर के बीच मैट्रिक की सेंटअप परीक्षा आयोजित होगी जबकि इंटर की सेंटअप परीक्षा 11 से 18 नवंबर के बीच होगी। दरअसल, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति मैट्रिक और इंटर की परीक्षा के पहले हर साल सेंटअप परीक्षा आयोजित करती है। जो छात्र-छात्रा सेंटअप परीक्षा में सफल होते हैं उन्हें ही वार्षिक परीक्षा 2025 में शामिल होने की अनुमति बोर्ड द्वारा दी जाती है। बोर्ड ने कहा है कि सेंटअप परीक्षा में असफल होने वाले छात्र-छात्राओं को वार्षिक परीक्षा 2025 में बैठने से वंचित कर दिया जाएगा। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा जारी सेंटअप परीक्षा की डेटशीट के मुताबिक, 19 से 22 नवंबर के बीच मैट्रिक की सेंटअप परीक्षा आयोजित होगी। पहली पाली की परीक्षा सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12:45 बजे तक और दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम 5:15 बजे तक आयोजित की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने 'पंचायत सरकार भवन' एवं राज्य पंचायत संसाधन केंद्र का किया शिलान्यास, कहा

# चुनाव के पहले सभी पंचायतों का होगा अपना भवन, वार्ड में लगेंगे सोलर

निज संवाददाता | पटना

बिहार में पंचायत भवन के लिए जमीन नहीं है। 8,053 पंचायत भवन में से 65 का उद्घाटन हुआ है, लेकिन 1,195 पंचायत भवन जमीन के अभाव में अटक गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने संबंधित जिलाधिकारियों को जल्द जमीन तलाशने का आदेश दिया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 1 अणे मार्ग के 'संकल्प' में रिमोट का बटन दबाकर पंचायती राज विभाग के 7 हजार 160 करोड़ रुपए की लागत की 2 हजार 615 पंचायत भवन और राज्य पंचायत संसाधन केंद्र, सोनपुर के भवन का आधारशिला रखा। इसके साथ ही उन्होंने 13 जिला पंचायत संसाधन केंद्रों, 65 पंचायत सरकार भवन, ई-ग्राम कचहरी, कोर्ट मैनेजमेंट सिस्टम और जिला परिषद् पोर्टल का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि शुरू में 330 'पंचायत सरकार भवन' बनाये गए। आज 'पंचायत सरकार भवन' के शिलान्यास के बाद राज्य के 8 हजार 53 पंचायत भवनों में से 6 हजार 858 भवन स्वीकृत कर दिए गए हैं। इनमें से 1 हजार 548 पूरा हो चुका है। बाकी बनाए जा रहें हैं। गुरुवार के कार्यक्रम में 65 पंचायत सरकार भवनों का उद्घाटन भी किया गया है। उन्होंने कहा कि अब बचे हुए 1 हजार 195 पंचायत सरकार भवनों के लिए सहीं जमीन की तलाश की जा रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सभी डीएम को आदेश दिया है कि संबंधित ग्राम पंचायत के किसी भी गांव में जमीन चिन्हित कराकर, वहां पंचायत सरकार भवन का निर्माण जल्द शुरू करायें। पंचायत सरकार भवन में केवल पंचायत से जुड़ा काम ही नहीं होता है बल्कि दूसरे विभागों का भी काम होता है। पंचायत सरकार भवन बन जाने से लोगों को काफी सहूलियत होगी। पंचायत सरकार भवनों की छत पर सोलर प्लेट लगवाएं, इससे बिजली के खर्च में बहुत बचत होगी।



### 350 पंचायत सरकार को मिला बिल्डिंग

इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुत खुशी की बात है कि आज 2 हजार 615 पंचायत सरकार भवनों का शिलान्यास किया गया है। हमारा शुरू से ही 'पंचायत सरकार भवन' बनाने पर जोर है। हमारा कॉन्सेप्ट है कि पंचायती राज संस्थाओं में वैसी व्यवस्था हो, जो राज्य सरकार की होती है, इसलिए हमने इन भवनों को पंचायत भवन न कहकर 'पंचायत सरकार भवन' कहा है। हमने प्रत्येक ग्राम पंचायत में 'पंचायत सरकार भवन' बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

### हर वार्ड में स्ट्रीट लाइट

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे राज्य में 1 लाख 9 हजार 321 वार्ड हैं, जिसमें 11 लाख 75 हजार 740 स्ट्रीट लाइट लगाने का लक्ष्य है। आज 3 लाख 75 हजार सोलर स्ट्रीट लाइटों का लोकार्पण किया जा रहा है। अब शेष बचे 8 लाख 740 स्ट्रीट लाइट लगाने का काम किया जा रहा है, जिसे मार्च 2025 तक पूरा करें। पहले की सरकार में कुछ नहीं किया गया। हमने बिजली के क्षेत्र में काफी काम कराया है। हर घर तक बिजली पहुंचा दी गई है और लोगों को इसका लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था के अंतर्गत जिला परिषद् के तहत जिला परिषद अध्यक्ष, जिला परिषद के सदस्यों और प्रखंड स्तर पर पंचायत समिति के तहत प्रखंड प्रमुख, पंचायत समिति सदस्यों द्वारा पंचायत स्तर पर ग्राम पंचायत के तहत मुखिया और वार्ड सदस्यों द्वारा सुझाव और समस्याओं के बारे में सूचना हमारे पास पहुंची है। इन सुझावों और समस्याओं की समीक्षा कर आवश्यक कार्य करने का निर्देश दिया गया है। सीएम ने कहा कि मैं आप सभी पंचायत प्रतिनिधियों से अनुरोध करता हूं कि सभी पंचायत सरकार भवन और सोलर स्ट्रीट लाइट को मार्च, 2025 तक पूरा करने में आप सहयोग देंगे। सभी पंचायत प्रतिनिधियों को राज्य सरकार का पूरा सहयोग मिलता रहेगा। आपकी समस्याओं और सुझावों पर राज्य सरकार गौर करेगी।

# अंतरिक्ष क्षेत्र में स्टार्टअप इकाईयों के लिए एक हजार करोड़ रूपये का बनेगा कोष

एजेंसी | नयी दिल्ली

सरकार ने अंतरिक्ष क्षेत्र में स्टार्टअप इकाईयों को प्रोत्साहित करने के लिये एक हजार करोड़ रुपये का उद्यम पूंजी कोष बनाने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में गुरूवार को यहां हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बाद में एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि इस कोष का गठन इन- स्पेस संगठन के अंतर्गत किया गया है। सरकार ने 2020 के अंतरिक्ष सुधार कार्यक्रम के तहत निजी क्षेत्र की भागीदारी और इस क्षेत्र की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए इन- स्पेस का गठन किया था।इस कोष का लक्ष्य भारत को रणनीतिक रूप से अग्रणी अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करना है।

एक हजार करोड़ रूपये का कोष पांच वर्षों के लिए होगा और हर वर्ष के लिए 150 से 250 करोड़ रूपये की राशि निर्धारित होगी। वर्ष 2025-26 के लिए यह राशि 150 करोड़, 26-27 के लिए 250 करोड़, 27-28 के लिए 250 करोड़ , 28-29 के लिए 250 करोड़ और 2029-30 के लिए 100 करोड़ होगी। इसके अलावा अगले दस वर्षों में भारतीय अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था के पांच गुना विस्तार के लक्ष्य को पूरा करने के लिए निजी अंतरिक्ष उद्योग के विकास में तेजी लाना और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में प्रगति को बढ़ावा देना तथा निजी क्षेत्र की भागीदारी के माध्यम से भारत के नेतृत्व को मजबूत करना। इसके साथ साथ इससे वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा मिलेगा और भारत इस क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनेगा और देश में रोजगार के अवसर बढेंगे।



इससे व्यवसायों को विस्तार करने, अनुसंधान एवं विकास में निवेश करने और अपने कार्यबल का विस्तार करने में मदद मिलेगी। प्रत्येक निवेश इंजीनियरिंग, सॉफ्टवेयर विकास, डेटा विश्लेषण और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में सैकड़ों प्रत्यक्ष नौकरियां पैदा कर सकता है, साथ ही आपूर्ति श्रृंखला, लॉजिस्टिक्स और पेशेवर सेवाओं में हजारों अप्रत्यक्ष नौकरियां पैदा कर सकता है। एक मजबूत स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देकर, यह कोष न केवल नौकरियां पैदा करेगा बल्कि एक कुशल कार्यबल भी विकसित करेगा, नवाचार को बढ़ावा देगा और अंतरिक्ष बाजार में भारत की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाएगा।

## छठ-दीपावली के मौके पर चलायी जाएंगी सात हजार विशेष ट्रेनें : वैष्णव

एजेंसी | नयी दिल्ली

सरकार ने छठ और दीपावली के पर्व पर यात्रियों की भीड़ से निपटने के लिए सात हजार विशेष ट्रेन चलाने का फैसला किया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को मंत्रिमंडल की बैठक के बाद संवाददाताओं को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह विशेष ट्रेनों के परिचालन का नया रिकॉर्ड होगा। उन्होंने बताया कि पिछले साल रेलवे ने छठ और दीपावली के सीजन में चार हजार विशेष ट्रेनें चलायी थी, जो एक रिकॉर्ड था। उन्होंने कहा कि इन विशेष ट्रेनों को चलाने से हर दिन दो लाख अतिरिक्त लोग सफर कर सकेंगे। भारतीय रेल प्रतिदिन 13 हजार से अधिक यात्री ट्रेनों का परिचालन करती है।

## तालाब में डूबने से एक ही परिवार के चार लोगों की मौत

- एकक-दूसरे को बचाने के क्रम में सभी डूब गए



निज संवाददाता | परिहार (सीतामढ़ी)

सीतामढ़ी के बेला थाना क्षेत्र के मोहनपुर टोले उसरैना गांव में गुरुवार की दोपहर तालाब में डूबने से एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। मृतकों में तीन बच्ची तथा एक महिला शामिल है। मृतक की पहचान मोहनपुर टोले उसरैना गांव निवासी कमरुद्दीन अंसारी की 13 वर्षीया पुत्री नाजिया खातून, 8 वर्षीया पुत्री नासरीन खातून, 6 वर्षीया पुत्री जैनब खातून तथा कमरुद्दीन की 60 वर्षीया मां सगीरा खातून के नाम शामिल हैं।

दोपहर बाद तालाब से चारों का शव बरामद होने के बाद गांव में कोहराम मच गया। थानाध्यक्ष रमाशंकर कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि परिजनों ने शवों का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया है। सगीरा खातून के पति इस्लाम अंसारी ने बताया कि सभी गांव स्थित तालाब में नहाने गए थे। तालाब में काफी फिसलन है। पांव फिसलने के कारण इनमें से एक डूबने लगी।

फिर एक-दूसरे को बचाने के क्रम में सभी डूब गए। इस्लाम दोपहर बाद जब घर आए तो बच्चों एवं पत्नी को घर में नहीं देखा। इसके बाद उन्हें तलाशते हुए तालाब की तरफ गए। तालाब में चारों के शव उपलाता मिला। बता दें कि इस्लाम का पुत्र कमरुद्दीन सऊदी अरब में रहता है। उसे भी इस हृदय विदारक घटना की सूचना दे दी गई है।

## हेमंत सोरेन ने बरहेट, कल्पना ने गांडेय से भरा पर्चा



निज संवाददाता | रांची

झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण के नामांकन का आज 25 अक्टूबर को आखिरी दिन है। इससे एक दिन पहले कई दिग्गज पर्चा भर रहे हैं। इनमें झारखंड सीएम हेमंत सोरेन, उनकी पत्नी कल्पना सोरेन भी शामिल हैं।

वहीं रांची से बीजेपी प्रत्याशी सीपी सिंह, उनकी प्रतिद्वंद्वी महुआ माजी ने भी नॉमिनेशन फाइल किया है। गुरुवार को अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों में 100 से अधिक प्रत्याशी पर्चा भर रहे हैं। हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने गांडेय सीट से अपना नॉमिनेशन फाइल कर दिया है। राज्यसभा सांसद सरफराज अहमद के साथ वो नामांकन करने पहुंचीं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बरहेट से नामांकन किया। नामांकन के बाद सीएम बोरियो के डुमरिया मैदान में आयोजित सभा को संबोधित करेंगे।

भाजपा के घोषित 66 प्रत्याशियों में 32 का नामांकन गुरुवार को किया। हर प्रत्याशी के नॉमिनेशन में कोई न कोई राष्ट्रीय नेता, विभिन्न प्रदेशों के मुख्यमंत्री, मंत्री, पदाधिकारी आदि मौजूद रहे। रांची से बीजेपी प्रत्याशी सीपी सिंह, हटिया से नवीन जायसवाल ने पर्चा भरा है।

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री फगन सिंह कुलस्ते समेत अन्य नेता भी मौजूद रहे। झामुमो और भाजपा के अलावा कांग्रेस के 15, आजसू के 6, राजद के 3, जदयू के 1 उम्मीदवार भी नामांकन किया।

## छठ में हर घाट पर तैनात रहेंगे लाइनमैन



निज संवाददाता | पटना

ऊर्जा सचिव सह बिजली कंपनी सीएमडी पंकज पाल ने अधिकारियों के साथ बैठक की है। विद्युत भवन में यह बैठक हुई है। उन्होंने छठ पूजा के दौरान लगातार बिजली आपूर्ति निश्चित करने के निर्देश दिए हैं। ऊर्जा सचिव सह बिजली कंपनी सीएमडी पंकज पाल ने अधिकारियों के साथ बैठक की है। विद्युत भवन में यह बैठक हुई है। उन्होंने छठ पूजा के दौरान लगातार बिजली आपूर्ति निश्चित करने के निर्देश दिए हैं। बिहार के छठ घाटों पर बिजली आपूर्ति की व्यवस्था की जा रही है। बिहार में अब तक 3 हजार से अधिक छठ घाटों पर बिजली आपूर्ति की व्यवस्था की गई है। जबकि 2,597 घाटों पर यह काम बाकी है। बिहार में कुल 5,597 छठ घाट हैं जिसमें 2,381 घाट एसबीपीडीसीएल और 3,216 घाट एनबीपीडीसीएल के हिस्से में है। ऊर्जा विभाग की माने तो अब तक 3,000 से अधिक घाटों के विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था और इसके रखरखाव का काम पूरा हो चुका है। बैठक में सीएमडी पंकज कुमार पाल ने अधिकारियों को सभी संबंधित विभागों से कोऑर्डिनेशन बनाए रखने और छठ पूजा के दौरान लगातार बिजली आपूर्ति निश्चित करने के निर्देश दिए हैं। ऊर्जा सचिव सह बिजली कंपनी सीएमडी पंकज पाल ने अधिकारियों के साथ बैठक की है। विद्युत भवन में यह बैठक हुई है। बिजली विभाग, घाटों के नजदीक वाले ट्रांसफार्मरों की क्षमता का आकलन करेगी।

## बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन की रैंकिंग में बक्सर तथा सुपौल प्रथम स्थान पर

निज संवाददाता | पटना

बिहार लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम और लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के प्रभावी कार्यान्वयन में बक्सर और सुपौल जिलों ने शानदार उपलब्धियां हासिल की हैं। बक्सर जिला 'लोक सेवाओं का अधिकार' अधिनियम में पहले स्थान पर रहा है, जबकि सुपौल जिला 'लोक शिकायत निवारण अधिकार' अधिनियम में शीर्ष पर है।

लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम बिहार के नागरिकों को यह अधिकार देता है कि वे समय सीमा के भीतर उत्तरदायित्व और पारदर्शिता के साथ सार्वजनिक सेवाएं प्राप्त कर सकें। वर्तमान में इस अधिनियम के अंतर्गत 14 विभागों की 153 सेवाएं अधिसूचित की गई हैं, जिससे नागरिकों को प्रशासनिक प्रक्रियाओं में सहजता मिल रही है।

वहीं, लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम राज्य के नागरिकों को अपनी शिकायतों की सुनवाई और निवारण का वैधानिक अधिकार प्रदान करता है। यह विशेषता बिहार को देश का पहला राज्य बनाती है, जहां इस तरह का प्रावधान लागू किया गया है। इस अधिनियम के अंतर्गत 45 विभागों की 514 योजनाओं, कार्यक्रमों और सेवाओं को अधिसूचित किया गया है, जिनसे लाभ प्राप्त किया जा सकता है और शिकायतें दर्ज की जा सकती हैं।

इन अधिनियमों का प्रभावी कार्यान्वयन न केवल प्रशासनिक कार्यसंस्कृति में सुधार ला रहा है, बल्कि यह नागरिकों के अधिकारों को भी मजबूती प्रदान कर रहा है। सितम्बर 2024 के आधार पर जिलावार रैंकिंग में बक्सर जिला 'लोक सेवाओं का अधिकार' अधिनियम के अंतर्गत पहले स्थान पर, जहानाबाद जिला दूसरे स्थान पर और बांका जिला तीसरे स्थान पर रहा। वहीं, 'लोक शिकायत निवारण अधिकार' अधिनियम में सुपौल जिला पहले, बक्सर जिला दूसरे और बांका जिला तीसरे स्थान पर है। इन उपलब्धियों ने बिहार के अन्य जिलों के लिए एक उदाहरण प्रस्तुत किया है कि कैसे प्रशासनिक सुधारों के माध्यम से नागरिकों को बेहतर सेवाएं और सुविधाएं प्रदान की जा सकती हैं।

## मंथन कला परिषद द्वारा रावण नाटक का भव्य मंचन

निज संवाददाता | पटना

खगौल में मंथन कला परिषद द्वारा संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सौजन्य से डॉ. चतुर्भुज लिखित हिंदी नाटक 'रावण' का शानदार मंचन वरिष्ठ रंगकर्मी प्रमोद कुमार त्रिपाठी के कुशल निर्देशन में किया गया। इस नाटक की सफलता का श्रेय पूरी तरह प्रमोद कुमार त्रिपाठी को जाता है, जिन्होंने अपने निर्देशन से नाटक को एक नए आयाम पर पहुँचाया। यह नाटक 30 दिवसीय नाट्य कार्यशाला का परिणाम था, जिसमें नीरज कुमार और अंजली शर्मा के दृश्यबंध, ध्वनि संयोजन और संवाद परिकल्पना का अहम योगदान रहा। कार्यशाला के संयोजक अमन कुमार के सहयोग से यह नाटक दर्शकों को अंत तक बांधे रखने में सफल रहा। शूर्पणखा की भूमिका में अंजली शर्मा, राम के रूप में रोहन राज, सीता के रूप में काजल कुमारी, लक्ष्मण के रूप में दीनानाथ गोस्वामी, मारीच के रूप में नीरज कुमार, और विभीषण के रूप में प्रीतम कुमार जैसे कलाकारों ने अपनी-अपनी भूमिकाओं में जान डाल दी। हनुमान के रूप में तेज नारायण सिन्हा और मेघनाथ के रूप में अमरजीत शर्मा ने भी अपने प्रभावशाली अभिनय से नाटक को मजबूती दी। प्रकाश संयोजन में रोशन कुमार, रूप सज्जा में दीपक कुमार, वस्त्र सज्जा में सोनी सिन्हा, और मंच सज्जा में सज्जाद आलम ने नाटक को भव्यता और प्रभाव प्रदान किया। श्यामाकांत और रंजीत दास का तकनीकी सहयोग नाटक के सफल मंचन में महत्वपूर्ण रहा। इस नाटक की अपार सफलता का श्रेय प्रमोद कुमार त्रिपाठी को जाता है, जिन्होंने अपने सधे हुए निर्देशन से नाटक को जीवंत बना दिया। उनकी निर्देशन कला ने न केवल कलाकारों को सर्वोत्तम प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया, बल्कि नाटक की पूरी संरचना और प्रस्तुति को अत्यंत प्रभावशाली बना दिया। उनके योगदान ने इस नाट्य कार्यशाला को भी सफलतापूर्वक संपन्न करने में अहम भूमिका निभाई। मंथन कला परिषद द्वारा इस प्रकार के आयोजन दर्शकों को न केवल मनोरंजन प्रदान करते हैं, बल्कि उन्हें भारतीय संस्कृति और साहित्य से भी गहराई से जोड़ते हैं।

### रावण का चरित्र और प्रस्तुति

यह नाटक त्रेता युग के महान योद्धा रावण के चरित्र पर आधारित था, जिसे एक ऐसा व्यक्तित्व दर्शाया गया, जो शील, शक्ति, ज्ञान और राजनीति में अद्वितीय था। रावण के रूप में हौबिन्स कुमार ने अपने बेहतरीन अभिनय से दर्शकों को पूरी तरह से मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके अभिनय ने रावण की शक्ति, उसकी महिमा और उसकी त्रासदी को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।

## 28 अक्टूबर से 9 नवंबर तक शिक्षकों का आवासीय प्रशिक्षण स्थगित

पटना (नि.सं.)। सतत व्यावसायिक विकास योजना के तहत 28 अक्टूबर से 9 नवंबर तक शिक्षकों का सेवाकालीन आवासीय प्रशिक्षण स्थगित रहेगा। राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद ने पत्र जारी कर इसकी जानकारी दी है। एससीईआरटी ने इस संबंध में सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (समग्र शिक्षा , स्थापना) और सभी सीटीई, डायट, पीटीईसी और बाइट के प्राचार्य और प्रभारी प्राचार्य को पत्र लिखकर अवगत कराया है। परिषद ने कहा है कि संचालित प्रशिक्षण के मध्य 31 अक्टूबर को दीवाली और 6 से 8 नवंबर तक छठ पूजा का अवकाश है। इसे ध्यान में रखते हुए 28 अक्टूबर से 9 नवंबर तक सेवाकालीन आवासीय प्रशिक्षण को स्थगित किया गया है।

20 जिलों में बारिश की संभावना, तेज चलेगी हवा

## बिहार के 13 जिलों में दिखेगा 'दाना' तूफान का असर, अलर्ट जारी

एजेंसी | नई दिल्ली

बंगाल की खाड़ी से उठा चक्रवाती तूफान 'दाना' देर रात करीब 2 बजे ओडिशा के तट से टकराया। इसका असर पश्चिम बंगाल सहित बिहार के 19 जिलों में देखने को मिलेगा। मौसम केंद्र के अनुसार लैंडफॉल प्रोसेस 5 घंटे चलेगी। 120 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से तूफान ओडिशा के उत्तरी हिस्से से गुजरने की संभावना जतायी जा रही है।

तटीय इलाकों में ज्यादा बारिश हो सकती है। इसे लेकर ओडिशा, पश्चिम बंगाल और बिहार में अलर्ट जारी किया गया है। बिहार के 19 जिलों में तेज हवा और भारी बारिश की संभावना जतायी गई है। पटना, रोहतास, औरंगाबाद, गया, बक्सर, अरवल, जहानाबाद, नालंदा, भोजपुर, नवादा, बेगूसराय, खगड़िया, लखीसराय, मुंगेर, जमुई, भागलपुर, बांका, भभुआ, शेखपुरा जिलों में तेज आंधी-पानी को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। बिहार के इन 19 जिलों में 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने और वज्रपात की संभावना जतायी गयी है।



वही भुवनेश्वर और कोलकाता एयरपोर्ट पर 16 घंटे यानी आज शाम 5 बजे से लेकर अगले दिन 25 अक्टूबर की सुबह 9 बजे तक तक 300 फ्लाइट्स रद्द रहेगी। वहीं 552 ट्रेनें को भी रद्द किया गया है। अलर्ट जारी होने के बाद ओडिशा में एनडीआरएफ और एसडीआरएफ और फायर बिग्रेड की 288 टीमों की तैनाती की गयी है। वही तूफान प्रभावित इलाकों में 25 अक्टूबर तक स्कूल और कॉलेज बंद रहेंगे।

## प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में रेलवे परियोजनाओं को मिली मंजूरी

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने रेल मंत्रालय की 6,798 करोड़ रुपये (लगभग) की कुल अनुमानित लागत वाली दो परियोजनाओं को मंजूरी दी है। मंजूर की गई दो परियोजनाएं हैं - (क) नरकटियागंज-रक्सौल-सीतामढ़ी-दरभंगा और सीतामढ़ी-मुजफ्फरपुर खंड का दोहरीकरण, जो 256 किलोमीटर लंबा है और (ख) अमरावती होकर एर्रुपलेम और नम्बुरु के बीच 57 किलोमीटर लंबी नई लाइन का निर्माण। ये दोनों परियोजनाएं 5 वर्षों में पूरी की जाएँगी। इन परियोजनाओं से लगभग 106 लाख मानव दिवसों के लिए प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होगा। नरकटियागंज-रक्सौल-सीतामढ़ी-दरभंगा और सीतामढ़ी-मुजफ्फरपुर खंड के दोहरीकरण से नेपाल, पूर्वोत्तर भारत और सीमावर्ती क्षेत्रों से परिवहन-संपर्क मजबूत होगा और मालगाड़ियों के साथ-साथ यात्री रेलगाड़ियों की आवाजाही में सुविधा होगी, जिससे क्षेत्र का सामाजिक-आर्थिक विकास होगा। एर्रुपलेम-अमरावती-नम्बुरु नई रेल लाइन परियोजना आंध्र प्रदेश के एनटीआर विजयवाड़ा और गुंटूर जिलों तथा तेलंगाना के खम्मम जिले से होकर गुजरती है। 3 राज्यों, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और बिहार के 8 जिलों को शामिल करने वाली ये दो परियोजनाएँ भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में लगभग 313 किलोमीटर तक की वृद्धि करेंगी। नई लाइन परियोजना 9 नए स्टेशनों के साथ लगभग 168 गांवों और लगभग 12 लाख आबादी को परिवहन-संपर्क सुविधा प्रदान करेगी।



मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना दो आकांक्षी जिलों (सीतामढ़ी और मुजफ्फरपुर) में परिवहन-संपर्क सुविधा बढ़ाएगी, जिससे लगभग 388 गांवों और लगभग 9 लाख आबादी को सेवा प्राप्त होगी। ये कृषि उत्पादों, उर्वरक, कोयला, लौह अयस्क, इस्पात, सीमेंट जैसी वस्तुओं के परिवहन के लिए आवश्यक मार्ग हैं। क्षमता वृद्धि कार्यों के परिणामस्वरूप 31 एमटीपीए (मिलियन टन प्रति वर्ष) की अतिरिक्त माल ढुलाई होगी। रेलवे, परिवहन का पर्यावरण-अनुकूल और ऊर्जा-कुशल साधन है, जो जलवायु लक्ष्यों को प्राप्त करने और देश की लॉजिस्टिक्स लागत तथा कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन (168 करोड़ किलोग्राम) को कम करने में मदद करेगा। यह 7 करोड़ पेड़ लगाने के बराबर है। नई लाइन का प्रस्ताव, आंध्र प्रदेश की प्रस्तावित राजधानी "अमरावती" को सीधा संपर्क प्रदान करेगा तथा उद्योगों और आबादी की परिवहन-सुविधा में सुधार करेगा। इससे भारतीय रेलवे की दक्षता और सेवा विश्वसनीयता में सुधार होगा।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### विद्यालय स्तर पर पाठ्यचर्या का हिस्सा बने फाइनेंशियल एजुकेशन

**गया।** गया कॉलेज के शिक्षाशास्त्र विभाग में बुधवार को प्रधानाचार्य डॉ. सतीश सिंह चंद्र के दिशा निर्देश पर भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएससी) द्वारा क्षेत्रीय निवेशक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ विभाग अध्यक्ष डॉ. धनंजय धीरज, सेबी के अधिकृत प्रतिभूति बाजार प्रशिक्षक अमित कुमार सिंह व अन्य शिक्षकों ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए एचओडी डॉ. धनंजय धीरज ने कहा कि आज सर्वांगीण रूप से स्मार्ट बने रहने के लिए स्मार्ट निवेश की जानकारी होना अति आवश्यक है। कहा कि जानकारी के अभाव में निवेशक वित्तीय धोखाधड़ी का शिकार हो रहे हैं। साथ ही साथ फाइनेंशियल एजुकेशन को विद्यालय स्तर पर पाठ्यचर्या का हिस्सा बनाया जाना जरूरी है। ताकि भारत उभरती हुए अर्थव्यवस्था के रूप में विश्व में अपने आप को प्रतिस्थापित कर सके। डॉ. धीरज ने कहा कि वित्तीय प्रबंधन ही विकसित राष्ट्र बनने की कुंजी है। साधन सेवी श्री सिंह ने बताया कि वित्तीय धोखाधड़ी के प्रति जागरूकता एवं वित्तीय योजनाओं का व्यावहारिक ज्ञान निवेशक क्या करें क्या नहीं करें, साइबर वित्तीय धोखाधड़ी के लिए सावधानियां आदि विषयों पर चर्चा हुई।

### 2.12 करोड़ की लागत से पांच सड़कें बनेंगी, रखी आधारशिला

**मानपुर।** क्षेत्रीय विधायक वीरेंद्र सिंह द्वारा प्रखंड के विभिन्न गांव में पांच सड़क निर्माण की आधारशिला रखी गई। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों की मौजूदगी रही। बताया जा रहा है कि 2.12 करोड़ की लागत से शिकहर मोड़ से मानपुर स्टेशन, मानपुर- टेउस रोड से शेखा बिगहा गांव, मानपुर- टेउस रोड से पचम्बा गांव,दोहरी गांव और नीमा गांव में सड़क निर्माण की आधार शीला रखी गई। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक ने उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि प्रखंड के कई योजनाओं को टेक्निकल स्वीकृति के लिए भेजा गया है।जल्द ही उन लंबित योजनाओं पर ही काम होगा। बता दे कि सड़क निर्माण का कार्य ग्रामीण विकास प्रमंडल नीमचक बथानी द्वारा किए जा रहे है। मौके पर एसडीओ ऋतिक कुमारी,संजय शर्मा,शादीपुर मुखिया व भाजपा समर्थक देवेंद्र कुमार उर्फ हैप्पी सिंह,पूर्व जिला परिषद सदस्य नागेंद्र सिंह,मनोज सिंह,साकेत कुमार उर्फ मिठू सिंह,संवेदक कामदेव सिंह सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### वंशवाद की राजनीति से अब तंग आ चुकी है बेलागंज की जनता

**गया।** बेलागंज की जनता अब वंशवाद की राजनीति से तंग आ चुकी हैं। वह बदलाव के मूड में हैं। निश्चित ही इस बार बेलागंज में तख्तापलट होगा। इस बार बेलागंज में सिर्फ विकास के मुद्दे पर बात होगी। ये बातें बुधवार को शहर के विसार तालाब स्थित एक निजी होटल में राष्ट्रीय जन-जन पार्टी के संस्थापक सह राष्ट्रीय अध्यक्ष आशुतोष कुमार ने प्रेस वार्ता के दौरान कहीं। उन्होंने बताया कि आजादी के 75 वर्षों के बाद भी बेलागंज क्षेत्र का विकास शून्य है। नेता सत्ता में आए, पर उन्होंने अपनी जेबें भरी। दूसरे विधानसभा क्षेत्रों से बेलागंज आज काफी पिछड़ा हुआ है। बेलागंज में बदलाव की राजनीति शुरू हो, इसके लिए राष्ट्रीय जन-जन पार्टी ने अपना उम्मीदवार उतारा है। ई. उत्तम कुमार शर्मा पार्टी के बैनर तले चुनाव लड़ेंगे। इधर बेलागंज प्रत्याशी ई. उत्तम शर्मा ने कहा कि वे क्षेत्र के जमीनी मुद्दों को प्राथमिकता देंगे और जनता के हित में पूरी ईमानदारी से काम करेंगे। यह एक चुनौती नहीं, बल्कि एक सच्चाई है कि जनता अब जाग चुकी है, जिन पार्टियों ने सालों तक जनता को झूठे वादों में उलझाए रखा, उन्हें अब आइना दिखाने का समय आ गया है।

### छात्रा से अश्लील हरकत करने पर बदमाश की पिटाई, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**परवलपुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव में बुधवार को स्कूल से लौट ही छह साल की बच्ची से बदमाश ने सुनसान स्थान पर अश्लील हरकत किया। बच्ची के रोने व चिल्लाने की आवाज सुन ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने बदमाश को पकड़कर उसकी पिटाई कर दी। मारपीट के बाद शोहदे को पुलिस के सुपुर्द कर दिया। गिरफ्तार युवक 25 वर्षीय बांके बिहारी है। थानाध्यक्ष पप्पू कुमार सिंह ने बताया कि आरोपित को न्यायालय के सुपुर्द कर दिया गया।

### अग्रवाल स्टोर में फैंसी कपड़ों का आया न्यू कलेक्शन

**गया।** गया त्योहारों का सीजन शुरू हो गया है। शॉपिंग के बिना हम त्योहारों की कल्पना नहीं कर सकते। बच्चे हो या बड़े-बुजुर्ग सभी लोग त्योहारों में जमकर खरीदारी करते हैं। त्योहारों के दौरान खरीदारी के अनुभव को और भी रोमांचक व यादगार बनाने के लिए आपका अपना दैनिक भास्कर अखबार एक बार फिर से द ग्रेट पूजा उत्सव शॉपिंग एक्सपीरियंस लेकर आया है। 29 सितंबर से शुरु हुए इस उत्सव का समापन 10 नवंबर को होगा। इसके तहत डालमिया बाजार, नाजो बाजार व अग्रवाल स्टोर से कपड़े, तनिष्क शोरूम से गहनों, हीरा-पन्ना से ज्वेलर्स, श्रीलेदर से शू, पर्स,



बेल्ट व श्री ओम सांई ऑटो के शोरूम से मगधवासी वाहन की खरीदारी करे। खरीदारी करने के बाद कूपन जरूर भरे। दैनिक भास्कर गया शहर के नामी प्रतिष्ठानों के साथ मिलकर 15 अक्टूबर से 20 नवंबर तक चलने वाले पूजा उत्सव में प्रत्येक खरीददारी पर आपको ढेरों आकर्षक उपहार जीतने का अवसर दे रहा है। इन प्रतिष्ठानों से खरीदारी पर मिलेगा लकी कूपन 1. लाइफ स्टाइल पार्टनर्स : शेरा इनरवियर 2. तनिष्क, स्वराज्यपूरी रोड, गया। 3. डालमिया बाजार,धामी टोला रोड, गया। 4 . नाजो बाजार, केपी रोड, गया। 5. अग्रवाल एंड संस, जीबी रोड गया 6. श्री ओम साई ऑटो, गया कॉलेज, गेट नं. 1, जेल रोड, गया। 7. हीरा-पन्ना ज्वेलर्स, हीरा मानिक टॉवर, बजाजा रोड, गया। 8. श्रीलेदर, हीरा मनिक टावर, बजाजा रोड, गया 9. बैक्सी मोबिलिटी, मनोरमा इको फ्रेंडली इंटरप्राइजेज 10. रिफ्रेशमेंट पार्टनर : नमस्ते भारत आइसक्रीम 11. गया होंडा, गेवाल विगहा मोर, गया। नोट- यदि आप भी व्यवसायिक प्रतिष्ठान के संचालक हैं और पूजा उत्सव का हिस्सा बनना चाहते हैं तो 9155318636 पर संपर्क करें। शहर के जीबी रोड स्थित अग्रवाल स्टोर में दीपों का महापर्व दीपावली व कार्तिक छठ को लेकर एक से बढ़कर एक डिजाइनदार व फैंसी कपड़ों का कलेक्शन लाया गया है। इसकी कीमत भी काफी अच्छी है और क्वालिटी बेजोड़ है। छोटे-छोटे बच्चों के लिए यहां फैंसी कपड़ों की भरमार है। अग्रवाल स्टोर के प्रोपराइटर की माने तो एक बार अग्रवाल स्टोर में आकर फैंसी कपड़ों का कलेक्शन अवश्य देखे। हर वर्ग के लिए कपड़े यहां उपलब्ध है।

### NDA की एकजुटता ही हमें जीत दिलाएगी- दिलीप जायसवाल

**गया।** बिहार के गया में बेलागंज विधानसभा उपचुनाव के लिए सियासी हलचल तेज हो गई है। 13 नवंबर को होने वाले इस चुनाव में एनडीए और राजद के बीच सीधी टक्कर है। 8 बार से राजद के कब्जे वाली इस सीट पर इस बार RJD ने जहानाबाद सांसद डॉ.सुरेंद्र यादव के बेटे विश्वनाथ यादव को उतारा है। जबकि NDA ने जदयू की पूर्व MLC मनोरमा देवी को उम्मीदवार बनाया है। बुधवार को NDA की एक अहम बैठक में बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष और बिहार सरकार के मंत्री दिलीप जायसवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि "NDA की ताकत इतनी मजबूत है कि इस चुनाव में कोई लालू या माले नहीं जीत पाएगा। लालू ने अपने बेटे पर करोड़ों खर्च कर दिए, लेकिन वह नौवीं फेल ही रह गया। अब बिहार का नेता बनने चला है।" जायसवाल ने नीतीश कुमार और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की तारीफ की। उन्होंने कहा कि उनके शासन में बिहार और देश दोनों मजबूत हुए हैं। "विपक्ष के पास इतना साहस नहीं है कि इस नेतृत्व पर सवाल उठा सके। NDA की एकजुटता ही हमें भारी जीत दिलाएगी।" कार्यकर्ताओं को निर्देश देते हुए जायसवाल ने कहा कि वे गांव-गांव जाकर पैदल प्रचार करें। "चार पहिया वाहन से नहीं, दरी पर बैठकर जनता से जुड़ें। एनडीए के अंदर कोई मतभेद नहीं होना चाहिए।

# गया में आज प्रमुख प्रत्याशियों का नामांकन



♦ **पूर्व सीएम मांझी की बहू पहली बार विस चुनाव लड़ेंगी, मैदान में अब जन सुराज की भी एंट्री**

निज संवाददाता। गया

गया जिले की बेलागंज और इमामगंज विधानसभा सीटों पर उपचुनाव को लेकर आज माहौल गरम है। कई प्रमुख दलों के उम्मीदवार अपने नामांकन पत्र दाखिल करने जा रहे हैं, जिससे जिले में चुनावी सरगर्मी तेजी पर है। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) की दिग्गज नेता मनोरमा देवी बेलागंज से मैदान में उतर रही हैं। वह पहले एमएलसी रह चुकीं हैं और 2020 में अतरी सीट से चुनाव हार चुकीं हैं, लेकिन इस बार जीत की उम्मीद के साथ वापसी कर रही हैं। हम पार्टी की दीपा मांझी इमामगंज विधानसभा से आज अपना नामांकन पर्चा दाखिल करेंगी। खास बात यह है कि दीपा मांझी केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी की बहू हैं। वह पहली बार विधानसभा का चुनाव लड़ने जा रहीं है। इस वजह से इमामगंज विधानसभा सीट भी हॉट बनी है। इसी बीच, जनसुराज पार्टी के उम्मीदवार अमजद और इमामगंज से डॉ. जितेंद्र पासवान भी नामांकन कर रहे हैं। अमजद तीसरी बार बेलागंज से चुनाव लड़ने जा रहे हैं, जबकि डॉ. पासवान, जो पेशे से चिकित्सक हैं, पहली बार राजनीतिक मैदान में उतर रहे हैं।

**ट्रैफिक रूट में बदलाव रहेगाः** गौरतलब है कि एनडीए के घटक दलों में एक जदयू प्रमुख पार्टी है। इस वजह से एनडीए के सभी घटक दल के नेता अपने-अपने तरीके से ताकत झोंकने में जुटे हैं। भाजपा के प्रदेश से लेकर जिला स्तरीय नेता जीत की आस में क्षेत्र में मेहनत कर रहे हैं। नामांकन प्रक्रिया को लेकर प्रशासन की सख्ती भी देखने को मिल रही है। जिले भर में पुलिस बल तैनात है, मुख्य सड़कों पर बैरिकेडिंग की गई है और ट्रैफिक के रूट में बदलाव किया गया है। किसी भी पार्टी या उम्मीदवार को जुलूस निकालने की अनुमति नहीं दी गई है। प्रत्याशी सिर्फ पांच लोगों के साथ ही नामांकन स्थल पर जा सकते हैं और वहां गाड़ियों का प्रवेश वर्जित रखा गया है। चुनावी माहौल के बीच, जिले में सियासी गतिविधियां तेजी पकड़ रही हैं।

# पत्नी मुझसे बात नहीं कर रही, आप मिलवा दीजिए



♦ **गया में पति ने पत्नी से मिलने के लिए पुलिस से लगाई गुहार, बोला-वो नौकरी लगते ही बदल गई**

निज संवाददाता। गया

गया में एक पति ने पत्नी से मिलने के लिए पुलिस से गुहार लगाई है। SSP को लिखित आवेदन में कहा कि, 'पत्नी मुझसे बात नहीं कर रही हैं, मिल नहीं रही हैं। मोबाइल नंबर भी ब्लैकलिस्टेड कर दिया है। मेरे साढ़े छह साल के बच्चे को लेकर चली गई हैं। इस वजह से मैं काफी परेशान हूं। चाहता हूं कि पुलिस अधिकारी पत्नी से मिला दें।' गुहार लगाने वाले शेरघाटी थाना क्षेत्र के भुजौल गांव निवासी मिथलेश कुमार हैं। उन्होंने बताया कि, मेरी शादी 2017 में झारखंड के हंटरगंज की प्रीति कुमारी के साथ हुई थी। सब कुछ ठीक चलता रहा। लेकिन, 2021 में जैसे ही प्रीति की पुलिस में नौकरी लगी, घर की खुशियां धीरे-धीरे बिखरने लगीं। प्रीति अब पहले जैसी नहीं रही। न वह मुझसे बात करती है, न ही मिलने आती है। वहीं, बोध गया बीएमपी में तैनात पत्नी प्रीति का कहना है कि 'मिथिलेश मेरा एटीएम छीनकर पैसे निकालते थे। दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। इसलिए उनके साथ नहीं रह सकती।

## एशियन हॉकी के लिए अंतर्राष्ट्रीय मानकों पर सज रहा शहर

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा जिले के ऐतिहासिक शहर राजगीर में एशियन महिला हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी-2024 की तैयारियां जोरों पर हैं। जिलाधिकारी शशांक शुभंकर के निर्देशन में शहर को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप सजाया जा रहा है। 11 से 20 नवंबर तक चलने वाली इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में एशिया की छह प्रमुख टीमें - भारत, चीन, मलेशिया, जापान, दक्षिण कोरिया और थाईलैंड - अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। राजकीय खेल अकादमी एवं खेल परिसर में होने वाले इस टूर्नामेंट के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग की ओर से "नगर परिषद क्षेत्र में जल टंकियों और बाउंड्री वॉल का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। पेंटिंग



और अन्य सजावटी कार्यों से शहर को नया रूप दिया जा रहा है। यह आयोजन न केवल बिहार के लिए गौरव का क्षण है, बल्कि राजगीर के पर्यटन को भी बढ़ावा देगा।

**शहर को अंतरराष्ट्रीय मानकों पर तैयार किया जा रहाः** विभिन्न विभागों की टीमें दिन-रात एक कर शहर को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप तैयार करने में जुटी हैं। स्थानीय नागरिकों में भी इस आयोजन को लेकर उत्साह देखा जा रहा है।

## बंगाल तक चीनी से बनने वाली मिठाई की डिमांड

निज संवाददाता। नालंदा

बिहारशरीफ में स्पेशल मिठाई बनाने का सिलसिला शुरू हो चुका है। मिठाई पूरे साल में सिर्फ 15 से 20 दिन ही बनाई जाती है। जिसे बनने में 15 मिनट ही लगते हैं। वो भी दिवाली के अवसर पर। मिठाई से लक्ष्मी माता का भोग लगता है। घरौंदा में भी चढ़ाया जाता है। बिहार शरीफ में चिनिया मिठाई या गुड़िया मिठाई कहते है। कई लोग इसे चीनी के खिलौने भी कहते है। अब इन चीनी से बने खिलौनों की डिमांड भी बाजार में शुरू हो गई है। बिहार शरीफ के कटरापर सब्जी मंडी के पास लगभग 50 से अधिक दुकानें हैं जहां सुबह से शाम तक चीनी से बनी मिठाई बनाई जाती है। होलसेल रेट पर प्रति किलो 60-65 रुपए बिक्री हो रही है। बिहार शरीफ से यह मिठाई नालंदा के अलग-अलग प्रखण्डों के बाजार तक तो जाती ही है इसके अलावा



पड़ोसी जिला शेखपुरा, जहानाबाद, गया, नवादा यहां तक कि पश्चिम बंगाल में भी इस मिठाई की डिमांड है।

**100 रुपए किलो बाजार में हो रही बिक्रीः** इसका पहले गांवों में प्रचलन ज्यादा था, फिर शहर में भी इसका थोड़ा प्रचलन शुरू हुआ। यह पुरानी परंपरा चलती आ रही है। बाजार में 100 रुपए किलो बेची जा रही। इस मिठाई से कई तरह की आकृति भी निकलती है। जो छोटे बच्चों के आकर्षण का केंद्र होता है। इनमें महल, हाथी, घोड़े, शेर, मछली, मुर्गा, झोपड़ी आदि बने होते है.

**15 मिनट में बनकर तैयार होती है मिठाईः** दुकानदार विनोद, लक्ष्मण और अरुण ने बताया कि यह मिठाई चीनी से बनती है। सबसे पहले चीनी को पिघलाया जाता है। इसके बाद गर्म पिघली हुई चीनी को एक सांचे में जमा दिया जाता है।

# I-Phone के लिए घर में की डकैती,पिता ने किया केस

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में I-Phone की चाहत में एक युवक ने अपने ही घर में डकैती करवा दी। डकैती के दौरान करीब 1 लाख 6 हजार कैश और कुछ गहने लूट लिए गए। मामले का खुलासा तब हुआ, जब आरोपी दोनों बेटों की पूछताछ में अलग-अलग बातें सामने आईं। पुलिस ने जब सख्ती दिखाई तो बेटे ने दोस्त के साथ मिलकर डकैती करने की बात कबूली। वहीं, पिता ने अपने ही बेटे पर लूट का केस दर्ज करवाया है। शिकायत के बाद पुलिस ने बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। सदर DSP वन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर घटना की जानकारी दी है। मामला दीपनगर थाना क्षेत्र का है। दीपनगर थाना क्षेत्र के सर्वोदय नगर निवासी शिवशंकर पांडे



ने बताया कि 22 अक्टूबर की शाम मुझे इस घटना की जानकारी मिली। मैं अपने छोटे बेटे को घर पर छोड़कर स्कूल पढ़ाने गया था। वापस आने पर मेरे बेटे ने बताया कि 4 व्यक्ति ने घर का दरवाजा तोड़कर मुझे बंधक बना लिया था। अलमीरा में रखा 1 लाख 6 हजार नगद और कुछ गहने लूट लिए गए थे।

**बहू बार-बार मारने और घर में लूट की धमकी देती थीः** घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। जहां देखा गया कि कटर से अलमारी के लॉकर को काटा गया है। प्रारंभिक पूछताछ में शिवशंकर ने बताया कि उनकी बड़ी बहू के साथ कई केस मुकदमा चल रहा है। बार-बार उन्हें जान से मारने की धमकी मिलती है। साथ ही घर में डकैती करवाने की भी धमकी देती है। इसी को लेकर पहले मुझे मेरी बड़ी बहू पर शक हुआ। वहीं, पुलिस ने शिवशंकर और बंधक बनाए गए बेटे दोनों से पहले पूछताछ की। इस दौरान पुलिस ने दोनों के बयान में भिन्नता पाई। इस पर संदेह की स्थिति में कड़ाई से पूछताछ की गई। इसके बाद बेटे ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर इस घटना की साजिश रचने की बात को स्वीकार किया।

**खुद को बनाया था बंधकः** शिवशंकर पांडे के बेटे ने बताया कि वो आईफोन खरीदना चाह रहा था। इसी योजना के तहत उसने घर के ताला की नकली चाबी बनवाई थी। दोस्तों के साथ मिलकर कटर से अलमीरा काटकर उसमें रखे रुपए और अन्य सामग्री लुटावा लिया। खुद को बंधक बनाए जाने की बात अपने पिता को कही।

## राजगीर-तिलैया स्पेशल गुरपा तक चलेगी

## 23 कोच के साथ चलेगी गाड़ी, त्योहार में बढ़ती भीड़ को देखते हुए फैसला

निज संवाददाता। नालंदा

अगामी पर्व-त्योहारों के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए राजगीर और तिलैया के बीच चलाई जा रही 03322/03321 राजगीर-तिलैया-राजगीर स्पेशल ट्रेन का परिचालन विस्तार करने का निर्णय लिया गया है। गाड़ी सं. 13233/13234 दानापुर-राजगीर इंटरसिटी एक्सप्रेस के रेक से राजगीर और तिलैया के बीच स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही। अब ये स्पेशल का विस्तार किया गया है। ट्रेन को गुरपा तक चलाने का निर्णय लिया गया है। इस स्पेशल में तृतीय वातानुकूलित श्रेणी का 01 कोच, एसी चेयरकार का 01 कोच, साधारण श्रेणी के 19 कोच और एसएलआरडी के 02 कोच सहित कुल 23 कोच हैं ।

**राजगीर से 10.55 बजे खुलेगीः** गाड़ी सं. 03322 राजगीर-तिलैया-गुरपा एक्सप्रेस स्पेशल दिनांक आज से 30 नवंबर तक रोज राजगीर से 10.55 बजे खुलकर 11.13 बजे नटेसर रुकते हुए 12.00 बजे तिलैया पहुंचेगी और तिलैया से 12.05 बजे खुलकर 13.08 बजे पहाड़पुर रुकते हुए 13.30 बजे गुरपा पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी सं. 03321 गुरपा-तिलैया-राजगीर एक्सप्रेस स्पेशल दिनांक आज से 30.11.2024 तक रोज गुरपा से 14.00 बजे खुलकर 14.13 बजे पहाड़पुर रुकते हुए 15.25 बजे तिलैया पहुंचेगी और तिलैया से यह स्पेशल 15.30 बजे खुलकर 15.56 बजे नटेसर रुकते हुए 16.30 बजे राजगीर पहुंचेगी ।



**पूर्व मध्य रेल**

**निविदा सूचना**

**ई–निविदा सूचना सं.एस.जी.664–19–संकेत–2024–25**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु ई: निविदा आमंत्रित की जाती है ।

**क्रम सं० 1, कार्य का नाम :** जीएचडी–सीपीयू–एसजीआरएल अनुभाग में आरयूबी द्वारा लेवल क्रॉसिंग (संख्या–63/सी/टी, 77/बी/टी और 79/ सी/टी= 3 संख्या) के उन्मूलन के संबंध में एस एंड टी कार्य, अतिचार उन्मूलन के लिए एलएचएस का प्रावधान ओबरा–पीपीकेडी के बीच किमी. 140/08–09 पर किमी 101/15–15 ए पर टीआरडी कार्यालय के पास बीआरकेए यार्ड और बीआरकेए यार्ड। किमी 103/7–9 पर हेतु।, **2. कार्य का आकलित मुल्यः** ₹1,40,13,280.06 (लगभग), **3. कार्य का अग्रधन राशिः** ₹ 2,20,100.00, **4. निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः** 12.11.2024 (12:30 बजे)। **5.** ऐसी ई: निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नही किया जायेगा, भले ही यह फर्म के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई निविदा के ई निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : http//www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

**द्रष्टव्यः–** प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम दस दिन पहले वेबसाइट : http//www.ireps.gov.in का अवलोकन करे।

**वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता**
**पूर्व मध्य रेल, धनबाद**
पीआर/01377/डीएचएन/एसएण्डटी/टी/24–25/36

## दिवाली और छठ स्पेशल ट्रेनें

आगामी दिवाली और छठ के अवसर पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को संभालने के लिए, 05 जोड़ी स्पेशल ट्रेनें **आसनसोल और नौतनवा, आसनसोल और कटिहार एवं आसनसोल और पटना** के बीच निम्नलिखित संक्षिप्त समयसूची, ठहराव, आवागमन की तिथियों और गठन के अनुसार चलेंगी:–

**03507/03508 आसनसोल–नौतनवा–आसनसोल स्पेशल**

| आसनसोल–नौतनवा स्पेशल | | | (03507) (03508) | नौतनवा–आसनसोल स्पेशल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | दिन |
| शनि | – | 16.05 | आसनसोल | 01.25 | – | सोम |
| | 17.10 | 17.12 | मधुपुर | 23.35 | 23.37 | रवि |
| | 17.27 | 17.29 | जसीडीह | 23.08 | 23.10 | |
| रवि | 07.35 | – | नौतनवा | – | 08.40 | |

यह स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में मार्ग में चितरंजन, झाझा, किऊल, बरौनी जं., समस्तीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं, हाजीपुर, छपरा, सीवान जं., भटनी जं,, देवरियासदर, गोरखपुर, आनंद नगर स्टेशनों पर भी रुकेगी। **आवागमन के दिन: 03507 आसनसोल से** दिनांक 02.11.2024 (शनिवार) को और **03508 नौतनवा से** दिनांक 03.11.2024 (रविवार) को। **गठन:** एसी 3-टियर - 04, शयनयान श्रेणी - 07, साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस) -04, एसएलआरडी - 02 = 17 कोच। **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

**03501/03502 आसनसोल–कटिहार–आसनसोल स्पेशल**

| आसनसोल–कटिहार स्पेशल | | | (03501) (03502) | कटिहार–आसनसोल स्पेशल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | दिन |
| रवि | – | 14.30 | आसनसोल | 14.45 | – | सोम |
| | 15.35 | 15.37 | मधुपुर | 12.57 | 12.59 | |
| | 16.02 | 16.04 | जसीडीह | 12.30 | 12.32 | |
| सोम | 01.30 | – | कटिहार | – | 04.15 | |

यह स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में मार्ग में चित्तरंजन, झाझा, किऊल, बड़हिया, हाथीदा जं., न्यू बरौनी जं., बेगुसराय, साहिबपुर कमाल जं., खगड़िया जं., थाना बिहपुर जं., नौगछिया, कुर्सेला स्टेशनों पर भी रुकेगी। **आवागमन के दिन: 03501 आसनसोल से** दिनांक 03.11.2024 (रविवार) को और **03502 कटिहार से** दिनांक 04.11.2024 (सोमवार) को। **गठन:** एसी 2-टियर - 01, एसी 3-टियर - 04, शयनयान श्रेणी - 11, साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस) -06, एसएलआरडी - 02 = 24 कोच। **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

**03503/03504 आसनसोल–पटना–आसनसोल स्पेशल**

| आसनसोल–पटना स्पेशल | | | (03503) (03504) | पटना–आसनसोल स्पेशल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | दिन |
| रवि | – | 13.20 | आसनसोल | 06.15 | – | सोम |
| | 14.27 | 14.29 | मधुपुर | 04.29 | 04.30 | |
| | 14.54 | 14.56 | जसीडीह | 04.02 | 04.04 | |
| | 20.00 | – | पटना | – | 00.05 | |

यह स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में मार्ग में चित्तरंजन, जामताड़ा, झाझा, किऊल, मोकामा, बख्तियारपुर, पटना साहेब, राजेंद्र नगर स्टेशनों पर भी रुकेगी। **आवागमन के दिन: 03503 आसनसोल से** दिनांक 03.11.2024 (रविवार) को और **03504 पटना से** दिनांक 04.11.2024 (सोमवार) को। **गठन:** साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस)-08, एसएलआरडी-02=10 कोच। **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

**03511/03512 आसनसोल–पटना–आसनसोल स्पेशल**

| आसनसोल–पटना स्पेशल | | | (03511) (03512) | पटना–आसनसोल स्पेशल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | दिन |
| सोम | – | 13.20 | आसनसोल | 06.15 | – | मंगल |
| | 14.27 | 14.29 | मधुपुर | 04.29 | 04.30 | |
| | 14.54 | 14.56 | जसीडीह | 04.02 | 04.04 | |
| | 20.00 | – | पटना | – | 00.05 | |

यह स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में मार्ग में चित्तरंजन, जामताड़ा, झाझा, किऊल, मोकामा, बख्तियारपुर, पटना साहेब, राजेंद्र नगर स्टेशनों पर भी रुकेगी। **आवागमन के दिन: 03511 आसनसोल से** दिनांक 04.11.2024 (सोमवार) को और **03512 पटना से** दिनांक 05.11.2024 (मंगलवार) को। **गठन:** साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस)/द्वितीय सिटिंग-12, एसएलआरडी-02=14 कोच। **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

**03505/03506 आसनसोल–पटना–आसनसोल स्पेशल**

| आसनसोल–पटना स्पेशल | | | (03505) (03506) | पटना–आसनसोल स्पेशल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | दिन |
| मंगल | – | 13.50 | आसनसोल | 06.15 | – | बुध |
| | 14.57 | 14.59 | मधुपुर | 04.29 | 04.30 | |
| | 15.24 | 15.26 | जसीडीह | 04.02 | 04.04 | |
| | 20.00 | – | पटना | – | 00.05 | |

यह स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में मार्ग में चित्तरंजन, जामताड़ा, झाझा, किऊल, मोकामा, बख्तियारपुर, पटना साहेब, राजेंद्र नगर स्टेशनों पर भी रुकेगी। **आवागमन के दिन: 03505 आसनसोल से** दिनांक 05.11.2024 (मंगलवार) को और **03506 पटना से** दिनांक 06.11.2024 (बुधवार) को। **गठन:** साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस)-08, एसएलआरडी-02=10 कोच। **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर सेमिनार आयोजित, छात्रों के शोध पत्र के साथ स्मारिका का भी हुआ विमोचन

निज संवाददाता | बिक्रमगंज



विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में इन दिनों वर्तमान केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित 'एक राष्ट्र एक चुनाव' का मुद्दा खूब चर्चा में है। राजनीतिक पार्टियां, शिक्षाविद सहित आम लोगों के बीच इस प्रासंगिक विषय पर लगातार विचार विमर्श हो रहे हैं और कोई इसे देश एवं देश की जनता के हित में बता रहा है तो कोई राज्यों की स्वायत्तता को लेकर सवाल कर रहा हैं। एकमात्र अंगीभूत इकाई अनजबित सिंह महाविद्यालय में राज्य स्तरीय सेमिनार वन नेशन-वन इलेक्शन' विषय पर सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत संयोजक द्वारा अध्यक्षता के लिए प्राचार्य डॉ सुधांशु शेखर भाष्करम का नाम प्रस्तावित कर किया गया। जिसे सर्वसम्मति से स्वीकारा गया। हालांकि प्रशासनिक व्यस्तताओं की वजह से मुख्य अतिथि कुलसचिव कार्यक्रम हिस्सा नही ले सके। उनकी जगह मुख्य अतिथि डॉ अलाउद्दीन अज़ीज़ी, विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान विभाग, एस,पी. जैन कॉलेज को बनाया गया। इस अवसर पर राजनीति विज्ञान विभाग के पांच छात्रों तनु कुमारी, काव्यांजलि कुमारी, ज्योति कुमारी, आदर्श दूबे एवं चंद्रशेखर कुमार को स्टार स्टूडेंट ऑफ़ डिपार्टमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आरम्भ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। उसके बाद अतिथियों का स्वागत प्राचार्य सुधांशु शेखर भाष्करम एवं विषय प्रवेश आयोजक डॉ अखलाख अहमद के द्वारा किया गया। डॉ भाष्करम ने बताया की राज्य स्तरीय इस सेमिनार को राष्ट्रीय प्रसार एवं अंतराष्ट्रीय शुभकामना प्राप्त हुआ है। महाविद्यालय के प्रधानाध्यापक एस एस भास्करण ने कहा कि 'एक राष्ट्र एक चुनाव' हमारे देश के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण कदम है। अगर इस प्रस्ताव पर आम सहमति बनती है तो यह देश एवं देशवासियों के हित में होगा। कार्यक्रम की अगली कड़ी में सोविनियर का विमोचन मंच से किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. तबस्सुम बानों ने विषय के हर एक पहलू को पीपीटी के माध्यम से रखा। उन्होंने विषय की सार्थकता, ऐतिहासिक सन्दर्भ, वर्तमान के उदहारण, इसमें सुधार, अन्य विकल्प पर बड़ी विस्तार एवं सहजता से अपनी बात रखी। मुख्य अतिथि एक बड़ा सवाल भारत की सांस्कृतिक एवं मौसमी विविधता को लेकर इस प्रस्ताव को व्यवहारिक रूप देने में एक आम सहमती बनाने में कठिनाई की ओर संकेत किया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ तबस्सुम बानो ने अपने विचार रखते हुए कहा कि 'एक राष्ट्र एक चुनाव' अभी ज्वलंत मुद्दा है, जिस पर विचार विमर्श करने की देश को आवश्यकता है। सेमिनार के माध्यम से हम बच्चों में तर्क वितर्क की प्रवृत्ति को विकसित करना चाहते हैं ताकि वे देश के हर मुद्दों पर खुलकर बात कर सके। इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ. मों, परवेज अहमद ने सामयिक शोध पत्र प्रस्तुत किया।प्रश्न काल के दौरान कई शोधार्थी एवं शिक्षकों ने मुख्य वक्ता, मुख्य अतिथि एवं आयोजक से सवाल किये। द्वितीय तकनीकी सत्र की अध्यक्षता डॉ सरोज राम एवं डॉ. आर. के. पाण्डेय ने संयुक्त रूप से किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान सेमिनार हॉल शिक्षकों एवं शोधार्थियों से भरा रहा। संयोजक डॉ अखलाख अहमद ने बताया की इस विमर्श से प्राप्त निष्कर्ष को इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया के माध्यम से सरकार तक पहुचाया जायेगा। सेमिनार के संयोजक डॉक्टर अखलाक अहमद ने अपनी बात रखते हुए कहा कि व्यक्तिगत तौर पर मैं 'एक राष्ट्र एक चुनाव' का समर्थक हूं, जिससे देश को प्रशासनिक व आर्थिक स्तर पर काफी लाभ होगा। इस सेमिनार में शिक्षक, विद्वतजन के साथ-साथ छात्राओं ने भी अपने-अपने विचार, व्याख्यान एवं शोध पत्र प्रस्तुत किए हैं जिसके माध्यम से हम सरकार को सहयोग करना चाहते हैं।संगोष्ठी को मूर्त रूप देने में शिक्षक डॉ विजय गौड़, की भूमिका निर्णायक रही। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षको डॉ संतोष कुमार, डॉ प्रभात कुमार, डॉ रमेश कुमार, चंद्रशेखर कुमार, सुकेश्वर कुमार, डॉ शशि भूषण, मुनमुन चौधरी, मेघा गुप्ता, डॉ कुमारी प्रिया, डॉ गजाला शाहीना,डॉ सम्मा परवीन, डॉ पूनम कुमारी, कमल किशोर, डॉ अशोक कुमार, डॉ धीरेन्द्र सिंह प्रसाद,प्रशाखा पदाधिकारी मदन वैश्य एवं अरुण सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ, कन्हैया सिंह विभागाध्यक्ष वनस्पति शास्त्र ने किया। धन्यवाद ज्ञापन संयोजक के द्वारा किया गया।

## पुष्पा देवी ने छतरपुर में भव्य रोड शो के बाद भरा नामांकन

छतरपुर (नि.सं.)। पाटन विधानसभा से भाजपा की निवर्तमान विधायक और प्रत्याशी पुष्पा देवी ने गुरुवार को पूर्व सांसद मनोज कुमार के साथ मिलकर छतरपुर में एक भव्य रोड शो का आयोजन किया। इसके बाद उन्होंने अनुमंडलीय कार्यालय पहुंचकर नामांकन की प्रक्रिया पूरी की। रोड शो छतरपुर के नागाबाबा से लेकर अनुमंडल कार्यालय तक निकाला गया, जिसमें उनके समर्थकों का भारी हुजूम देखने को मिला। पूरे रास्ते समर्थकों ने जोरदार नारेबाजी की, जिसमें 'पुष्पा देवी जिंदाबाद,' 'मनोज कुमार जिंदाबाद,' 'नरेंद्र मोदी जिंदाबाद,' और 'बंदे मातरम' के नारे शामिल थे। समर्थकों का यह उत्साह स्पष्ट कर रहा था कि वे इस बार भी बड़े मतों के अंतर से पुष्पा देवी को विधानसभा में भेजने के लिए आश्वस्त हैं। नामांकन के दौरान पुष्पा देवी ने कहा, 'मैंने पिछले पांच वर्ष पूरी ईमानदारी से जनता और क्षेत्र के विकास के लिए काम किया है। मैं क्षेत्र में रहकर जनता की सेवा की है और मुझे पूरा विश्वास है कि छतरपुर की जनता मेरे प्रयासों को समझेगी। इस बार मेरी मुख्य लड़ाई छतरपुर को जिला बनाने की होगी।' एक बार फिर जनता का समर्थन प्राप्त करने की आशा कर रही हैं।

## न्यूज बाइट्स

### विद्युत ऊर्जा चोरी में चार पर प्राथमिकी दर्ज

बिक्रमगंज (रोहतास) (नि. सं.)। विद्युत आपूर्ति प्रशाखा-संझौली अंतर्गत कम खपत वाले घरेलू उपभोक्ताओं के परिसर का जांच हेतु एक जांच दल का गठन किया गया। जांच दल द्वारा विभिन्न गावों का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के क्रम मे मीटर बाईपास कर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी कों लेकर ग्राम-समहुता के सुरेंद्र चौधरी पर 26778, संजय सिंह पर 19645, ग्राम-मथुरापुर के रविंद्र कुमार पर 12726 एवं ग्राम-बसौरा के विंध्याचल सिंह पर 15029 रुपये दंडित राशि लगायी गयी है। उपरोक्त व्यक्तियों के द्वारा मीटर से पहले तार मे कटिंग करके, एक अतरिक्त तार खिंचकर विद्युत ऊर्जा की चोरी की जा रही थी। मीटर बाईपास करने के कारण वास्तविक मान पठन अवरुद्ध हो रहा था तथा विभाग के राजस्व की क्षति हो रही थी। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया की बिजली चोरी के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमे उपभोक्ताओं के परिसर में लगे सर्विस तार, मीटर, बिलिंग एवं बिल के ससमय भुगतान की सघन जांच की जा रही है। जांच में मीटर की सील टूटी हुई, टेम्परिंग या बाईपास पाए जाने पर तत्काल प्राथमिकी दर्ज कराया जा रहा है। विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल बिक्रमगंज अंतर्गत चालू माह मे 31 लोगों पर विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है जिसमे कुल जुर्माने की राशि 20.61 लाख है।

### एनीमिया उपचार के लिए बिशुनपुर स्कूल में लगा जांच कैंप

राजपुर (रोहतास) (नि.सं.)। एसजेआर हाई स्कूल प्लस टू बिशुनपुर के सभागार में गुरुवार को छात्राओं में एनीमिया जांच के लिए सीएचसी की चिकित्सा टीम ने डा राकेश कुमार के नेतृत्व में जांच कैंप आयोजित किया। इस दौरान छात्राओं के ब्लड सैम्पल लेकर ऑन द स्पॉट हीमोग्लोबिन की जांच की गई। डाक्टर अनन्त मिश्रा ने बताया कि कक्षा नौ से बारह तक के कुल 33 छात्राओं का एनीमिया जांच किया गया। महिलाओं का हर महीने में ब्लड लॉस होता है।ऐसी स्थिति में 17 साल उम्र के बच्चियों में नार्मल हीमोग्लोबिन की मात्रा ग्यारह से बारह ग्राम तक होना चाहिए। जांच के दौरान छात्रों में नौ से दस ग्राम हीमोग्लोबिन की मात्रा पाई गई। सभी छात्राओं को आयरन की गोलियां प्रदान करते हुए शरीर में हीमोग्लोबिन कम्प्लीट करने के आवश्यक इंस्ट्रक्शन प्रदान किए गए। मौके पर चिकित्सा टीम की एएनएम मधु कुमारी, रिता कुमारी, स्कूल के प्रधानाचार्य डा सागर पाल समेत अन्य मौजूद रहे उपस्थित थे।

### शराब पीकर ब्लाक पर हंगामा कर रहा बरना पैक्स प्रबंधक गिरफ्तार

राजपुर (रोहतास) (नि.सं.)। शराब पी कर प्रखण्ड कार्यालय में गुरुवार को हंगामा कर रहा बरना पैक्स प्रबंधक गौतम गुप्ता को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय को सौंप दिया। थानाध्यक्ष शशि भूषण कुमार के अनुसार बीडीओ रवि राज मुख्यालय स्थित निर्वाचन कार्यालय में पैक्स निर्वाचन संबंधी कार्य कर रहे थे। तभी बरना पैक्स प्रबंधक गौतम गुप्ता आया और वहां पर हंगामा खड़ा कर दिया। बीडीओ हंगामा की सुचना राजपुर थानाध्यक्ष को दी। सुचना पाते ही पुलिस वहां पहुंच पैक्स प्रबंधक को थाना ला मैडिकल जांच कराने के बाद के बाद जेल भेज दिया।

### बाइक में लीलगाय ने मारी टक्कर, एक पेंटर की मौत

नोखा (रोहतास) (नि.सं.)। थाना क्षेत्र के अंतर्गत तराढ गांव के पास सासाराम से बाइक पर सवार दो व्यक्ति पेंटिंग के काम करके नोखा आ रहे थे अचानक रात के अंधेरे में लीलगाय के आने से बाइक में टक्कर हो गया जिसमें एक व्यक्ति की घटना स्थल पर विनय शर्मा मौत हो गई शमहुती के रहने वाले थे।

### नहीं थम रही है मोटरसाइकिल चोरी की घटनाएं

बिक्रमगंज (रोहतास) (नि. सं.)। चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक युवक को पकड़ा गया और भेजा गया जेल। अभी कुछ ही रोज पहले रोहतास एसपी के द्वारा मोटरसाइकिल चोर गिरफ्तारी के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया था। पुलिस ने दो मोटरसाइकिल चोरों को पुनः गिरफ्तार किया है।

## अधिवक्ताओं ने एसडीएम कोर्ट का किया अनिश्चितकालीन बहिष्कार

निज संवाददाता | बिक्रमगंज

एसोसिएशन बिक्रमगंज के अधिवक्ताओं ने एक प्रेस रिलीज जारी कर अनुमंडल दंडाधिकारी के कोर्ट का अनिश्चितकालीन बहिष्कार करने का फरमान जारी किया है। बार एसोसिएशन बिक्रमगंज के महासचिव रवि रंजन के हवाले से जारी विज्ञप्ति में एसडीएम अनिल बसाक पर आरोप लगाते हुए बताया गया है कि वकीलों के साथ दुर्व्यवहार एवं मुवक्किलों के साथ बेवजह तंग तबाह करते हुए जेल भेजने के कारण असंतुष्ट वो खिन्न होकर अधिवक्ताओं का एक आपात बैठक किया गया और कोर्ट बहिष्कार का सामूहिक निर्णय लिया गया। इस निर्णय से एसडीएम बिक्रमगंज अनिल बसाक को भी लिखित आवेदन अवगत करा दिया गया है। बार एसोसिएशन के महासचिव ने अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए आरोप लगाया कि अनुमंडल पदाधिकारी सह अनुमंडल दंडाधिकारी अनिल बसाक ने धारा 126 भारतीय न्याय सुरक्षा संहिता के दफा में बीना प्रकिया पूरा किए हुए और बीना वकीलों की दलील वो बचाव पक्ष के बहस सुने तथा बीना सफाई साक्ष्य लिए विधिः विरुद्ध निर्णय लेते हुए एवं आदेश के नकल दिये बगैर तुरंत मुवक्किलों को बिक्रमगंज उप कारागार भेज दिया जा रहा है। जिससे समाज में अराजकता एवं अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो गई है। उक्त तानाशाही और मनमानी रवैया से वकीलों पर एवं विधि व्यवस्था पर समाज में घोर अविश्वास उत्पन्न हो गया है। कहा कि तानाशाही निर्णय के आलोक में बिक्रमगंज के अधिवक्ताओं के मांग पर बार एसोसिएशन एसडीएम के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित करते हुए न्यायालय कार्य से अधिवक्ता अपने को अनिश्चित काल के लिए अलग रखेंगे। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों एक पूर्व मुखिया को धारा 126 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था।

## नारायण मेडिकल कॉलेज में मेटामॉर्फोसिस 2.0 का भव्य उद्घाटन

निज संवाददाता | सासाराम



नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, जमुहार में आयोजित हो रहे मेटामोरफोसिस 2 .0 का प्रातः शानदार उद्घाटन कार्यक्रम संपन्न हो गया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने कार्यक्रम का आगाज दीप प्रज्वलन के साथ किया तथा आयोजन के प्रतीक मसाल को जलाकर कार्यक्रम का विधिवत शुरूआत किया। इस अवसर पर उपस्थित नारायण मेडिकल कॉलेज एवं बिहार व झारखंड के विभिन्न चिकित्सा महाविद्यालय से आए छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं पूर्व सांसद गोपाल नारायण सिंह ने कहा कि यह दूसरा आयोजन है और इस प्रकार का आयोजन बिहार में अन्य संस्थाओं के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से चिकित्सा शिक्षा छात्रों को अपने विषय के ज्ञान के अलावा अन्य प्रतिभाओं में भी निखार आता है जो की उनके जीवन को सफल बनाने के लिए काफी आवश्यक है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ महेंद्र कुमार सिंह ने संबोधित करते हुए यहां अन्य संस्थानों से आए छात्रों का स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी एवं कहा कि सभी खेल भावना के साथ आयोजन को सफल बनाएं तथा यहां की सुनहरी यादें लेकर अपने-अपने संस्थान को लौटें। इस अवसर पर संस्थान के प्रति कुलपति डॉक्टर जगदीश सिंह, प्रबंध निदेशक त्रिविक्रम नारायण सिंह, प्राचार्य डॉक्टर हीरालाल महतो, छात्र कल्याण अध्यक्ष डॉक्टर कुमार अंशुमान परीक्षा नियंत्रक डॉक्टर कुमार आलोक प्रताप, एकेडमिक डायरेक्टर सुदीप कुमार सिंह, कुलसचिव धर्मेश श्रीवास्तव, डा अभिषेक कामेन्दु, संगीता सिंह, डा आकांक्षा सिंह, निरुपमा सिंह, मोनिका सिंह, छात्रावास वार्डन डा महेन्द्र प्रताप, डा अभिलाषा के साथ ही सभी विभागों के अध्यक्ष, वरीय शिक्षक गण, सहायक कुल सचिव अजय कुमार सिंह, कुलाधीपति के निजी सचिव योगेश उपाध्याय एवं कृष्णा साहू, नारायण मेडिकल कॉलेज प्राचार्य कार्यालय के अमित कुमार, प्रवीण कुमार, मनीष कुमार, एस्टेट प्रभारी रविरंजन गुप्ता उर्फ टाइगर, कर्मचारीगण एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## जहरीली शराब के रोकथाम को लेकर छापामारी : डीएम

निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)



जिलाधिकारी रोहतास उदिता सिंह की अध्यक्षता में मद्य निषेध एवं नकार्ड से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। समीक्षात्मक बैठक में डी०पी०एम० जीविका को निदेशित किया गया की ताडी एवं शराब से जुडे व्यक्तियों को अधिक से अधिक सतत् जिवकोपार्जन से जोड़े। पुलिस पदाधिकारी एवं मद्य निषेध पदाधिकारी को निदेशित किया गया कि छापामारी के संख्या बढायें एवं जहां कही भी कच्चे स्प्रिट एवं नकली शराब पाये जाते है वहां शक्ति से कार्रवाई की जाय ताकि किसी भी प्रकार की जहरीली शराब काण्ड नहीं हो सके। वाहन के अधीहरण एवं निलामी में तेजी लाने का भी निदेश दिया गया साथ ही स्प्रिट वाले केशो में सजा दिलाने का निदेश विशेष लोक अभियोजक को दिया गया। इसके साथ NCORD की बैठक की गई जिसमें निदेश दिया गया की NDPA एक्ट के तहत गांजा अफीम एवं अन्य मादक पदार्थ अधीक मात्रा में पकडे गये है जिसका बैकवर्ड एंड फॉरवर्ड लीकेज की जानकारी प्राप्त कर कार्रवाई करना सुनिश्चित करें साथ ही कृषी पदाधिकारी रोहतास / पंचायती राज पदाधिकारी रोहतास / वनप्रमंडल पदाधिकरी रोहतास /सिविल सर्जन रोहतास शिक्षा पदाधिकारी रोहतास / जिला प्रोग्राग पदाधिकारी (ICDS) रोहतास को निदेशित किया गया है कि अपनी अधिनस्तो के साथ बैठक कर जनजागरूकता फैलाये जाने का दिशा निर्देश दे साथ ही सभी औषधी निरीक्षक रोहतास को निदेशित किया गया है कि दवा दुकानों का निरीक्षण करना सुनिश्चित करें इस बैठक में जिला पदाधिकारी, रोहतास / पुलिस अधीक्षक रोहतास / अपर समाहर्त्ता सह अपर जिला दण्डाधिकारी, रोहतास / सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सासाराम / सहायक अयुक्त मद्य निषेध, रोहतास, सासाराम।

## दाखिल खारिज व परिमार्जन के लिए रैयत करे अंचल से संपर्क : सीओ

निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)

अंचलाधिकारी सासाराम आगामी 26 अक्टूबर को प्रखंड सभागार (सद्भावना भवन) में परिमार्जन प्लस के आवेदन का ट्रेनिंग हेतु सासाराम के सभी साइबर कैफे वाले को निमंत्रित किया है। अंचलाधिकारी ने बताया कि रैयत जो आवेदन साइबर कैफे से करवा रहे है, उसमें काफी गलतियां है। जिसके कारण आवेदन को रिवर्ट करना पड़ रहा है। इसके कारण रैयतों को पुनः सुधार कर के आवेदन भेजना पड़ता है और रैयत को परेशानी उठाना पड़ता है। रैयतों को यह सूचित किया जाता है कि, परिमार्जन प्लस का आवेदन साइबर कैफे से देने में समस्या है तो सीधे अंचल कार्यालय में आकर ऑपरेटर से आवेदन दे सकते है। रैयत किसी भी गैर सरकारी व्यक्ति से दाखिल खारिज या परिमार्जन का कार्य के लिए नहीं मिले, सीधे अंचल कार्यालय में आकर कर्मचारी, राजस्व अधिकारी, अंचलाधिकारी से आकर मिले एवं अपना कार्य का निष्पादन करवाएं। अंचलाधिकारी ने यह भी बताया कि रैयत स्वयं अपने दाख़िल ख़ारिज एवं परिमार्जन का स्टेटस चेक कर सकते है। आवेदन में यदि अंचल कार्यालय के द्वारा आपत्ति नहीं लगाया गया हो तो अंचल कार्यालय आने की जरूरत नहीं है।, विभाग के फीफो नियमानुसार आवेदन का निष्पादन कर दिया जायेगा। आवेदन पर आपत्ति लगने पर रैयत के मोबाइल पर आवश्यक कागजात के लिए मैसेज भेजा जाता है। रैयत स्वयं अंचल कार्यालय आकर अपना कागजात अंचल कार्यालय में जमा करे। सर्वे से संबंधित कागजात विशेष सर्वेक्षण सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी कार्यालय, पंचायत सरकार भवन dhaudarh में जमा कर सकते है।

## चोरी का ट्रैक्टर थूम्हा के जंगलों से हुआ बरामद

निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)

थाना क्षेत्र के थुम्हा छाउर के सामने जंगल से चोरी की ट्रैक्टर बीती रात बरामद हुई है। बताया गया कि 21.10.2024 की रात भिसडा गांव से ईट लदा हुआ एक ट्रैक्टर चोरी हो गई थी। जहा ग्रामीणों समाजसेवियों और पुलिस की दबिश के कारण चोरी हुई ट्रैक्टर को चोर जंगल में छोड़ने को मजबूर हो गए। जानकारी हो कि रसूलपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि जयकुमार सिंह के ईट भट्ठा भिसड़ा से उनका ट्रैक्टर जिसका नंबर बीआर 24 5527 चोरों ने चोरी कर ली थी। वही घटना के बाद मुखिया प्रतिनिधि के द्वारा अमझौर थाना में चोरी का मामला दर्ज कराया गया था। साथ ही समाजसेवियों के सहयोग एवं खुद से ट्रैक्टर की खोज तथा सोशल मीडिया से सभी जगहों पर सूचना दिया गया। वही इस प्रक्रिया से चोर अपने आप पर दबाव महसूस किया और जंगल में ट्रैक्टर छोड़ भागा। रसूलपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि जय कुमार सिंह ने बताया की ट्रैक्टर गुम होने के बाद रसूलपुर पंचायत के युवाओं ने बीती तीन दिन रात एक कर दिया। और इसी दौरान बीती रात हमारे सहयोगी जंगल के रास्ते पर निगरानी बनाए हुए थे। इसी दौरान थुम्हा के जंगल के समय रात्रि करीब 1 बजे एक गाड़ी की लाईट दिखी जहां जब लोग पहुंचे तो ट्रैक्टर चोर गाड़ी की लाईट बुझा कर झाड़ी में छुपा कर भागने में सफल रहा वही रसूलपुर के युवाओं ने पहुंच कर गाड़ी को बरामद कर तत्काल पुलिस को सूचना दिया। वही घटना स्थल रोहतास थाना रहने के कारण रोहतास थाना, आमझोर थाना पहुंची और गाड़ी को बरामद किया। वही मुखिया प्रतिनिधि ने बताया की ट्रैक्टर पर ईंट भी लदा हुआ था जो बकनौरा के एक घर में बरामद हुई है। वहीं पुलिस ट्रैक्टर बरामद एवं ईट बरामद के बाद संलिप्त लोगों पर करवाई में जुट गई है।

## काराकाट के छठ घाटों का नगर कार्यपालक द्वारा निरीक्षणः सभी सुविधाओं का किया जाएगा इंतजाम

निज संवाददाता | काराकाट (रोहतास)

नगर पंचायत के अंतर्गत सभी छह छठ घाटों का निरीक्षण बुधवार को नगर कार्यपालक पदाधिकारी सीमाब मतीन द्वारा किया गया। इस निरीक्षण में उनके साथ मुख्य पार्षद प्रतिनिधि मुन्ना भारती, उपमुख्य पार्षद रवीश रंजन और बारह वार्ड पार्षद शामिल थे। यह निरीक्षण छठ पूजा की तैयारियों के मद्देनजर किया गया, ताकि छठ व्रतियों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इस संबंध में कार्यपालक पदाधिकारी सीमाब मतीन ने बताया कि नगर पंचायत में कुल छह छठ घाट हैं। इन घाटों में सबसे बड़ा घाट गोड़ारी में स्थित है, जो सकला रजवाहा के तट पर है। गोड़ारी पुल के उत्तर और दक्षिण में लगभग दो किलोमीटर तक छठ व्रती पूजा और अर्चना करते हैं। इसके अलावा, तेनुआ में नया छठ घाट तैयार किया गया है, और करूप, चिल्हा, बाद, नाद में भी छठ घाट स्थित हैं। नगर स्वच्छता पदाधिकारी पंकज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी छठ घाटों पर साफ-सफाई, रोशनी, गोताखोर, सुरक्षा व्यवस्था, मेडिकल टीम, और बैरिकेटिंग की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके साथ ही, उपचेयरमैन रविश रंजन ने यह सुनिश्चित किया कि छठ व्रतियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर सभी आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी, ताकि व्रतियों को निर्बाध रूप से पूजा करने में सहायता मिल सके। निरीक्षण के दौरान, कार्यपालक पदाधिकारी ने सभी घाटों की सतह को समतल करने के लिए जेसीबी का उपयोग करने, घाटों से गाद हटाने, और दीपावली से पूर्व सभी कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए। महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, कपड़ा बदलने के लिए विशेष चेंजिंग रूम बनाने की भी योजना है। यह कदम महिलाओं की सुरक्षा और सुविधा को प्राथमिकता देने के लिए उठाया गया है। इस मौके पर वार्ड पार्षद संतोष तिवारी, विनोद कुमार, पिंटू कुमार, विपिन कुमार, संजय राम, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि संतोष यादव, विनेश कांत तिवारी, अजय कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार सिंह, और नगर के कई सामाजिक कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर इस बात पर चर्चा की कि छठ पूजा के दौरान व्रतियों की सुरक्षा और सुविधा का पूरा ध्यान रखा जाए।

## पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान

निज संवाददाता | काराकाट (रोहतास)

पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार के निर्देश चलाया जा रहे सघन वाहन जांच अभियान। कछवां पुलिस ने वरीय अधिकारी के दिशा- निर्देश पर चलाया वाहन जांच और कई वाहनों से वसूला जुर्माना। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि स्टेट हाईवे 81 मुख्य मार्ग पर थाना मोड़ के समीप स्थानीय थाना के पुलिस पदाधिकारी शालू कुमारी के नेतृत्व में वाहन जांच अभियान चलाया गया। वाहन जांच के क्रम में वाहन चालकों का ऑनर बुक, डिक्की, प्रदूषण जांच, ड्राइविंग लाइसेंस,जूता एवं हेलमेट समेत अन्य बिंदुओं पर बारीकी से पुलिस द्वारा सर्च अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि वाहन जांच के दौरान स्थानीय पुलिस ने वाहन चालकों से 10 हजार रुपए का ऑनलाइन चालान काटा। श्री कुमार ने बताया कि वाहन जांच की प्रक्रिया निरंतर चलते रहेगा। मौके पर स्थानीय थाना के पुलिस पदाधिकारी शालू कुमारी,वाहन चालक एवं पुलिस बल के जवान मौजूद रहे।

## डायरियां के चपेट में आने से आठ लोगों बीमार

कोचस (रोहतास) (नि.सं.)। प्रखंड के परसथुआ बाजार में डायरिया के प्रकोप से लगभग आठ लोग बीमार पड़ गए हैं। इन बीमार लोगों का इलाज स्थानीय अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। बीमार लोगों में देवासी देवी, फूला देवी, कंचन कुमारी, रिंकू कुमारी, पंपति देवी, रमाशंकर रंग, भगवान राम, और राकेश राम शामिल हैं। स्थानीय निवासियों ने बताया कि बाजार में अचानक उल्टी, दस्त और बुखार की समस्या बढ़ गई थी। इसके चलते affected व्यक्तियों ने अपने स्वास्थ्य को लेकर चिंतित होकर अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए संपर्क किया। जहां उनकी स्थिति बिगड़ती गई, तब स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को इस मामले की जानकारी दी गई। सूचना प्राप्त होते ही स्वास्थ्य विभाग की टीम तत्काल एंबुलेंस के माध्यम से मौके पर पहुंची और सभी बीमार लोगों का उपचार शुरू किया। पीएससी प्रभारी डॉक्टर तुषार कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सभी मरीजों का समुचित इलाज किया। कई मरीजों का इलाज पहले से ही निजी क्लीनिक में चल रहा था, लेकिन उनके स्वास्थ्य में सुधार नहीं हो रहा था। डॉक्टर तुषार ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग ने मरीजों को खान-पान की उचित सलाह दी है और साथ ही अतिरिक्त दवाइयां भी मुहैया कराई हैं।

### एक पेड़ मां के नाम पर युवाओं ने किया पौधारोपण

करगहर/ रोहतास (नि.सं.)। माई भारत एवं नेहरू युवा केंद्र रोहतास के सौजन्य से करगहर प्रखंड के छात्र नवयुवक संघ सोनवर्षा के युवाओं द्वारा एक पेड़ मां के नाम पर वृक्षारोपण किया गया। जिसका नेतृत्व अनुपम कुमार पुर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक सह प्रशिक्षक ने किया। युवाओं ने गली मे भ्रमण करते हुए फिट रहने के लिए लोगो को प्रेरित किया तथा स्वच्छता के प्रति लोगो को जागरूक भी किया गया।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

**ई-निविदा सं:-04 ऑफ 2024-25/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू** मंडल रेल प्रबन्धक/ इंजीनियरिंग/ डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ-साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपकमों में सूचीबद्ध हैं, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑन लाईन (ई-निविदा) आमंत्रित की जाती है।

**निविदा सं.-32-डीडीयू-मं.इंजी.-मुख्य.-24-25**
**1. कार्य का नाम एवं लोकेशनः** सहायक मंडल इंजीनियर/डी.डी.यू. के अधीन अप यार्ड रेलवे तालाब में फिसिंग हेतू 05 साल के लिए खुली निविदा। **2. कार्य का अनुमानित लागतः** रू. 1,30,31,585.02 **3. धरोहर राशिः** रू. 13,03,200.00 **4. निविदा प्रपत्र का मुल्यः** रू.5000.00 **5. ई-निविदा बन्द होने की तिथि एवं समयः** 14.11.2024, को 12:00 बजे तक। **6. बेवसाईट पर ई- निविदा की विस्तृत जानकारीः www.ireps.gov.in**
**नोट**- विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।
**कृते मंडल रेल प्रबंधक /पू. म. रेल, पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल**
पीआर/01376/डीडीयू/ईएनजीजी/टी/24-25/32

**पूर्व मध्य रेल**

**रेल यात्री बन्धुओं के लिए आवश्यक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **दिवाली एवं छठ त्योहारों** के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर निम्नलिखित **पूजा स्पेशल गाड़ियों** का परिचालन किया जा रहा है, जिसका विवरण निम्नवत् है :-



**गाड़ी संख्या 06055/06056 कोयम्बत्तूर - बरौनी - कोयम्बत्तूर एक्सप्रेस स्पेशल**

| गाड़ी सं० | कहाँ से | प्र० | कहाँ तक | आ० |
|---|---|---|---|---|
| 06055 | कोयम्बत्तूर | 11.55 | बरौनी | 14.30 |
| 06056 | बरौनी | 23.45 | कोयम्बत्तूर | 03.45 |

**ठहराव :** तिरूप्पुर, इरोड, सेलम, जोलारपेट्टै, कटपडी, पेरांबूर, गुडुर, नेल्लोर, ओंगोल, विजयवाड़ा, एलुरू, ताडेपल्लीगुडेम, राजमंड्री, दुव्वाडा, विजयनगरम, बोब्बिलि, पार्वतीपुरम, रायगड़ा, मुनिगुडा, टिटलागढ़, सम्बलपुर, झारसुगुड़ा, राउरकेला, नुआगाँ, हटिया, रांची, मुरी, बोकारो स्टील सिटी, धनबाद, बराकर, चित्तरंजन, मधुपुर, जसीडीह, झाझा, किऊल।

**परिचालन की दिन एवं तिथि :** कोयम्बत्तूर से - 26.10.2024 से 16.11.2024 (शनिवार) = 4 ट्रिप, बरौनी से - 29.10.2024 से 19.11.2024 (मंगलवार) = 4 ट्रिप

**संरचना :** एसी 3 टियर - 06, शयनयान-08, सामान्य -01

विस्तृत जानकारी के लिए-**www.enquiry.indianrail.gov.in/ NTES APP**

पीआर/1387/एचक्यू/ओपीटीजी/एन/24-25/70 **मुख्य यात्री परिचालन प्रबंधक, पूमरे/हाजीपुर**

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## न्यूज बाइट्स

### 59 पंचायत सरकार भवनों का शिलान्यास एवं दो पंचायत सरकार भवन का सीएम ने किया उद्घाटन

**नवादा (नि.सं.)।** मुख्यमंत्री बिहार के कर- कमलों के द्वारा पंचायती राज विभाग अंतर्गत कुल 7160 करोड़ की लागत से संपूर्ण राज्य में 2615 पंचायत सरकार भवन एवं राज्य पंचायत संसाधन केंद्र, सोनपुर के भवन का शिलान्यास एवं 13 जिला पंचायत संसाधन केंद्रों, 65 पंचायत सरकार भवन, ई- ग्राम कचहरी कोर्ट मैनेजमेंट सिस्टम तथा जिला परिषद पोर्टल का उद्घाटन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया। नवादा जिला अंतर्गत कुल 59 पंचायत सरकार भवन का शिलान्यास आज के कार्यक्रम में संपन्न हुआ। कुल 02 नवनिर्मित पंचायत सरकार भवन का उद्घाटन भी आज के कार्यक्रम में संपन्न हुआ। जिला से उद्घाटन समारोह में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विधायिका नवादा श्रीमती विभा देवी, जिला पार्षद अध्यक्षा श्रीमती पुष्पा कुमारी, जिला पदाधिकारी नवादा, उप विकास आयुक्त नवादा, जिला पंचायती राज पदाधिकारी नवादा एवं कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण आदि लोग उपस्थित थे।

### स्वास्थ्य केंद्र का बीडीओ ने किया निरीक्षण

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज का प्रशिक्षु बीडीओ फैजान अहमद ने गुरुवार को निरीक्षण किया। प्रशिक्षु बीडीओ ने निरीक्षण के दौरान प्रसव कक्ष, दवा भंडारण कक्ष, आउटडोर रोस्टर पंजी के अलावा अन्य पंजियों का निरीक्षण किया। इस दौरान केंद्र रोगियों से पूछताछ कर हालत की जानकारी व साफ सफाई का भी जायजा लिया। निरीक्षण के बाद कई आवश्यक दिशा निर्देश चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी को दिया। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा0 नवीन कुमार, डा0 अजय कुमार समेत अन्य रहे।

### 23 पेंशनरों का हुआ स्वास्थ्य जांच

**नारदीगंज (नि.सं.)।** पेंशनर भवन नारदीगंज में गुरुवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित हुआ। यह शिविर सीएचसी नारदीगंज के द्वारा आयोजित किया गया।सीएचसी में कार्यरत चिकित्सक डा0 प्रवीण कुमार ने स्वास्थ्य जांच कर नियमित रूप से दवा सेवन व संतुलित आहार लेने की सलाह दिया। इस दौरान प्रखंड के विभिन्न गांवों के 23 पेंशनरों का स्वास्थ्य जांच के अलावा मधुमेह जांच, बीपी, रक्तचाप जांच हुआ।लैब टेक्नीशियन आशुतोष कुमार व एएनएम रिंकी कुमारी ने उपस्थित पेंशनरों का बीपी, रक्तचाप व अन्य जांच किया। सचिव ने कहा प्रत्येक माह के 24 तारीख को निःशुल्क जांच कार्यक्रमपेंशनर भवन में होगा। इस मौके पर पेंशनर समाज के प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद, सचिव श्रीकांत सिंह, सियाशरण दास, समेत अन्य पेंशनरों ने स्वास्थ्य जांच, रक्तचाप, मधुमेह का जांच कराये।

### शौचालय निर्माण में की जा रही धोखाधड़ी

**नवादा (नि.सं.)।** जिले के उग्रवाद प्रभावित सिरदला प्रखंड क्षेत्र में शौचालय निर्माण के नाम पर जमकर धोखाधड़ी की जा रही है। बिचौलिया व स्वच्छताग्रही लाभुकों से राशि निकासी कर राशि की बंदरबांट कर रहे हैं। इसका खुलासा लाभुकों ने किया है। इस बाबत चौकिया पंचायत मुखिया रुबी देवी ने बीडीओ को पत्र लिखकर मामले की जांच व स्वच्छताग्रही को हटा बिचौलिया पर कार्रवाई की मांग की है। ऐसा शौचालय निर्माण में नाम पर ठगी का शिकार हुये लाभुकों द्वारा मुखिया को दिये आवेदन के आलोक में किया गया है।आश्चर्य यह कि बगैर जांच किये राशि भुगतान करने के कारण हो रहा है। इससे स्पष्ट है कि जिले में लाभ-शुभ के चक्कर में जांच अधिकारियों द्वारा खुद राशि का दुरुपयोग कराने में लगे हैं। अब सबसे बड़ा सवाल आखिर जांच करेगा कौन जब जांच अधिकारियों की भूमिका खुद संदेह के घेरे में है। ऐसा हम नहीं बल्कि खुद मुखिया व लाभुकों का वीडियो व पत्र कहा रहा है।

### अनुमंडलीय अस्पताल में निरीक्षण के नाम पर हो रही खानापूर्ति



**रजौली (नवादा) (नि.सं.)।** मुख्यालय स्थित अनुमंडलीय अस्पताल सह ट्रामा सेंटर में सुविधा के नाम पर मरीजों को ठगा जा रहा है। प्रखण्ड कांग्रेस अध्यक्ष रामरतन गिरी ने बताया कि अस्पताल के निरीक्षण के नाम पर सिविल सर्जन समेत अन्य पदाधिकारी सिर्फ खानापूर्ति में जुटे हुए हैं। अस्पताल में मरीजों को मिलने वाली सुविधा नदारद है। अस्पताल के बेड पर बिछने वाले चादर तक उपलब्ध नहीं है। बेड पर गंदे चादर बिछा हुआ पाया गया। वहीं जिले के एकमात्र एनआरसी बन्द पाया रह रहा है। साथ ही छोटे बच्चों के लिए पीकू की व्यवस्था की गई है, जो अक्सर बन्द पाया जाता है और पीकू में ड्यूटी में रहे जीएनएम छुट्टी मारकर घर में रहते हैं। लेकिन जैसे ही सिविल सर्जन के आने की सूचना मिलती है, अस्पताल के सभी यूनिट कार्यरत दिखाई देते हैं। बताते चलें कि इसी माह के पहले सप्ताह में जिला प्रभारी मंत्री एवं जिलाधिकारी के निर्देश पर एसडीओ आदित्य कुमार पीयूष को अस्पताल की जांच कर रिपोर्ट देने की बात कही गई थी। जिसके आलोक में एसडीओ ने एक जांच टीम का गठन किया। गठित टीम का नेतृत्व डीसीएलआर प्रमोद कुमार ने किया एवं इस टीम में अनुमण्डल कृषि पदाधिकारी डॉ. अविनाश कुमार, बीडीओ संजीव झा, सीओ मो. गुफरान मजहरी एवं बीपीआरओ राजन कुमार थे। उन्होंने जांच के दौरान अस्पताल में कमियां ही कमियां पाई थी। जांच टीम द्वारा अस्पताल गंदगी की भरमार थी। साथ ही एनआरसी एवं पीकू पूर्णतः बन्द पाया गया था। वहीं पीकू में एक्सपायर्ड दवाई तक जांच टीम को मिला था। जांच टीम ने एक रिपोर्ट बनाकर जिला प्रशासन को सुपुर्द किया था। बावजूद अस्पताल के हालात सुधरने का नाम नहीं ले रही है। जिससे ग्रामीणों में स्वास्थ्य विभाग से विश्वास उठता जा रहा है। वहीं जिला मुख्यालय में मीटिंग कर अवैध जांच घरों के विरुद्ध कार्रवाई की बात कही जाती है। किंतु रजौली क्षेत्र में दर्जनों जांच घर हैं, जिसकी जांच तक नहीं की जाती है। कुल मिलाकर देखा जाए तो स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधा के नाम पर लोगों को ठगने का काम किया जा रहा है। वहीं गुरुवार को अस्पताल का निरीक्षण करने आई सिविल सर्जन डॉ. नीता अग्रवाल अस्पताल में व्याप्त कमियों को देखकर भी मीडियाकर्मियों से स्पष्ट बात करने से कतराती दिखीं।

### खुरहा और मुंहपका से बचाव के लिए पांच लाख पशुओं का होगा टीकाकरण

**नवादा (नि.सं.)।** नवादा जिले में खुरहा और मुंहपका से बचाव के लिए पांच लाख पशुओं का टीकाकरण होगा। इसके तहत टीकाकरण अभियान की शुरुआत बुधवार से हो गई। पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार सरकार द्वारा संचालित इस अभियान की शुरुआत जिला पशुपालन कार्यालय में की गई। जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ.दीपक कुमार कुशवाहा तथा जिला परिषद अध्यक्ष पुष्पा देवी ने दीप प्रज्वलित कर टीकाकरण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। मौके पर पशुपालकों से अपील की गई कि सभी योग्य पशुओं का समय पर टीकाकरण अवश्य करवायें। वार्ड पार्षद अम्बिका मेहता ने सभी जन प्रतिनिधियों से अपील की कि अपने क्षेत्र के पशुपालकों को टीकाकरण के लिए प्रोत्साहित करें। जिला पशुपालन पदाधिकारी ने पशुओं के टीकाकरण के लिए पशुपालकों को प्रेरित किया ताकि विभाग द्वारा वर्ष 2030 तक पशुओं में खुरहा एवं मुंहपका रोग को समाप्त करने के लक्ष्य को पूरा किया जा सके। पशु शल्य चिकित्सक डॉ.संजय कुमार ने बताया कि जिले में 14 प्रखण्डों के सभी गांवों में 05 लाख 32 हजार 100 पशुओं के टीकाकरण के लिए 197 निजी टीकाकर्मियों को लगाया गया है। यह सभी पशुपालक के द्वार पर जाकर पशुओं का निःशुल्क टीकाकरण का कार्य करेंगे।

# पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग की अध्यक्षता में पदाधिकारियों के साथ हुई समीक्षा बैठक

निज संवाददाता | नवादा

डॉ0 एन0 विजयलक्ष्मी, प्रधान सचिव, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभागार में विभागीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक आयोजित हुई। जिला पदाधिकारी आशुतोष कुमार वर्मा ने सर्वप्रथम प्रधान सचिव महोदया का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया एवं उनके बारे में उपस्थित पदाधिकारियों को बताया कि प्रधान सचिव, नवादा जिला में जिलाधिकारी के पद पर (24.10.2001 से 04.09.2003 तक) रह चुकीं हैं। यह बहुत ही संयोग की बात है कि महोदया द्वारा आज ही के दिन वर्ष 2001 में जिला पदाधिकारी, नवादा के पद पर योगदान दिया गया था। इसलिए प्रधान सचिव महोदया नवादा जिले की परिस्थितियों से भलीभांति परिचित हैं। अतः पशु एवं मत्स्य संसाधन के क्षेत्र में तिव्रतम विकास हेतु प्रधान सचिव प्रयासरत हैं। प्रधान सचिव द्वारा मत्स्य से संबंधित लाभुक सरयुग पासवान को पहाड़ी क्षेत्र तालाब निर्माण के लिए 04 लाख 80 हजार 709 रूपये का चेक, पारो देवी को पहाड़ी क्षेत्र तालाब निमार्ण के लिए 03 लाख 72 हजार 545 रू0, विमला देवी को प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत 01 लाख 80 हजार रू0, नागेन्द्र चौधरी को विशेष सहायता योजना के तहत 03 लाख 06 हजार 584 रू0, संजय चौधरी को उन्नत इनपुट योजना के तहत 70 हजार रू0 और विभा कुमारी को उन्नत इनपुट योजना के तहत 50 हजार रू0 को चेक का वितरण किया गया। इसी तरह कॉन्फेट के तहत बुलबुल देवी, काजल देवी, विपिन कुमार, नारायण यादव एवं रूबी देवी प्रत्येक को 79 हजार 700 रू0 का चेक वितरित किया गया। साथ ही गव्य विकास योजना के तहत उपेन्द्र कुमार को 02 लाख 57 हजार 792 रू0 एवं सुभाष कुमार को 01 लाख 19 हजार 755 रू0 का चेक दिया गया। इसके साथ ही पशुपालन क्षेत्र से संबंधित लाभुक सुमन कुमार समेकित मुर्गी विकास योजना के तहत 01 लाख 80 हजार, सोनु कुमार को समेकित बकरी एवं भेड़ विकास योजना के तहत 01 लाख 27 हजार 600 रू0, मिथलेश प्रसाद को समेकित बकरी एवं भेड़ विकास योजना के तहत 01 लाख 06 हजार 400 रू0, शब्बा अंजुम को समेकित बकरी एवं भेड़ विकास योजना के तहत 48 हजार 400 रू0 को चेक वितरित किया गया। इस तरह पशु एवं मत्स्य संसाधन से संबंधित कुल 17 लाभुकों को लगभग 27 लाख रूपये का चेक वितरण किया गया। जिला पदाधिकारी के निदेश के आलोक में विभागीय पदाधिकारियों द्वारा विभाग से संबंधित विभिन्न प्रकार के योजनाओं के बारे में अद्यतन रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। पदाधिकारियों द्वारा पशुपालन विभाग के बारे में वृहद रूप से चर्चा करते हुए बताया गया कि नवादा जिला में कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र की संख्या-23, प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय की संख्या-37 एवं राजकीय पशु चिकित्सालय की संख्या- (24X7) 01 है। वर्ष 2023-24 में 149806 पशुओं की चिकित्सा की गई जो कि लक्ष्य का 121.80 प्रतिशत है। वर्ष 2024-25 में सितंबर तक 81050 पशुओं की चिकित्सा की गई जो कि लक्ष्य का 131.80 प्रतिशत है। वर्ष 2023-24 में 3163 पशुओं को बंध्याकरण किया गया जो लक्ष्य का 164.31 प्रतिशत है। 3163 पशुओं को बंध्याकरण किया गया जो लक्ष्य का 164.31 प्रतिशत है। इसी तरह वर्षवार एंबुलेटरी कैम्प एवं पशु अस्पताल निरीक्षण, टीकाकरण, समेकित बकरी विकास योजना, समेकित मुर्गी विकास योजना आदि के बारे में बताया गया। साथ ही पदाधिकारियों ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में राजस्व में वार्षिक लक्ष्य 17 लाख रू0 था, जिसमें 34.58 (लाख) उपलब्धि जिसका 203.42 प्रतिशत एवं वर्ष 2024-25 में सितम्बर तक वार्षिक लक्ष्य 26.81 (लाख) रू0 था, जिसमें 26.81 (लाख) उपलब्धि जिसका 57.38 प्रतिशत है। मत्स्य उत्पादन में 2024-25 में सितम्बर तक वार्षिक लक्ष्य 6.91 (हजार टन) जिसमें 4.12 उपलब्धि जिसका 59.62 प्रतिशत है। मत्स्य बीज उत्पादन में 30.75 (लाख) वार्षिक लक्ष्य सितम्बर तक उपलब्धि 25.95 है। मत्स्य संसाधन में 496 सरकारी तालाब, 360 निजी तालाब, 05 जलाशय, नदी यथा- सकरी, खुरी, पंचाने, भुसरी, ककोलत, तिलैया एवं धनराजय है। जलाशय अन्तर्गत फुलवरीया, कोलमहादेव, तारकोल, जौब एवं पुरैनी के अद्यतन स्थिति के बारे में बताया गया। इसके अलावा प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, मुख्मंत्री तालाब मत्स्य विकास की योजना आदि के बारे में बताया गया। प्रधान सचिव द्वारा पदाधिकारियों के सुझाव मांगा गया जिसमें पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि कई योजनाओं के विकास में भूमि एवं भवन से संबंधित समस्या उत्पन्न हो रही है। इस संदर्भ में जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि भूमि एवं भवन को तीव्रतम गति उपलब्ध कराया जायेगा ताकि पशु एवं मत्स्य संसाधन के क्षेत्र में नवादा जिला अव्वल रहे। इसके साथ ही अपर समाहर्त्ता, नवादा चन्द्रशेखर आजाद द्वारा प्रधान सचिव महोदया के नवादा जिला आगमन एवं मार्गदर्शन तथा आशीर्वाद प्रदान करने हेतु धन्यवाद ज्ञापित की गई। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त नवादा, अपर समाहर्त्ता नवादा, अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर, प्रभारी जिला गोपनीय शाखा, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, उप मत्स्य निदेशक मगध परिक्षेत्र, जिला मत्स्य पदाधिकारी, मत्स्य प्रसार पदाधिकारी, मत्स्य विकास पदाधिकारी, कनीय अभियंता के साथ-साथ अन्य पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## हंडिया सूर्य मंदिर के तालाब में अब तक गंदा पानी

**नारदीगंज (नवादा) (नि. सं.)।** नारदीगंज प्रखंड के ऐतिहासिक व द्वापरकालीन हंडिया गांव स्थित सूर्य मंदिर परिसर स्थित छठ घाट के हालात वर्तमान तक बदतर बने हुए हैं। यहां स्थित तालाब में जमा पानी गंदगी की अधिकता के कारण हरा दिख रहा है। सामान्यतः यहां की साफ-सफाई से लेकर तमाम व्यवस्था ग्रामीण ही देखते हैं। सभी लोगों ने दीपावली बीत जाने तथा छठपूजा के समीप आने पर मंदिर और छठ घाट की सम्पूर्ण की साफ-सफाई की रणनीति बना ली है। ग्रामीण इस अभियान में अपनी सहभागिता दिखाने हैं ताकि छठव्रतियों व यहां आने वाले किसी भी श्रद्धालु को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो। मंगलवार को संघ के कार्यकर्ता अध्यक्ष रोशन कुमार व सचिव अभिषेक कुमार के निर्देशन में तैयारी बैठक संपादित कर चुके हैं। कार्यकर्ता अविनाश कुमार, रवि शंकर, अनन्त कुमार, वाणी कुमार, भोला कुमार, धीरज कुमार, मोनू, अनमोल, दिलीप कुमार समेत अन्य पूरी व्यवस्था की कमान संभाल रहे हैं। व्यवस्थापक की भूमिका में संतोष कुमार, मोलू कुमार, कौशल कुमार समेत अन्य हैं। संघ के अध्यक्ष रोशन कुमार ने कहा कि छठपूजा को लेकर हमलोग सभी कार्यकर्ता इस मंदिर में लगे रहते हैं।

## नगर पंचयात पदाधिकारी एवं मुख्य पार्षद प्रतिनिधि ने किया छठ घाट का निरीक्षण



निज संवाददाता | रजौली (नि.सं.)

नगर पंचायत क्षेत्र के नीचे बाजार स्थित राज शिव मंदिर के समीप छठ घाट का निरीक्षण गुरुवार को नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी राजेश एवं मुख्य पार्षद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार ने किया। इस दौरान लोक स्वच्छता पदाधिकारी राहुल कुमार के अलावे वार्ड पार्षद प्रतिनिधिगण भी मौजूद रहे। कार्यपालक पदाधिकारी ने स्वच्छता पदाधिकारी को निर्देश दिया कि नदी में आमलोगों द्वारा फेंके जा रहे कूड़े-कचरों पर पूर्णतः रोक लगाएं। साथ ही छठ बेहतरीन ढंग से छठ घाट की साफ सफाई किया जाए। वहीं मुख्य पार्षद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह ने सभी वार्ड प्रतिनिधि एवं सफाई-कर्मियों से अपील किया कि वे छठ घाट के आसपास के क्षेत्र को साफ सुथरा बनाए रखने में सहयोग करें। साथ ही कहा कि लोक आस्था के महापर्व कहे जाने वाले छठ पूजा के दौरान नगर क्षेत्र में साफ-सफाई में कोई कमी नहीं रहेगी। वहीं श्री सूर्य नारायण मंदिर नवनिर्माण के अध्यक्ष संदीप वर्मा ने बताया छठ घाट के समीप जो बिजली विभाग के द्वारा ट्रांसफार्मर लगाया गया है। उस ट्रांसफॉर्मर पर झूल रहे नंगे तार से कभी भी दुर्घटना घट सकती है। हालांकि छठ पूजा के दौरान बिजली विभाग आकर बांस से बैरिकेडिंग कर देता है। किन्तु बिजली विभाग द्वारा कोई स्थायी निराकरण नहीं किया गया है। मौके पर मौजूद रहे छठ पूजा समिति के सचिव अरुण कुमार गुप्ता ने बताया कि पूरे बाजार का नालियों का पानी छठ घाट की धारा में गिरता है, जिससे नदी का पानी दूषित हो जाता है। सभी लोगों ने पदाधिकारियों से आग्रह किया कि इस समस्या का जल्द से जल्द निदान किया जाए। निरीक्षण करने आये पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों ने साफ-सफाई को लेकर आश्वासन दिया। साथ ही बिजली विभाग को नगर पंचायत के द्वारा आवेदन देकर कवरयुक्त तार लगाने की बात कही गई।

# छठ घाटों पर बनेगा आयुष्मान कार्ड, विभाग ने की चिह्नित करने की तैयारी

निज संवाददाता | नवादा

जिले में आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर स्वास्थ्य विभाग छठ घाटों को चिह्नित कर रहा है, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस योजना का लाभ मिल सके। विभाग कार्ड बनाने के साथ-साथ जागरूकता अभियान भी चला रहा है, जिससे लोग योजना का फायदा उठाएं। वर्ष 2024-25 में जिले में 18 लाख 58 हज़ार 513 आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य रखा गया है। हालाँकि, अब तक 22 अक्तूबर तक मात्र 6 लाख 94 हज़ार 11 कार्ड ही जारी किए जा सके हैं। विभाग के अनुसार, प्रत्येक पीएचसी और सीएचसी में प्रतिदिन 250 आयुष्मान कार्ड बनाए जाने का लक्ष्य है, लेकिन अभी तक विभाग अपने लक्ष्य से काफी पीछे है। इसके लिए विभाग आंगनबाड़ी, आशा और अन्य स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की मदद से लोगों को जागरूक कर रहा है। विभाग अब छठ पर्व के अवसर पर छठ घाटों को भी चिह्नित कर रहा है, जहां आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे। नगर के मिर्ज़ापुर सूर्य मंदिर, शोभनाथ धाम, गढ़पर और मोती बिगहा घाटों को पहले ही इस उद्देश्य के लिए चुना जा चुका है। जिले के सभी प्रखंडों में छठ घाटों पर कार्ड बनाने की योजना के तहत यह पहल की जा रही है। आयुष्मान कार्ड केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके तहत प्रत्येक कार्डधारी को 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज उपलब्ध कराया जाता है। इस कार्ड के माध्यम से लाभार्थी सरकारी और निजी अस्पतालों में पंजीकृत स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। हालांकि, आयुष्मान कार्ड के प्रति आम जनता में जागरूकता की कमी देखी जा रही है। यह कार्ड पूरी तरह से निःशुल्क बनाया जाता है, और कोई भी व्यक्ति अपने मोबाइल के प्ले स्टोर से 'आयुष्मान ऐप' या 'प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना' डाउनलोड कर घर बैठे ही अपना कार्ड बना सकता है। साथ ही, जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर भी यह कार्ड निःशुल्क बनवाया जा सकता है। इस योजना में 70 साल और उससे अधिक उम्र के बुजुर्गों को विशेष रूप से शामिल किया गया है। बुजुर्गों की बीमारियों पर विशेष ध्यान देने के लिए, सरकार ने ऐसे बीमारियों के लिए विशेष पैकेज तैयार करने की योजना बनाई है, जिससे समय पर इलाज मिल सके। आयुष्मान कार्ड के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से आवेदन किया जा सकता है। ऑनलाइन आवेदन के लिए https://pmjay.gov.in/ की वेबसाइट या 'आयुष्मान ऐप' का उपयोग किया जा सकता है, जबकि ऑफलाइन के लिए कॉमन सर्विस सेंटर या वसुधा केंद्र पर जाकर आवेदन किया जा सकता है। आवेदन के लिए राशन कार्ड, आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस या वोटर आईडी में से कोई एक दस्तावेज़ अनिवार्य है। यह योजना हर छोटी से बड़ी बीमारियों को कवर करती है, जिसमें कैंसर, हृदय रोग, किडनी की समस्याएं, मोतियाबिंद, घुटना रिप्लेसमेंट जैसी बीमारियां शामिल हैं। जिले के सदर अस्पताल सहित सभी पीएचसी, सीएचसी और तीन निजी अस्पतालों में कैशलेस और पेपरलेस स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया जा सकता है। विभाग द्वारा समय-समय पर कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं ताकि अधिक से अधिक लोग इस योजना का लाभ उठा सकें। जिला शिक्षा कार्यालय से भी संपर्क किया गया है ताकि कार्ड बनवाने की प्रक्रिया को और तेज किया जा सके। जिन लोगों ने अभी तक आयुष्मान कार्ड नहीं बनवाया है, वे निकटतम स्वास्थ्य केंद्र, वसुधा केंद्र या मोबाइल के जरिए आसानी से इसे बनवा सकते हैं और 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज का लाभ उठा सकते हैं।

» **हालांकि, आयुष्मान कार्ड के प्रति आम जनता में जागरूकता की कमी देखी जा रही है। यह कार्ड पूरी तरह से निःशुल्क बनाया जाता है, और कोई भी व्यक्ति अपने मोबाइल के प्ले स्टोर से 'आयुष्मान ऐप' या 'प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना' डाउनलोड कर घर बैठे ही अपना कार्ड बना सकता है।**

# दीपावली को ले मिलावटी मिठाइयों के निर्माण में तेजी

निज संवाददाता | नवादा



दीपावली पर्व में विभिन्न तरह की मिठाइयों की मांग बढ़ जाती है, जिसको लेकर मिठाई बनाने वाले दुकानदार गुणवत्ता का ख्याल नहीं रखते हैं। मिलावटी खोवा व छेना से बनी मिठाईयों की जमकर बिक्री करते हैं और मोटी रकम कमाते हैं। इससे बचाव के लिए मिठाईयों की गुणवत्ता की जांच को लेकर खाद्य निरीक्षक मुकेश कश्यप ने नवादा व हिसुआ बजार के करीब आधा दर्जन से अधिक मिठाई की दुकानों में छापेमारी की। मिठाई की गुणवत्ता की संदेह के आधार पर दूषित लड्डू को नष्ट करवाया। करीब 11 प्रकार की मिठाईयों के नमूने लिये। जानकारी के अनुसार हिसुआ हॉस्पिटल रोड स्थित बनारसी स्वीट्स में छापेमारी में डेयरी दूध पाउडर के द्वारा करीब 30 केजी खोवा नष्ट किया गया। डेयरी की दूध पैकेट पर न निर्माण तिथि, न बैच नंबर अंकित था। मानक के अनुरूप नहीं रहने के कारण उसके नमूना संग्रह किया। हिसुआ स्थित पूजा स्वीट्स में पांच केजी दूषित लड्डू को नष्ट करते हुए दुकान में बने लड्डु, छेना का नमूना लिया गया। सीजन संदेश श्रवण तिलकुट भंडार से संदेह के आधार पर करीब 10 केजी दूषित लड्डू को जब्त कर निष्ट किया गया। न्यू सत्यम केक पैलेस से भी विभिन्न मिठाई का नमूना संग्रह किया। फूड इंस्पेक्टर ने हिसुआ के विभिन्न दुकानों में छापेमारी करते होते नवादा शहर स्थित सद्भावना चौक स्थित कावेरी स्वीट्स, गणपति स्वीट्स सहित हॉस्पिटल रोड स्थित पूजा स्वीट्स में जांच कर काजू बर्फी, डोडा बर्फी, गोंद लड्डू सहित अन्य लड्डू नमूना संग्रह किया। दुकानों में साफ-सफाई रखने का निर्देशः- फूड इंस्पेक्टर मुकेश कश्यप ने बताया कि सभी मिठाई दुकानों से सिडुएल चार फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड रेगुलेशन 2011 की तहत साफ-सफाई का निर्देश दिया है। उन्होंने बताया कि दीपावली को देखते हुए नवादा व हिसुआ बजार से कई मिठाई दुकान से संदेह पर नमूना संग्रह कर प्रयोगशाला में भेजा गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद उचित कार्रवाई की जायेगी। गौरतलब है कि त्योहारों को देखते हुए मिठाई की खपत अधिक होती है। मिठाई की मांग पर दुकानदारों के द्वारा गुणवत्ता का ख्याल नहीं रखा जाता है। इसी संदेह तथा मिठाई की रख रखाव को देखते हुए समय-समय पर खाद्य निरीक्षक के द्वारा इसकी जांच की जाती है। स्थानीय लोगों का मानना है कि छापेमारी केवल खानापूर्ति है। गुणवत्ता तथा मानक नहीं रखने के बाद भी किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जाती है। जरूरत है पर्व त्योहार हीं नहीं लगातार इस तरह की कार्रवाई होनी चाहिए तब कहीं मानक के अनुरूप लोगों को मिठाई उपलब्ध हो पायेगी।

## सदर अस्पताल परिसर में सुधा डेयरी केन्द्र का हुआ उद्घाटन



निज संवाददाता | नवादा

सदर अस्पताल, परिसर में मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना अन्तर्गत सुधा डेयरी केन्द्र का उद्घाटन डॉ0 एन विजयलक्ष्मी, प्रधान सचिव, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना के द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि इससे दूध एवं दुग्ध उत्पादों का विपणन आसान होगा। इसके साथ ही सदर अस्पताल में आये मरीजों को भी सुविधा होगी। प्रधान सचिव द्वारा बताया गया कि ऐसे ही नवादा जिला के विभिन्न स्थलों पर सुधा डेयरी का केन्द्र खोला जायेगा ताकि जिलेवासियों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके। जिला पदाधिकारी नवादा श्री आशुतोष कुमार वर्मा ने बताया कि नवादा जिले के विभिन्न स्थानों पर सुधा डेयरी केन्द्र खोलने हेतु जिला प्रशासन हर संभव सहयोग करेगी। इस अवसर पर सिविल सर्जन नवादा, उप विकास आयुक्त नवादा, डीपीएम स्वास्थ्य विभाग नवादा के साथ-साथ स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## शिक्षकों द्वारा ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने में फर्जीवाड़ा

» **सभी शिक्षक ई-शिक्षाकोष पोर्टल के माध्यम से भी उपस्थिति दर्ज करना है और सेल्फ अटेंडेंस में हाजिरी बनाना है, जिसमें खुद का फोटो लेना है**

निज संवाददाता | नवादा

जिले के उग्रवाद प्रभावित रजौली प्रखंड के 13 शिक्षकों पर गलत तरीके से ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर हाजिरी बनाने को लेकर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने स्पष्टीकरण की मांग करते हुए कार्रवाई की चेतावनी दी है। ई-शिक्षा कोष पर गलत तरीके से उपस्थिति दर्ज मामले में रजौली के 13 शिक्षकों का सभी दिनों के वेतन को स्थगित कर दिया गया है और 24 घंटे के अंदर सभी शिक्षकों से प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने स्पष्टीकरण की मांग की है। आरोपी शिक्षकों को राज्य एवं जिला कार्यालय से बार-बार पत्र के माध्यम से निर्देशित किया जा रहा है कि सभी शिक्षक ई-शिक्षा कोष पोर्टल के माध्यम से भी उपस्थिति दर्ज करना है और सेल्फ अटेंडेंस में हाजिरी बनाना है, जिसमें खुद का फोटो लेना है लेकिन रजौली के 13 शिक्षकों द्वारा फ़ोटो फ्लैक्स बोर्ड से लिया जा रहा है और कुछ तस्वीर आसमान और दीवार का लिया जा रहा है। साथ ही मोबाइल में छेड़छाड़ गलत तरीके से ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर उपस्थिति दर्ज करने वाले शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। शिक्षक गलत तरीके से ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर अपनी उपस्थिति दर्ज करते हैं तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पखवाड़ा अंतर्गत बेटी बचाओ -बेटी पढ़ाओ रैली का आयोजन

निज संवाददाता | वारिसलीगंज (नवादा)



महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार सरकार तथा यूनिसेफ की सहायता से सामाजिक संस्था एक्शन ऐड एसोसिएशन द्वारा उड़ान 2.0 परियोजना के संयुक्त तत्वाधान में प्रखण्ड अंतर्गत नेशनल इंटर स्कूल, माफी में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ तथा उड़ान परियोजना के संयुक्त तत्वधान में अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पखवाड़ा मनाया गया। जिसमें जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आई0सी0डी0एस निरुपमा शंकर, बाल विकास परियोजना अधिकारी प्रीति कुमारी, डी पी एम अनुग्रह प्रसाद तिग्गा, मिशन शक्ति समन्वयक हिना, लैंगिक विशेषज्ञ मयंक कुमार, ज़िला एवं प्रखण्ड समन्वयक उड़ान परियोजना, नेशनल स्कूल के शिक्षक तथा सैकड़ों किशोरियां मौजूद रही। सभी किशोरी अपने हाथों में तख्ती पर स्लोगन लिखकर लोगो को जागरूक किया। जागरूकता रैली विद्यालय से प्रारम्भ होकर नगर के मुख्य मार्ग होते हुए विद्यालय पहुंची। कार्यक्रम में अधिकारियों द्वारा किशोरियों से अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस की महत्ता,बाल अधिकार, घरेलू हिंसा, लैंगिक भेदभाव, शिक्षा से संबंधित बातें की गई। ज़िला प्रोग्राम पदाधिकारी ने कहा कि 'आज लड़कियां हर क्षेत्र में अपना हुनर दिख रही हैं, लड़कियां किसी से कम नही हैं। ज़रूरत है अपनी सोच बदलने की जिस दिन तुम्हारी सोंच बदलो समझो समाज बदला'।सी डीपीओ ने कहा कि लड़कियों को अपने अधिकार के प्रति जागरूक होने की जरूरत है। और खुद के लिए खड़े होने की हिम्मत करनी होगी, हम सब मिलकर समाज में लैंगिक असमानता को दूर करेंगे। इसके बाद सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध किशोरियों के नेतृत्व में जागरूकता रैली निकली गई। रैली में किशोरियों ने 'मौके की है मुझे तलाश में भी छू सकती आकाश', 'मैं बेटी हूँ मुझे अधिकार चाहिए आपका प्यार चाहिए' जैसे नारे लगया। मौके पर विद्यालय प्रभारी प्रधानाध्यापक पुष्प लता सिन्हा, शिक्षक पवन कुमार, कुणाल कुमार सहित सभी शिक्षक मौजूद थे।

# बाइक सवार प्रॉपर्टी डीलर को मारी चार गोली

## दोस्त के लिए लाने जा रहे थे टाइल्स, शहर में बीच सड़क तीन अपराधियों ने की फायरिंग

निज संवाददाता। आरा

दोहपर बाइक सवार अपराधियों ने स्कूटी सवार एक प्रॉपर्टी डीलर को गोली मार दी। जख्मी डीलर को पीछे से करीब चार गोलियां मारी गई है। परिजनों ने उसे इलाज के लिए आरा शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल पहुंचाया। जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। बताया जा रहा कि वे दोस्त के लिए टाइल्स लाने जा रहे थे। तभी बीच सड़क उनपर हमला हुआ। एक गोली पेट के बीचो-बीच नाभि के पास, दूसरी गोली कमर के बीचों-बीच और तीसरी गली दाहिने साइड पैर में लगी है। गोली लगने के कारण जख्मी युवक की बड़ी व छोटी आंत को नुकसान पहुंचा है। चौथी गोली छूकर निकल गई। ऑपरेशन कर बुलेट निकाल लिए गए हैं। पेट की बाइपास सर्जरी भी की गई है। हालांकि अभी मरीज



की स्थिति स्टेबल है। ऑब्जर्वेशन में रखा जाएगा। घटना शहर के टाउन थाना क्षेत्र के गांगी पुल मुक्तिधाम स्थित बैरियर के पास की है।

**घायल प्रॉपर्टी डीलर हैं:** टाउन थानाध्यक्ष देवराज राय पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचें। जमीन विवाद को लेकर गोली मारने की भी बात सामने आ रही है। जख्मी युवक टाउन थाना क्षेत्र के बड़की सिंगही गांव निवासी स्व. अब्दुल रहीम के 35 वर्षीय बेटे शाहिद आलम उर्फ पप्पू हैं। पेशे से प्रॉपर्टी डीलर हैं। इधर शाहिद आलम उर्फ पप्पू ने बताया कि उसने अपनी चचेरी बहन से 2023 में 5 कट्ठा जमीन खरीदी थी। जिसमें डेढ़ कट्ठा अपने, डेढ़ कट्ठा अपनी पत्नी और 2 कट्ठा अपने दोस्त के पिता के नाम पर जमीन रजिस्ट्री कराई थी।

**दोस्त और परिजनों ने पहुंचाया अस्पताल:** चचेरे भाई मो.शाहनवाज से विवाद चल रहा था। गुरुवार की सुबह वे स्कूटी से टाइल्स खरीदने जीरो माइल जा रहे थे। उन्हें अपने दोस्त के घर टाइल्स लगाना था। जैसे ही वे गांगी पुल मुक्तिधाम के पास पहुंचे, बाइक सवार तीन अपराधियों ने गोली मार दी। उनके साथ चल रहे दोस्त और परिजनों ने उन्हें शहर के बाबू बाजार स्थिति निजी अस्पताल पहुंचाया।

**पांच कट्ठा जमीन के लिए हमला:** दूसरी ओर जख्मी प्रॉपर्टी डीलर शाहिद आलम उर्फ पप्पू ने अपने चचेरे भाई मो.शाहनवाज, मो.आसिफ, मो.तनवीर और मो.शाहनवाज उर्फ गुड्डु पर पांच कट्ठा जमीन के विवाद को लेकर गोलीबारी का आरोप लगाया है। पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। सर्जन डॉक्टर विकास सिंह ने बताया कि जख्मी युवक को तीन गोलियां मारी गई है।

# पाटलिपुत्रा एक्सप्रेस से गिरकर पूर्वी चंपारण निवासी की मौत

निज संवाददाता। आरा

दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर कुल्हड़िया और कोईलवर स्टेशन के बीच डाउन लाइन पर बुधवार को गाड़ी संख्या (22352) पाटलिपुत्रा एक्सप्रेस ट्रेन से गिरकर पूर्वी चंपारण निवासी एक युवक की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृतक मोतिहारी (पूर्वी चंपारण) जिला के पकड़ी दयाल थाना क्षेत्र के मंझार पंडुबी टोला वार्ड नंबर-11 निवासी योगेंद्र साहनी का 18 वर्षीय बेटा सूरज कुमार है। वह कर्नाटक के कनपट्टा स्थित प्राइवेट कंपनी में काम करता था। मृतक के चाचा पंकज कुमार ने बताया कि हम लोग त्योहार की छुट्टी में कर्नाटक से पाटलिपुत्रा एक्सप्रेस ट्रेन से वापस अपने घर दानापुर लौट रहे थे। कुल्हड़िया और कोईलवर स्टेशन के बीच का चलती ट्रेन में वह फ्रेश होने के लिए शौचालय गया था। इसी दौरान वह असंतुलित होकर ट्रेन से गिर पड़ा। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

**दो भाई व बहन में बड़ा था:** सूचना आरा रेल पुलिस और उसके परिजनों को दी गई। सूचना पाकर परिजन आरा सदर अस्पताल पहुंचे।





♦ त्योहार की छुट्टी में कर्नाटक से घर लौट रहे थे, चलती गाड़ी में शौचालय जाते वक्त हादसा

जिसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने दो भाई व बहन में बड़ा था। उसके परिवार में मां सुनैना देवी, एक भाई सुभाष कुमार और एक बहन प्रेम कुमारी है।

# करंट से किसान की मौत, खेत की सिंचाई के दौरान हादसा

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर जिले के कंसिया गांव में खेत सिंचाई के दौरान एक किसान की करंट लगने से मौत हो गई है। मृतक की पहचान कंसीया गांव के निवासी किसान शिव शंकर सिंह (42) के रूप में हुई है। घटना के बाद आसपास के लोगों ने किसान को उठाकर डुमरांव अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर से मृत घोषित कर दिया। जिसकी जानकारी स्थानीय थाना पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत इलेक्ट्रिक मोटर पंप से खेत में सिंचाई करने के दौरान करंट लगने से बताई गई है।

**बिजली विभाग से मुआवजे की मांग:** घटना के बाद ग्रामीण पीड़ित परिवार के लिए बिजली विभाग से मुआवजे की मांग कर रहे हैं। भाई बबलू सिंह ने बताया कि शिव शंकर सिंह गुरुवार की सुबह घर से खेत की सिंचाई करने के लिए निकले थे। सिंचाई के दौरान ही बिजली अर्थिंग के संपर्क में आ गए। आसपास खेत में काम कर रहे लोगों ने छटपाते देख दौड़कर आए। तब तक वो बेहोश हो गए थे। इसकी जानकारी परिजनों को दी गई। हमलोग दौड़कर खेत पर पहुंचे। जहां वो खेत में बेसुध पड़े हुए थे। वहां से उठाकर डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया।

जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। डुमरांव थानाध्यक्ष शंभू कुमार भगत ने कहा कि सूचना पर पुलिस पहुंच घटना के बारे में जानकारी लिया गया है। परिजनों के सहमति से शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# डीएम ने कई छठ घाटों का निरीक्षण किया

निज संवाददाता। आरा

जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया द्वारा आगामी छठ पर्व को लेकर बुधवार को विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कलेक्ट्री छठ घाट, गांगी छठ घाट, धरहरा पुल छठ घाट, अहिरपुरवा सूर्य मंदिर छठ घाट, सपना सिनेमा सूर्य मंदिर छठ घाट, छठिया तालाब पावरगंज, बेलाउर स्थित प्रसिद्ध श्री मौनी बाबा सूर्य मंदिर छठ घाट पर पहुंच कर की गई तैयारियों का जायजा लिया। अधिकारियों को कई तरह के दिशा निर्देश भी दिए। डीएम ने सदर एसडीओ रश्मि सिन्हा को छठ घाटों पर साफ सफाई कराने के साथ ही बैरिकेडिंग व उसके ऊपर लाल रंग की झंडी लगाने, लाइटिंग, चेंजिंग रूम व प्रसाधन की समुचित व्यवस्था करने, घाटों



पर सरकारी नाव की व्यवस्था करने के साथ एसडीआरएफ व गोताखोर की टीम तैनात करने के लिए निर्देश दिए। इसके साथ ही सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-1 परिचय कुमार को छठ में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए जगह-जगह सुरक्षा कर्मियों की तैनाती करने का भी निर्देश दिया। सदर एसडीओ रश्मि सिन्हा ने बताया कि दीपावली पर्व के बाद खतरनाक घाटों को चिन्हित किया जाएगा। कुछ दिनों पूर्व आए बाढ़ की वजह से चंदवा से लेकर धरहरा तक गांगी नदी के किनारे वाले कई घाट पर मिट्टी गीली है और दलदली सी हो गई है। दीपावली तक कई घाट सूख जाएंगे। इसके बाद निरीक्षण कर निर्णय लिया जाएगा कि कौन से घाट सुरक्षित हैं और कौन असुरक्षित। सदर एसडीओ रश्मि सिन्हा ने कहा कि जिलाधिकारी के नेतृत्व में अंचल के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में नगर निगम अंतर्गत आने वाले छठ घाटों की साफ सफाई को लेकर नगर निगम के पदाधिकारी व बेलाउर छठ घाट की साफ सफाई को लेकर उदवंतनगर सीओ को निर्देशित किया गया है कि दिवाली से पहले तमाम छठ घाटों की साफ सफाई पूरी हो जानी चाहिए। कलेक्ट्री घाट व पावरगंज स्थित छठिया तालाब जैसे तालाबों में पर्व से पहले पानी भरने का कार्य कर लिया जाएगा। इसके साथ बेलाउर छठ घाट पर काफी ज्यादा भीड़ होती है। इसको देखते हुए एंट्री व एग्जिट प्वाइंट, पार्किंग सहित कई व्यवस्था की जाएगी।

# क्या हुआ तेरा वादा...विधायक विश्वनाथ राम का पुराना वीडियो वायरल, बक्सर में विकास का दिलाया गया था भरोसा

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के राजपुर विधानसभा के विधायक विश्वनाथ राम का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यह वीडियो विधायक के पिछले चुनाव का है। जिसके माध्यम से लोग उनसे पूछ रहे हैं कि क्या हुआ तेरा वादा। एक यूजर ने इसे शेयर करते हुए लिखा कि विधायक विश्वनाथ राम जी का यह वादा है। इस समय का हाल आपलोग खुद मिला सकते हैं। वीडियो शेयर करते हुए यूजर्स कई तरह के कमेंट कर रहे हैं। कोई उन्हें दल बदलू नेता तो कोई कहते नजर आ रहा है कि उनका अपना घर बन गया। जनता का हो या ना हो उससे क्या फर्क पड़ता है। वीडियो पर इसी तरीके के कमेंट्स की भरमार लगी हुई है।

**विधानसभा चुनाव में पुराना वीडियो वायरल:** सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा यह वीडियो उस समय का बताया जा रहा है। जब विश्वनाथ राम जदयू पूर्व मंत्री संतोष निराला के खिलाफ कांग्रेस से राजपुर



के विधानसभा के प्रत्यासी थे। जब धनसोई में तेजस्वी यादव विश्वनाथ राम के लिए प्रचार करने पहुंचे थे। जिसके बाद जनता ने उनके ऊपर भरोसा जताते हुए पांच साल के लिए अपने क्षेत्र के विकास के लिए बागडोर जिनके हाथ में दिया था। वहीं अब जल्द ही बिहार में विधानसभा चुनाव होने वाला है। पिछले चुनाव के पांच साल बीत जाने के बाद क्षेत्र में कोई विकास नहीं होने पर लोग विधायक का यह वीडियो वायरल कर रहे हैं।

**जनता से काम का वादा करते विधायक:** सत्येंद्र चौबे नाम के एक यूजर ने इस वीडियो को शेयर करते हुए लिखा कि यह है हमारे राजपुर विधानसभा के कांग्रेस विधायक विश्वनाथ राम जी। यह वो दिन याद है जब धनसोइ में तेजस्वी यादव कांग्रेस विधायक विश्वनाथ राम के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। चुनावी सभा समाप्त होने के बाद विश्वनाथ जी से हमने पूछा कि विश्वनाथ जी चुनाव जीतने के बाद आपकी प्राथमिकता क्या होगी। लेकिन माननीय विधायक जी द्वारा पूर्व विधायक की शिकायत तो किया गया लेकिन इनके कार्यकाल में समस्याओं का कितना समाधान हुआ आप लोग खुद ही बता सकते हैं। वीडियो में विधायक विश्वनाथ राम बोलते दिखाई दे रहे हैं कि राजपुर विधानसभा जो 10 साल से उपेक्षित हमारे विधानसभा के मतदाता मालिक है। उनको मैं मान सम्मान दिलाने का काम करूंगा। विकास का कार्य राजपुर विधानसभा में नही हुआ है। मैं चलता हूं तो देखता हूं सड़क पर कीचड़ और गड्ढे हैं। यहां की जनता ने संतोष निराला को 10 साल दिया लेकिन उन्होंने कुछ नही किया। संतोष निराला परिवहन मंत्री है और यहां के लोगो को इलाज के लिए काफी खर्च कर पटना और बनारस जाना पड़ता है।

# 24 ग्राम हेरोइन और देसी कट्टा सहित महिला गिरफ्तार

## पति करता था खरीद बिक्री, सुरक्षा के लिए घर में हथियार

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर जिले के ब्रह्मपुर थाना की पुलिस ने 24.12 ग्राम हेरोइन (मादक पदार्थ) एक देशी कट्टा और पांच जिंदा कारतूस के साथ पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार किया है। अन्य की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। पुलिस ने यह करवाई गुप्त सूचना के आधार पर की है। जिसमें आर्म्स एक्ट और मादक पदार्थ के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर महिला के पति की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। इसकी जानकारी डुमरांव अनुमंडल के डीएसपी अफाक अख्तर अंसारी ने प्रेस वार्ता कर दी है।

**पति करते हैं हेरोइन की तस्करी:** डीएसपी ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि ब्रम्हपुर थाना क्षेत्र के पाण्डेयपुर निवासी संतोष दुबे पिता त्रिवेणी दुबे अपने घर में हिरोइन रखकर बेचते हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते एक टीम गठित



कर सूचना की पुष्टि एवं कार्रवाई के लिए निर्देश दिया गया। गठित टीम द्वारा संतोष दुबे के घर की विधिवत तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान में 24.12 ग्राम हिरोईन, 1 छोटा इलेक्ट्रॉनिक तराजु, 1 देशी कट्टा, 5 कारतूस बरामद किया गया। बताया कि घर से एक महिला नेहा दुबे को हिरासत में लिया गया। हिरासत में लिये गये महिला से पूछताछ के क्रम में बताया गया कि मेरे पति संतोष दुबे हेरोइन की खरीद-बिक्री करते हैं। उक्त हथियार अपनी सुरक्षा हेतु रखते हैं। इस संबंध में ब्रह्मपुर थाना कांड संख्या 460/24 दर्ज कर संतोष दुबे की गिरफ्तारी हेतू लगातार छापेमारी की जा रही है।

# ट्रेन से गिरकर पटना निवासी की मौत घर से बक्सर के लिए निकला था

निज संवाददाता। आरा

दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर महतवनिया हॉल्ट के पास बुधवार को ट्रेन से गिरकर पटना निवासी युवक की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। मृतक मूल रूप से पटना जिला के नदौल थाना क्षेत्र मसौढ़ी गांव निवासी स्व.मिथिलेश कुमार का 25 वर्षीय बेटा आदित्य कुमार उर्फ सन्नी है। वह बचपन से ही पटना जिला के श्रीकृष्णापुरी थाना क्षेत्र के राजपुर वार्ड नंबर-21 में अपनी फुआ के घर रहता था। वो फूड डिलीवरी बॉय था और कभी-कभी ड्राइवरी भी करता था। वो ट्रेन से बक्सर के लिए निकला था। इसी बीच महतवनिया हॉल्ट के समीप वह ट्रेन से गिर पड़ा।

**पुलिस की सूचना पर परिजन अस्पताल पहुंचे:** स्थानीय ग्रामीणों





ने सूचना उदवंतनगर डायल-112 नंबर की पुलिस को दी। पुलिस ने आरा सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। उसके पास मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान हुई। जिसके बाद मामले की जानकारी परिजनों को दी गई। परिजन आरा सदर अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराया। वो अपने मां-पिता का इकलौता संतान था। जब एक साल का था तभी मां की मौत हो गई थी। फुआ ललिता देवी ने उसे बचपन में ही गोद ले लिया था और वह उन्हीं के साथ रहता था। जबकि उसके पिता मिथलेश कुमार की मौत इसी वर्ष मार्च महीने में सड़क हादसे में हो गई थी।

# चौसा अंचल कार्यालय का निरीक्षण, 6 कर्मी गायब, ADM ने एक दिन का वेतन काटने का दिया निर्देश

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर एडीएम अनुपमा कुमारी बुधवार को अचानक चौसा अंचल कार्यालय पहुंच गई। औचक निरीक्षण के दौरान 6 अंचलकर्मी गायब मिले। जिसको लेकर एडीएम में तुरंत एक्शन लिया। गायब सभी कर्मियों का एक दिन का वेतन काटने का आदेश दिया गया। निरीक्षण के दौरान ऑनलाईन म्यूटेशन, परिमार्जन, अभियान बसेरा 2, ई मापी, एल. पी. सी. निर्गमन इत्यादि में अंचल चौसा की प्रगति असंतोषजनक पाया गया। जिसको लेकर निर्देशित किया गया। क्योंकि अंचल के पदाधिकारियों और कर्मचारियों की लापरवाही के वजह से आमजनों का कार्य प्रभावित हो रहा है।

**अनुपस्थिति कर्मचारी से स्पष्टीकरण की मांग:** चौसा अंचल कार्यालय में औचक निरीक्षण के दौरान एडीएम ने आते ही सबसे पहले अधिकारियों और कर्मियो को उपस्थिति देखी। उस दौरान आरटीपीएस कार्यालय के साथ अंचल कार्यालय खुला पाया गया। जहां कार्यपालक सहायक मौजूद पाए गए। हालांकि प्रधान लिपिक विनोद कुमार सिंह, डेटा एंट्री ऑपरेटर विजय कुमार, अंचल अमीन संतोष कुमार,



तीन राजस्व कर्मचारी राजू रंजन प्रसाद, श्रीकांत और आरती कुमारी अनुपस्थित थे। जिसके बाद सभी अनुपस्थित कर्मियों और पदाधिकारी से कारण की मांग करते हुए एक दिन का वेतन काटने का निर्देश दिया गया। बता दें कि निदेशित किया गया कि आम नागरिकों के कार्यों में प्रगति प्राप्त करें। यदि कर्मियों के प्रवृति में सुधार नहीं होता है तो संबंधित कर्मी के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई करते हुए सेवा या संविदा समाप्ति की कार्रवाई की जायेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### आज सामाजिक न्याय के मुद्दों पर होगा संवाद

**आरा।** अमर शहीद जगदेव प्रसाद ट्रस्ट सह शोध संस्थान के परिसर में सामाजिक न्याय के मुद्दों पर संवाद गुरुवार को होगा। मुख्य अतिथि दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व असिस्टेंट प्रोफ़ेसर डॉ लक्ष्मण यादव होंगे। देश के विश्वविद्यालय में जातिगत, लैंगिक व कई किस्म के शोषण व भेदभाव, विश्वविद्यालय में वंचित शोषित समाज के विद्यार्थी, शोधार्थी व प्रोफेसर के साथ हो रहे भेदभाव, निजी क्षेत्र में आरक्षण, जातिगत जनगणना, संविदा पर बहाल होने वाले शिक्षकों की समस्याओं को लेकर चर्चा होगी। इसमें मुख्य वक्ता सामाजिक न्याय आंदोलन, बिहार के रिंकू यादव, पूर्व राज्यसभा सदस्य अली अनवर अंसारी, अमर ज्योति पासवान और पटना विश्वविद्यालय के शोधार्थी गौतम आनंद शामिल रहेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में रितेश कुमार, सुजीत कुशवाहा, रमेश यादव, रघुपति यादव, मंसा कुमार राम और देव शंकर आर्य की भूमिका होगी।

### सीएचसी का निरीक्षण करने नही पहुंचे डीएम

**गड़हनी।** पूर्व से आयोजित कार्यक्रम के बावजूद भी आज गड़हनी सीएचसी के नवनिर्मित भवन का निरीक्षक करने जिलाधिकारी नही आ पाए। जबकि नवनिर्मित सीएचसी भवन को निरीक्षण के चलते खूब सजाया साफ सफाई किया गया था। वही जनप्रतिनिधियों ने भी जिलाधिकारी से कुछ विकास संबंधित सवाल पूछने को ले तैयार थे लेकिन डीएम के नहीं आने से स्वास्थ्य कर्मी व उपस्थित जनप्रतिनिधियों को मायूस होकर लौटना पड़ा। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी चिकित्सक ने बताया कि छठ को ले आज डीएम महोदय कई घाटों का निरीक्षण करने निकल गए थे इसलिये नही आ पाये अब निरीक्षण को ले दूसरा तिथि तय किया जाएगा।

### तरारी के लिए जन सुराज की चुनाव समिति गठित

**आरा।** तरारी विधानसभा उपचुनाव को लेकर जन सुराज पार्टी ने प्रत्याशी किरण सिंह के नाम की घोषणा के साथ ही चुनाव समिति का गठन किया। बुधवार को बैठक कर 25 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। तरारी विधानसभा के गांव-गांव में जाकर चुनाव समिति के सदस्य जनसुराज के उद्देश्य को बताएंगे। इस समिति में मास्टर परवेज, अशोक सिंह, रामशरण यादव, अरविंद सिंह, ए के द्विवेदी, रत्नेश्वर ठाकुर, रामचंद्र राम, उर्मिला सिंह, राम पुकार मेहता, नंद जी राम, कन्हैया सिंह, अरविंद पांडेय, मुन्ना भवानी, फारुख खान, आर एन सिंह, संजय चंद्रवंशी, काशी बैठा, बच्चा राय, पंकज सिंह को शामिल किया गया है।

### 36 घंटे में ट्रेन से कटकर 3 लोगों की मौत:बक्सर में हादसा और आत्महत्या की बिंदुओं पर जांच कर रही पुलिस

**बक्सर।** डीडीयू-दानापुर रेल खंड के बक्सर और आरा रेलवे स्टेशनों के बीच बीते 36 घंटे में ट्रेन की चपेट में आकर एक महिला और दो पुरुष की मौत हो गई है। जिसमें एक की पहचान हो गई है। वहीं, दो मृतकों की पहचान के लिए खोजबीन जारी है। लगातार ट्रेन से कटकर मौत की घटना को पुलिस एक्सीडेंट से मौत मान रही है, लेकिन आत्महत्या के बिंदु पर भी जांच जारी है। यह तीनों घटना बरुना, रघुनाथपुर और डुमरांव रेलवे स्टेशन की है। जीआरपी थानाध्यक्ष विजेंद्र कुमार ने बताया कि डुमरांव रेलवे स्टेशन के पश्चिमी रेलवे क्रॉसिंग के समीप बुधवार सुबह श्रमजीवी एक्सप्रेस की चपेट में आकर 35 वर्षीय महिला की मौत हो गई है। उनका शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और पहचान की कोशिश की जा रही है। इससे पहले टुड़ीगंज और रघुनाथपुर रेलवे स्टेशन के बीच हुई। जहां 55 वर्षीय व्यक्ति की मौत हुई। इसके अलावा सोमवार की रात बरुना रेलवे स्टेशन पर एक व्यक्ति ट्रेन से कट गया था। जिसकी पहचान बक्सर नगर के बारी टोला निवासी प्रेम शंकर वर्मा (46) के रूप में हुई है। आगे बताया कि सभी मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।घटनाओं में अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज किया गया है और दो मृतकों की पहचान की कोशिश की जा रही है।

### 57.44 करोड़ से होगा आरओबी निर्माण





**डुमरांव।** डुमरांववासियों को नई सौगात मिली है। पिछले कई वर्षों से चली आ रही बहुप्रतीक्षित मांग पूरी होने वाली हैं। डुमरांव स्टेशन के पश्चिमी रेल फाटक पर आरओबी निर्माण का टेंडर बिहार राज्य सड़क निर्माण निगम ने जारी कर दिया है। टेंडर जारी होते ही स्थानीय लोगों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। यात्री कल्याण समितियों के साथ ही तमाम जनप्रतिनिधि भी इसके लिए लंबे समय से प्रयासरत थे। आरओबी की स्वीकृति मिलने के साथ ही यहां इसके निर्माण के लिए अग्रधन के रूप में पैसे भी स्वीकृत भी हो चुके थे। लेकिन टेंडर जारी न होने से स्थानीय लोगों में खासा रोष था। टेंडर जारी होते ही लोगों में एक नई ऊर्जा देखने को मिल रही है। विभाग की ओर से इस कार्य को पूरा करने के लिए दो वर्ष का समय दिया गया है। जारी टेंडर के अनुसार टेंडर को इनवाइट करने की नोटिस तिथि 25 सितंबर तय की गई थी जहां टेंडर अपलोड करने की तिथि 4 अक्टूबर से 3 नवंबर तक तय की गई है। निविदा के डॉक्यूमेंट को अपलोड करने की आखिरी तिथि 4 नवंबर तय की गई है। ईएमडी के ओरिजिनल इंस्ट्रूमेंट को सबमिट करने की आखिरी तिथि 5 नवंबर और स्थान बिहार राज्य सड़क निर्माण निगम लिमिटेड के हेडक्वार्टर ऑफिस में तय की गई है। वहीं इसी तिथि को हेडक्वार्टर ऑफिस में ही चयनित फर्म्स की घोषणा भी की जाएगी। डीपीआर के अनुसार पश्चिमी रेल फाटक 67 ए पर आरओबी निर्माण के 57,44,54,000 खर्च होंने है, जहां राज्यांश राशि 34,19,50,000 रुपयों की स्वीकृति मिली है। दो साल में पूरी होगी योजना राज्य एवं केंद्र सरकार के द्वारा कॉस्ट शेयरिंग के तहत प्रस्तावित डुमरांव आरओबी के निर्माण के लिए खर्च होने वाली राशि की प्रशासनिक स्वीकृति पूर्व में ही कैबिनेट की बैठक में दी गई थी। मई माह में आरओबी निर्माण के लिए यहां फाटक के दोनों तरफ मिट्टी जांच की प्रक्रिया पूर्ण की गई। मिट्टी जांच की प्रक्रिया पूरी कर एनआईटी दिल्ली में भेजी गई जहां से स्वीकृति मिलने के बाद टेंडर जारी किया गया है। स्थानीय स्टेशन पर रेलवे ब्रिज निर्माण हो जाने से आम यात्रियों कोआने-जाने में सहूलियत होगी। ओवरब्रिज नहीं होने के चलते आमयात्री जान जोखिम में डाल कर ट्रैक पार करते हैं। टेंडर की प्रक्रिया के बाद काम को पूरा करने के लिए 24 माह की अवधि निर्धारित की गई है। स्थानीय लोगों को परेशानी स्टेशन के फाटक पर आरओबी का बनना डुमरांव के विकास में एक निर्णायक भूमिका अदा करेगा। फाटक पर लंबे जाम के कारण प्रतिदिन यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। प्रतिदिन स्कूली बच्चों के साथ ही एंबुलेंस भी इस फाटक पर जाम में फंसी रहती है। डुमरांव शहर से पुराना भोजपुर जाने वालों को भी ट्रेनों के आवागमन के कारण बंद हुए रेलवे क्रॉसिंग पर प्रतीक्षा करना पड़ जाता है। क्योंकि जब तक ट्रेनें पार नहीं करती तब तक रेलवे गुमटी का लॉक बंद रहता है।

### करंट से किसान की मौत, खेत पटाने के लिए जा रहे थे

**आरा।** भोजपुर जिले के संदेश थाना क्षेत्र के धर्मपुर गांव स्थित बधार में बुधवार को करंट चपेट में आने से किसान की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मृतक संदेश थाना क्षेत्र के धर्मपुर गांव निवासी स्व. प्रभु शर्मा के 45 वर्षीय पुत्र निवास शर्मा हैं। जो पेशे से किसान थे। मृतक के छोटे भाई वीर बहादुर शर्मा ने बताया कि वह बधार में खेत पटाने गए थे। जहां बिजली का तार टूट कर पहले से गिरा था। परिजन ने सूचना सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी। सूचना पाकर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची। शव का पोस्टमॉर्टम करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने पांच बहन और दो भाई ने 5वें स्थान पर थे। उनके परिवार में पत्नी फूलकुमारी देवी व एक पुत्र विकास कुमार और एक पुत्री हिमांशु है। घटना के बाद मृतक की पत्नी फूलकुमारी देवी और परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# कॉल सेंटर से साइबर ठगी, 24 घंटे में 10 गिरफ्तारी

निज संवाददाता। भागलपुर

कॉल सेंटर से साइबर ठगी करने वाले गिरोह के एक और आरोपी की गिरफ्तारी हुई है। गिरफ्तार जीशान की निशानदेही पर पुलिस ने दुमका के हंसडीहा से एक आरोपी आदित्य कुमार को पकड़ा है। बुधवार को उसे गिरफ्तार कर भागलपुर लाया गया। पुलिस के अनुसार आदित्य ही जीशान अंसारी (राहुल गुप्ता बदला हुआ नाम) को सिम, बैंक खाता और पासबुक मुहैया कराता था। कस्टमर का पूरा डाटा भी आदित्य उपलब्ध कराता था। उसके पास दिल्ली से बैंक खाता, पासबुक और एटीएम आता था। इसी खाते में ठगी के पैसे मंगाए जाते थे। पुलिस को यह भी पता चला है कि नवादा का निखिल इस कॉल सेंटर का मास्टरमाइंड है। जीशान ठगी का सारा पैसा निखिल को भेजता था। बुधवार तक कुल 10 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कॉल सेंटर से एक रजिस्टर मिला है। जिसमें अलग-अलग राज्य के पीड़ित के डिटेल हैं।

**दुमका और बंगला में हुई थी छापेमारी:** साइबर पुलिस की टीम मंगलवार की देर रात ही राहुल गुप्ता की गिरफ्तारी के लिए दुमका छापेमारी करने गई थी। वहीं, दूसरी टीम बंगाल भी छापेमारी के लिए गई थी। गिरफ्तार आरोपियों में मास्टमाइंड बंगाल का रहने वाला राहुल गुप्ता उर्फ जीशान, महताब, मोजाहिदपुर के हुसैनपुर निवासी मो. छोटू, किराए पर मकान दिलाने वाला नाथनगर निवासी ललन और दुमका से गिरफ्तार सिम व बैंक खाता उपलब्ध करवाने वाले आरोपी समेत बंगाल की 6 युवतियां शामिल हैं। कॉल सेंटर में काम करने वाली भागलपुर के अलग-अलग इलाके की रहने वाली 11 युवतियों को पूछताछ के बाद मंगलवार की देर रात ही छोड़ दिया गया था। साइबर डीएसपी संजीव कुमार ने बताया कि आरोपी की निशानदेही पर छापेमारी कर गिरोह में शामिल कुछ अन्य को गिरफ्तार किया गया है।

**रजिस्टर में मिला है अलग-अलग राज्य के पीड़ित का डिटेल:** कॉल सेंटर से साइबर पुलिस को एक मोटा रजिस्टर मिला है। जिसमें ठगी का पुरा हिसाब-किताब लिखा हुआ है। पुलिस ने जब उसे जोड़ कर देखा तो पता चला है कि हर माह 50 लाख से अधिक की ठगी होती थी। रजिस्टर में ठगे जाने वाले सभी कस्टमर का पुरा डिटेल लिखा हुआ है। जैसे, कस्टमर का नाम, मोबाइल नंबर, पुरा एड्रेस, ठगने वाले एजेंट का नाम, ठगी की राशी का पुरा डिटेल।



**महिला डॉ. खुशबु से हुई थी ठगी:** गुरुग्राम की एक महिला डॉ. खुशबु से 50 हजार से अधिक की ठगी हुई थी। उसे ठग ने आईफोन गिफ्ट में देने झांसा देकर बोनस, जीएसटी समेत अन्य चार्ज के बहाने अलग-अलग किस्त में पैसे ठग लिए। इसी तरह रजिस्टर में सभी कस्टमर का डिटेल लिखा जाता था। हालांकि पुलिस का कहना है कि ठगी की राशि जो रजिस्टर में लिखी है वह काफी कम है। गुरुग्राम की डॉ. खुशबु से 50 हजार से अधिक की ठगी हुई। लेकिन रजिस्टर में पांच हजार ही लिखा है।

◆ **रजिस्टर में अलग-अलग राज्य के पीड़ितों का मिला ब्योरा, झारखंड में छापेमारी**

**इस तरह से होती थी ठगी:** अलग-अलग ऑनलाइल प्लेटफार्म से सामान की खरीदारी करने वाले लोगों को कॉल सेंटर से भागलपुर की लड़की कॉल करती थी। कॉल करने वाली लड़की खुद को कंपनी की कर्मचारी बताती थी। कस्टमर से पूछा जाता कि आपने जो सामान खरीदा है, उससे आप संतुष्ट हैं, आपका प्रोडक्ट अच्छा है या नहीं। कस्टमर के संतोषजनक जबाब दोने पर पूछा जाता था कि क्या आप फिर से प्रोडक्ट खरीदना चाहेंगे। आपको पहले की खरीदारी के लिए गिफ्ट दिया जा रहा है। गिफ्ट के लिए हां कहने पर जूनियर लड़की अपने सीनियर(बंगाल की लड़की) को कॉल ट्रांसफर कर देती थी। फिर सीनियर लड़की कस्टमर को कहती थी कि आपको गिफ्ट दिया जा रहा है। गिफ्ट के तौर पर आईफोन, टीवी समेत छह-सात आइटम बताया जाता था।

**नेटवर्क पूरे देश में होने की आशंका:** पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ में साइबर पुलिस को चौंकाने वाली जानकारी मिली है। इस गिरोह का नेटवर्क पूरे देश में फैले होने की बात कही जा रही है। आरोपी ने पुलिस को बताया कि भागलपुर में जैसा कॉल सेंटर पकड़ा गया है उस तरह के दो हजार से अधिक कॉल सेंटर पूरे देश में है। जहां से बैठ कर ठग लोगों का खाता खाली कर रहे है। साइबर थाना के एक इंस्पेक्टर ने बताया कि अब तक की जांच में टेरर फंडिंग व विदेश से कोई कनेक्शन की बात नहीं मिली है। हम लोग इस पर छानबीन कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### मुखिया ने 56 छात्र-छात्राओं के बीच किया साइकिल का वितरण






**प्रतिनिधि हरिहरगंज** : प्रखंड के खडगपुर स्तरोन्नत उच्च विद्यालय परिसर में सरकारी विद्यालय में पढ़ने वाले आठवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया. इस दौरान 34 छात्र तथा 22 छात्राओं के बीच मुखिया काजल कुमारी ने साइकिल वितरण किया. इस अवसर पर मुखिया ने उपस्थित छात्र-छात्राओं के साथ अभिभावक को संबोधित करते हुए कहा कि साइकिल मिलने से ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को अब आने-जाने में कोई परेशानी नहीं उठानी होगी. इससे बच्चे उत्साहित होंगे तथा शिक्षण कार्य में सुधार होगा. इस मौके पर प्रधानाध्यापक हरिद्वार प्रसाद सिंह, प्रबंधन समिति अध्यक्ष कृष्णा राम, शिक्षक दीपक कुमार, अंजू ठाकुर, अभिषेक चक्रवर्ती, रिंकू कुमार, रितिका कुमारी, राजकुमार रविदास, उत्तम पटेल के अलावे वार्ड सदस्य प्रतिमा कुमारी, रेशमा कुमारी सहित बड़ी संख्या में बच्चें, अभिभावक व शिक्षक मौजूद थे.

### डिस्लेक्सिया बीमारी को लेकर जागरूकता रैली निकली





**प्रतिनिधि हरिहरगंज:** पिपरा प्रखंड अंतर्गत प्रोजेक्ट धनमानी प्लस 2 उच्च विद्यालय वरदाग के शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने डिस्लेक्सिया पर आधारित रंगोली बनाकर तथा जागरूकता मौन रैली गुरुवार को निकाली गयी. रैली विद्यालय परिसर से निकलकर पिपरा बरदाग सहित आसपास के क्षेत्र में भ्रमण किया. विद्यालय के प्रधानाध्यापक रवि कुमार यादव, शिक्षक कुंदन कुमार ने कहा कि डिस्लेक्सिया एक प्रकार की बीमारी है, जिसमें अक्षरों एवं वर्तनी की पहचान सही से नहीं हो पाती है. विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा तख्ती में स्लोगन लिख कर इस जागरूकता अभियान का संदेश लोगों तक पहुंचाया गया. मौके पर विद्यालय के शिक्षक सत्येंद्र शर्मा, ब्रह्मदेव यादव, अजय कुमार, अजीत कुमार, मिनी कुमारी, पंकज मणि तिवारी, ललन राम, यश आर्या ,अमित कुमार, राजेश सिंह समेत छात्र छात्राएं शामिल थे.

### बकाया चुकाए बिना कुलपति बन गए संजय, टीएमबीयू ने भी दी क्लीन चिट

**भागलपुर**। डॉ. संजय चौधरी टीएमबीयू के टीएनबी कॉलेज से लिया गया 11 लाख 45 हजार 200 रुपए वापस किए बिना ही एलएनएमयू के कुलपति बन गए। यह राशि उन्हें टीएनबी कॉलेज का प्राचार्य रहते ली थी और एलएनएमयू का कुलपति बनने से उन्हें इसे टीएमबीयू को लौटा देनी चाहिए थी। उन्होंने तो ऐसा नहीं ही किया, टीएमबीयू के कुलपति प्रो. जवाहर लाल ने भी इसमें उनका सहयोग किया। जब डॉ. चौधरी को राजभवन ने कुलपति के लिए शॉर्ट लिस्ट किया तो टीएमबीयू से उनकी परफॉर्मेंस रिपोर्ट मांगी थी। जवाहर लाल ने रिपोर्ट में डॉ. चौधरी के बीएन कॉलेज का प्राचार्य रहते बैंक से राशि निकासी में गड़बड़ी के आरोप में उनका तबादला एमएएम कॉलेज नवगछिया हो जाने और टीएमबीयू के ही दो और कॉलेज में वित्तीय गड़बड़ी के आरोपी रहने का जिक्र तो किया लेकिन 11.45 लाख बकाए की बात नहीं बताई। अब इस अग्रिम राशि का खुलासा टीएमबीयू के वित्त पदाधिकारी ब्रज किशोर प्रसाद के उस पत्र से हुआ है जो उन्होंने डॉ. चौधरी को भेजा है। पत्र में कहा गया है कि यह राशि डॉ. चौधरी ने ली थी। वे इसका समायोजन कर प्राप्ति रसीद लें। अन्यथा वसूली कर्मियों से कर ली जाएगी।

### राजस्थान में मारपीट में घायल भ्रमरपुर के मजदूर की मौत

**नारायणपुर**। राजस्थान के अनूपगढ़ में मारपीट में घायल भ्रमरपुर गांव निवासी मजदूर संजीव कुमार, पिता जदू साह की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक के भतीजा सुचित कुमार ने अनूपगढ़ के त धानमंडी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। आवेदन में कहा है कि मधेपुरा जिला के मनोहर यादव और दो अन्य लड़के बीते रविवार की रात धानमंडी में लड़ाई कर रहा था। संजीव बीच-बचाव करने गया तो सभी ने मिलकर उसकी पिटाई कर दी। संजीव के रिश्तेदार सचिन, ललित, सुजीत वहां पहुंचे तो उनके साथ भी मारपीट की। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया। गंभीर अवस्था में संजीव को बीकानेर हेल्थ सेंटर रेफर कर दिया गया, जहां उसकी मौत हो गई। घटना में शामिल मानिकचंद, धर्मेंद्र कुमार, सुजीत कुमार को धानमंडी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। संजीव की शादी 3 वर्ष पहले मुंगेर के टीकापट्टी निवासी रूपम कुमारी से हुई थी।

### फसल उत्पादन को समन्वित पोषक तत्व प्रबंधन अपनाने की जरूरत

**भागलपुर**। बीएयू सबौर में 28वीं शोध परिषद (रबी 2024-25) की दो दिवसीय बैठक बुधवार को संपन्न हुई। इसमें जोन 2 एडीआर अगवानपुर, सहरसा ने कोसी क्षेत्र के किसानों की समस्याओं को रखा। साथ ही उनसे संबंधित शोध कार्यो के लिए वैज्ञानिकों को निर्देश देने की बात कही। जोन 2 ए के प्राचार्य डॉ. एसएन राय ने क्षेत्रीय अनुसंधान और प्रसार को आगे बढ़ाते हुए गेहूं की समस्या और मक्का पकने के समय में दो-तीन धारी काला पड़ जाने की समस्या को प्रमुखता से रखकर शोध कराने की बात कही। जोन-3 बी के क्षेत्रीय निदेशक एआरआई पटना के डॉ. रणधीर कुमार ने तिल से छिलका उतारने के लिए मशीनों की जरूरत बताई। चीना के प्रसंस्करण की मशीन मंगाने का आग्रह किया।

## प्रिंसिपल की पत्नी-बेटे ने खाया जहर, महिला की मौत

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर के धरहरा प्रखंड की दशरथ बारीचक गांव में बुधवार की देर शाम एक महिला व उसके बेटे ने जहर खा लिया। महिला की साल 2004 में शादी हुई थी। इनके पति प्रधानाचार्य के पद पर कार्यरत है। मृतका के परिजनों ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए मारपीट का आरोप लगाया है। परिजनों ने आनन-फानन में दोनों को धरहरा के सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में भर्ती कराया। दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्तपताल रेफर कर दिया है। यहां देर रात इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई है। बेटा खतरे से बाहर है। मामले की जानकारी मिलने के बाद गुरुवार की सुबह कोतवाली थाना की पुलिस सदर अस्पताल पहुंची। परिजनों से पूछताछ के बाद मामला दर्ज करते हुए महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जाता है कि मृतका सरिता कुमारी की शादी 2004 में छोटी दौलतपुर जमालपुर निवासी मिथलेश मिश्रा के बेटे राजीव मिश्रा से हुई थी। राजीव मिश्रा राधा कृष्ण संस्कृत विद्यालय जमालपुर के प्रधानाचार्य के पद पर कार्यरत है। परिजनों के अनुसार महिला को सुसराल वाले शादी के बाद से ही दहेज को लेकर प्रताड़ित व मारपीट करते थे। इसको लेकर महिला ने फौजदारी और फैमली कोर्ट में मामला अपने पति सहित सुसराल वालों के खिलाफ दायर किया था। दिसंबर 2023 में महिला अपने तीन बच्चे अनुराग, आयुष और आदर्श के साथ अपने मायके बारीचक गांव चली आयी और वहीं रहने लगी।

## ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में हुए ब्लास्ट में मुंगेर का चंदन घायल

निज संवाददाता। मुंगेर

जबलपुर की ऑर्डिनेंस फैक्ट्री खमरिया (OFK) में मंगलवार को बम फिलिंग के दौरान भीषण ब्लास्ट हो गया। इसमें दो कर्मचारियों की मौत हो गई। जबकि 10 से ज्यादा लोग झुलस गए है। दो की हालत नाजुक है। सूत्रों के मुताबिक हादसे में एलेक्जेंडर टोप्पो ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि रणवीर कुमार की मौत अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई। बताया जा रहा है कि एलेक्जेंडर टोप्पो का शव सेक्शन के आसपास 9 हिस्सों में मिला है। श्यामलाल ठाकुर और मुंगेर निवासी चंदन कुमार की हालत गंभीर है। उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ब्लास्ट फैक्ट्री के एफ-6 सेक्शन की बिल्डिंग नंबर 200 में हुआ था। घायलों में कुमार गौरव, सुनील कुमार, उमेश मौर्य, प्रवीण दत्ता, कृष्ण पाल, एसके मंडल और रामजी शामिल हैं। बम फिलिंग के दौरान ब्लास्ट हुआ। जानकारी के मुताबिक फैक्ट्री के एफ-6 सेक्शन में बम फिलिंग का काम चल रहा था। इसी दौरान हाइड्रोलिक सिस्टम में अचानक ब्लास्ट हो गया।



**मुंगेर का रहने वाला है चंदन:** बताया जाता है चंदन कुमार मुंगेर जिला अंतर्गत शामपुर थाना क्षेत्र के लोहची नाकी गांव निवासी रेलकर्मी ब्रह्मदेव शाह के 30 साल के बेटे है। वह जबलपुर के ऑर्डिनेंस फैक्ट्री खमरिया (OFK) में 2016 से नौकरी कर रहे है। ब्लास्ट के दौरान चंदन कुमार के सिर में गहरी चोट लगने के कारण वह गंभीर रूप से घायल है। इसके बाद उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां स्थित गंभीर बनी हुई है। चंदन का बड़ा भाई घनश्याम भी ऑर्डिनेंस फैक्ट्री खमरिया (OFK) में चंदन से पहले ही नौकरी कर रहा है। इसके बाद जब उन्हें इस बात की जानकारी लगी तो उन्होंने अपने पिता सहित अन्य परिजनों को दी।

**रेल कारखाना में पिता करते है काम:** चंदन के भाई डीजे संचालक सूरज कुमार ने बताया कि जब भाई के घायल होने की जानकारी लगी तो पिता जबलपुर के लिए रवाना हो गए। परिजनों ने बताया कि चंदन की शादी साल 2019 में हुई है। एक साल पहले पत्नी पूजा कुमारी, डेढ़ साल की बेटी मिष्टी कुमारी और एक साल का बेटा सत्यम को अपने साथ लेकर जबलपुर गया था। वहां सरकारी क्वार्टर में अपने परिवार के साथ रहते था। जबकि उसका बड़ा भाई भी जबलपुर में घर बनाकर अपने परिजनों के साथ रह रहा है। चंदन चार भाइयों में तीसरे नंबर पर है। चंदन की मां प्रीती देवी ने कहा कि उसे चार बेटे और एक बेटी है। इसमें चंदन तीसरे नंबर पर है। उनका दो बेटा घनश्याम ओर चंदन कुमार जबलपुर की ऑर्डिनेंस फैक्ट्री खमरिया (OFK) में कार्यरत है। इसके अलावा एक बेटा राजस्थान में बिजली विभाग में कर्मी है। जबकि छोटा बेटा गांव में रहकर ही डीजे संचालन का काम करता है।

## पत्नी ने प्रोफेसर पति को यूनिवर्सिटी में घुसकर मारा

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर की तिलका मांझी यूनिवर्सिटी में बुधवार को एक प्रोफेसर और उनकी पत्नी के बीच जमकर विवाद हुआ था। पत्नी ने यूनिवर्सिटी में ही प्रोफेसर पति की पिटाई कर दी थी। अब इस मामले में कुलपति ने जांच कमेटी गठित करने की बात कही है। दरअसल, बुधवार को यूनिवर्सिटी में फिजिक्स के प्रोफेसर डॉ. सुदेश जायसवाल को पत्नी साधना जायसवाल ने डिपार्टमेंट से बाहर खींचकर पीटा था। उन्होंने प्रोफेसर पर अवैध संबंध, बिना बताए फ्लैट बेचने और दो साल से घर का खर्च नहीं देने के आरोप लगाए थे। हंगामे के दौरान प्रोफेसर सुदेश ने मौके पर मौजूद शिक्षकों, कर्मियों और मीडिया के लोगों से अपने फटे हुए कपड़े दिखाते हुए कहा कि मेरी पत्नी मेरे साथ घर में अक्सर ऐसा ही करती हैं। इसीलिए उन्होंने तलाक की अर्जी दी है।'



**पत्नी बोलीं- पति ने मुझे बिना बताए फ्लैट बेच दिया:** प्रोफेसर की पत्नी का कहना है कि, 'मैंने गहने बेचकर घर खरीदने के लिए पैसे दिए थे। पति ने चुपके से घर बेचकर मुझे बेघर कर दिया। कितने में फ्लैट बेचा, सारा पैसा कहां गया? यह झूठ बोलता है कि कोर्ट में तलाक का केस चल रहा है। सिर्फ मुझे प्रताड़ित और मामले को लटकाने के लिए इसने केस किया है। एक बार भी कार्रवाई के दौरान वह नहीं आया। मैं इस उम्र में फ्लैट छोड़ कर कहां जाऊंगी' साधना कुमारी ने कुछ ही दिन पहले पति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। बाद में उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि शिक्षक ने टीएमबीयू में अपनी सर्विस बुक से उनका नाम हटा दिया है।

**लोन चुकाने के लिए फ्लैट बेचा:** इस मामले में डॉ. सुदेश ने कहा कि 'पत्नी हमेशा मेरे साथ ऐसा ही करती हैं। मैंने, बैंक का 20 लाख लोन चुकाने के लिए फ्लैट बेचा। मैं खुद किराए के मकान में रह रहा हूं।' 'पत्नी साधना जायसवाल को भी आनंदगढ़ कॉलोनी में दो कमरे का मकान किराए पर दिलाया है। इसके 6 महीने का किराया एकमुश्त देने को तैयार हूं। जब तक कोर्ट से तलाक का फैसला नहीं हो जाता है, तब तक खर्च देने को भी तैयार हैं। जो भी लेन-देन किया है, उसका प्रमाण है।' 'यह सब अपनी पैतृक संपत्ति से किया है। सर्विस बुक से नाम हटाने की बात गलत है। यह साजिश है। पत्नी अवैध संबंध का प्रमाण दें। नहीं तो मानहानि का केस भी कर सकते हैं।

बिहार सरकार

**कार्यालय जिला पदाधिकारी एवं समाहर्त्ता, औरंगाबाद**

**(जिला शस्त्र शाखा)**

**आम सूचना**

घरेलू उद्योग को नुकसान पहुँचाने एवं विदेशी मूल के अतिशबाजी प्रकृति में खराब होने के कारण सार्वजनिक सुरक्षा एवं स्वास्थ पर पड़ रहे खराब असर के मद्देनजर सरकार के अपर सचिव, गृह विभाग, बिहार पटना के पत्र संख्या–8109, दिनांक–01.12.2015 एवं सरकार के उप सचिव, गृह विभाग, विशेष शाखा, बिहार पटना के पत्र संख्या–5909, दिनांक–17.06.2016 तथा विस्फोटक नियंत्रक, पटना के पत्र संख्या–**DM/Gen/FW/2016,** दिनांक–01.09.2016 के आलोक में **Explosive Rule** 2008 की धारा 84 के तहत पटाखा बेचने वाले सभी व्यापारियों को अनुज्ञप्तिधारक होना आवश्यक है। अस्थायी अनुज्ञप्ति निर्गत किये जाने हेतु निम्न व्यवस्था निर्धारित करते हुए इच्छुक पटाखा विक्रेताओं से आवेदन आमंत्रित किया जाता है:–

1 Explosive Rule 2008 की धारा 84 के तहत 100 के0जी0 तक पटाखा बेचने एवं रखने हेतु अधिकतम 30 दिनों के लिए अस्थायी अनुज्ञप्ति LE -5 में प्रदत की जायेगी।
2 अस्थायी अनुज्ञप्ति हेतु आवेदन प्रपत्र– AE -5 में एवं उसके साथ निर्धारित अनुज्ञप्ति शुल्क मो0–600/–(छः सौ) रूपये का कोषागार चलान की मूल प्रति के साथ संबंधित अनुमंडल (औरंगाबाद/दाउदनगर) कार्यालय में दिनांक–25.10.2024 से 28.10.2024 के बीच प्रत्येक कार्य दिवस में 10:00 बजे पूर्वाह्न से 05:00 बजे अपराह्न तक जमा लिया जायेगा।
3 आवेदन प्रपत्र के साथ विहित प्रपत्र में पटाखा बिक्री केन्द्र/स्थल के संबंध में संबंधित थानाध्यक्ष से अनापति प्रमाण पत्र प्राप्त कर संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4 सम्प्रति विदेशी/चाईनीज पटाखा की खरीद–बिक्री पर रोक है। फलतः विदेशी/चाईनीज पटाखा बेचने वाले दुकानदारों एवं व्यक्तियों के विरूद्व कठोर कार्रवाई की जायेगी।
5 सुरक्षा के दृष्टिकोण से एक दुकान से दुसरे दूकान की दूरी कम से कम 15 मीटर रखा जाना अनिवार्य है।
6 पटाखा बेचने वाल दुकानदार पटाखा के नजदीक किसी प्रकार का ज्वलनशील पदार्थ, इलेक्ट्रॉनिक लाईट एवं बिजली का खुली तार का उपयोग नही करेंगे।
7 बिना अनुज्ञप्ति के चोरी–छिपे विस्फोटक पदार्थ (पटाखा) बेचने एवं रखने वाले व्यक्तियों एवं दुकानदारों को चिन्हित कर विस्फोटक सामाग्रियॉ जप्त करते हुए उन पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी।
8 सुरक्षा के दृष्टि से पटाखा के दुकान में अग्निशमन यंत्र, बालू की बाल्टी इत्यादि अग्नि से बचाव के लिए लगाना अनिवार्य होगा।

**जिला दण्डाधिकारी,**
**औरंगाबाद**

**PR. No. 011304 (District) 2024-25**

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

## स्नातक सेमेस्टर-2 की परीक्षा, 22 केंद्रों पर 40 हजार परीक्षार्थी होंगे शामिल

निज संवाददाता। भागलपुर

टीएमबीयू में स्नातक सत्र 2023-27 सेमेस्टर-टू की परीक्षा 22 केंद्रों पर गुरुवार से शुरू होगी। इसमें करीब 40 हजार विद्यार्थी शामिल होंगे। परीक्षा नियंत्रक डॉ. कृष्ण कुमार ने कहा कि सभी केंद्रों पर कॉपी व प्रश्न पत्र भेज दिया गया है। केंद्रों पर किसी प्रकार की गड़बड़ी नहीं हो इसे लेकर भागलपुर व बांका के जिला प्रशासन और नवगछिया के एसडीओ को पत्र लिखा है। कहा कि सभी केंद्राधीक्षकों को निर्देश दिया गया है कि नियमानुसार ही परीक्षा आयोजित करें। किसी प्रकार की गड़बड़ी की शिकायत मिलती है तो इसकी जिम्मेदारी कॉलेज की होगी। परीक्षा दो पाली में आयोजित की जाएगी।।

**TMBU के PG हॉस्टल शुल्क में बदलाव:** भागलपुर में TMBU के PG हॉस्टल शुल्क में बदलाव हुआ है। पीजी हॉस्टल में रहने वाले छात्रों के लिए आवासन शुल्क का नया नियम विश्वविद्यालय प्रशासन ने जारी कर दिया है। अब छात्रों को हॉस्टल में नामांकन की तिथि से लेकर परीक्षा समाप्ति के अगले 7 दिनों तक अवसान शुल्क देना होगा। कुलपति, प्रो. जवाहरलाल ने कमेटी के अनुशंसा पर आदेश जारी कर इस नियम को लागू किया है। प्रभारी रजिस्टर, डॉक्टर संजय झा ने इसको लेकर सभी पीजी हॉस्टल के अधीक्षक व गार्डन को पत्र से सूचना भी भेज दी है। मालूम हो कि छात्रों ने आवासन शुल्क को लेकर हंगामा किया था। एक सप्ताह पहले की यह घटना है जब पीजी हॉस्टल में रहने वाले छात्र-छात्राओं ने आवासन शुल्क को 2 साल का लिए जाने पर विश्वविद्यालय में जमकर हंगामा किया था।




**कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, लातेहार**
**(निर्वाचन शाखा)**

**आम सूचना**

लातेहार जिला के सभी मतदाता/राजनीतिकदल एवं बी0एल0ओ0 कृपया ध्यान दें

1. विधान सभा आम चुनाव 2024 के क्रम में मतदाता सूची में दर्ज आपकी विवरणी के अनुरूप मतदाता पर्ची एवं पर्चीरजिस्टरले कर संबंधित मतदान केन्द्र के बी0एल0ओ0 आप के घर तक आयेंगें एवं आपको पर्ची उपलब्ध करायेंगे। मतदाता सूचना पर्ची का वितरण दिनांक 30.10.2024 से 08.11.2024 तक की जायेगी।
2. संबंधित वोटर अपना वोटर पर्ची प्राप्त करते हुए बी0एल0ओ0 के पास उपलब्ध पर्चीर जिस्टर पर अपना पूर्ण हस्ताक्षर करेंगे।
3. आप सभी मतदाताओं से अपील है कि अपने बी0एल0ओ0 से मतदाता सूचना पर्ची अवश्य प्राप्त करलें, ताकि मतदान के दिन अपने मतदान केन्द्र एवं वोटर विवरणी के लिए परेशान न होना पड़े।
4. यदि किसी परिवार का कोई सदस्य एक–दोदिन के लिए बाहर गया है तो परिवार के मुखिया (माता/पिता) उसका वोटर पर्ची प्राप्त करेंगे, लेकिन पर्चीरजिस्टर पर अपने हस्ताक्षर के साथ वोटर से संबंध का भी उल्लेख करेंगे।

नोट :–
- **सभी राजनीतिक दलों के अभ्यर्थियों/कार्यकर्त्ताओं से अपील है कि मतदाता सूचना पर्ची के संदर्भ में आमलोगों को भी अपने स्तर से जानकारी देंगे।**
- **सभी बी0एल0ओ0 को निदेशित किया जाता है कि, निर्धारित अवधि के बीच शत् प्रतिशत मतदाताओं को पर्ची उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे एवं इसके एव जमें पर्चीरजिस्टर में हस्ताक्षर प्राप्त करेंगे।**

मतदाता पर्ची वितरण में शिकायत हो तो जिला मुख्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम 06565–247981 एवं मतदाता सहायता केन्द्र के टॉलफ्री नंबर– 1950 में फोन कर शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, लातेहार

**PR 339487 Election(24-25)#D**

# हरित नौका योजना से नदियों को परंपरागत पेट्रो कैमिकल से बचाने की कवायद तेज



**पटना, एजेंसी।** अब बिहार की नदियों और जलाशयों में सीएनजी (कंप्रेस्ड नेचुरल गैस) और सोलर ऊर्जा से नाव चलेगी। हरित नौका योजना से नदियों को परंपरागत पेट्रो कैमिकल से बचाने की कवायद तेज हो गई है। इसको लेकर भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) ने बिहार सरकार को मंत्रालय के निर्देश की याद दिलाई है। दरअसल, सागरमाला परियोजना के अधीन वर्तमान नौकाओं को हरित इंजन में तब्दील किए जाने की तैयारी शुरू हो गई है। कुछ माह पहले ही पतन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय (एमओपीएसएंडडब्ल्यू) ने राज्य सरकार को योजना की जानकारी दी थी और कहा था कि जितनी नौकाएं डीजल इंजन पर चल रही हैं। उन्हें सीएनजी या सोलर में तब्दील करते हुए परिचालन कराएं।

पेट्रो कैमिकल के उपयोग से नदी का पानी प्रदूषित हो रहा है। डीजल इंजन चलने से निकले धुआं से भी जलीय जीवों पर खतरा मंडराता रहा है। अब मुख्य सचिव ने परिवहन विभाग को हरित योजना को सफल कराने का जिम्मा दिया है। इसको लेकर सभी डीएम को निर्देश दिया गया है कि वे अपने जिले में डीजल इंजन से चल रही नौकाओं का आंकड़ा भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण को अविलंब उपलब्ध कराएं।

### हरित नौका योजना को समझें

जलमार्ग मंत्रालय ने इसी साल चार जनवरी को हरित नौका योजना को लेकर राज्यों को दिशा निर्देश जारी किया था। इसमें 2047 तक देश में हरित वाहनों की बहुलता के उद्देश्य से छह माह के अंदर लक्ष्यों की पूर्ति के लिए कार्ययोजना तैयार करने को कहा है। वर्ष 2030 तक जलमार्ग आधारित यात्री परिवहन के वर्तमान स्तर से कार्बन तीव्रता को 30 प्रतिशत और 2047 तक 70 प्रतिशत कम करना है। कार्बन तीव्रता कम होने के बाद नदियों में वायु प्रदूषण की मात्रा काफी कम हो जाएगी।

### सोलर नौका के परिचालन से मुख्य दो फायदे

हरित हाइड्रोजन यानी सीएनजी से चलने वाली यह नौका शून्य कार्बन उत्सर्जन करती है और शोर किए बगैर चलती है। जलवायु परिवर्तन में यह कारगर साबित होगा। वैश्विक तापवृद्धि का असर कम करने में मदद मिलेगी। जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने वाली गतिविधियों के साथ-साथ वित्तीय सहायता प्रदान करता है। बैटरी, सोलर या सीएनजी से नौका में लगी इंजन के चलने से न शोर होगा और न वातावरण धुआं आदि से प्रदूषित होंगी।



**वायरल बुखार में नया लक्षण:**

## कुछ मरीजों के घुटनों में तेज दर्द हो रहा... यह लेम फीवर

**पटना, एजेंसी।** मौसम में बदलाव के बाद अधिकांश घरों में सर्दी-बुखार से हर आयु वर्ग के लोग पीड़ित हो रहे हैं। अधिकतर बच्चे व किशोर इसकी चपेट में हैं। लक्षण के आधार पर इनकी डेंगू और चिकनगुनिया की जांच कराई जा रही है। कुछ मरीजों को बुखार के साथ घुटने में असहनीय दर्द की शिकायत हो रही है। चिकित्सक इसे लेम फीवर (लंगड़ा बुखार) बता रहे हैं। इसमें बुखार के साथ जोड़ों, मुख्य रूप से घुटने में असहनीय दर्द होता है। मरीज को खड़ा होने और चलने में दिक्कत आ रही है। विशेषज्ञ इसे सेल्फ लिमिटिंग बीमारी बता रहे हैं। पीएमसीएच के वरीय फिजिशियन डॉ. बीके चौधरी ने बताया कि दो से तीन दिन में लेम फीवर के लक्षण खुद खत्म हो जा रहे हैं। जिससे मरीज की स्थिति गंभीर नहीं हो रही है। किसी-किसी को यह दर्द लंबा हो रहा है। रिसर्च के मुताबिक फास्ट फूड का अधिक सेवन करने वाले लोग लेम फीवर से ज्यादा पीड़ित हो रहे हैं। लेम फीवर को वायरल की श्रेणी में रखा गया है। वायरल बुखार से पीड़ित हर चार में एक व्यक्ति लेम फीवर से पीड़ित मिल रहा है। बुखार होने पर चिकित्सक डेंगू, चिकनगुनिया, टायफाइड की जांच करा रहे हैं। तीनों रिपोर्ट निगेटिव आने पर लेम फीवर मानकर इलाज किया जा रहा है। मरीज दो-तीन दिन में ठीक हो जा रहे हैं। हालांकि स्वस्थ होने के बाद भी घुटने में हल्का दर्द रह रहा है।

**संक्षिप्त समाचार**

## राज्य के 233 डिफॉल्टर पैक्सों को नोटिस

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** धान खरीद के नाम पर पिछले साल सरकार से राशि उठाने वाले सूबे के 255 पैक्सों में 233 पैक्स डिफॉल्टर साबित हुए हैं। इन पैक्सों ने धान खरीद के नाम पर बैंक से सरकारी राशि की निकासी तो की, लेकिन उस धान के बदले एसएफसी को चावल की आपूर्ति नहीं की। सरकार के 58.31 करोड़ रुपये गटकने वाले इन 233 पैक्सों पर कार्रवाई को लेकर विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। सहकारिता विभाग के सचिव धर्मेंद्र सिंह ने अब संबंधित 33 जिलों के सहकारिता पदाधिकारी को कार्रवाई का आदेश दिया।

## रिटायर्ड बैंक कर्मी से 50 हजार का फ्रॉड

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** माड़ीपुर के रिटायर्ड बैंक मैनेजर सुशील कुमार से साइबर शातिरों ने 50 हजार रुपये की ठगी कर ली है। उन्होंने काजी मोहम्मदपुर थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस को बताया है कि मकान किराए पर देने को लेकर ऑनलाइन ऐड देखकर शातिरों ने कॉल की। मकान का एडवांस किराया देने का झांसा देकर 50 हजार रुपये की ठगी कर ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मुजफ्फर होकर जाएगी सहरसा-अमृतसर फेस्टिवल एक्सप्रेस

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** वरीय संवाददाता त्योहार की भीड़ को देखते हुए सहरसा से मुजफ्फरपुर होकर अमृतसर के लिए फेस्टिवल स्पेशल एक्सप्रेस का परिचालन होगा। इसके तहत 29 अक्टूबर व 3 नवंबर को अमृतसर जंक्शन से सहरसा के लिए फेस्टिवल स्पेशल एक्सप्रेस (नंबर 04662) खुलेगी। सहरसा से 31 अक्टूबर व 5 नवंबर को फेस्टिवल स्पेशल एक्सप्रेस (नंबर 04661) अमृतसर के लिए खुलेगी।

## मुकबाले में बेहतर प्रदर्शन करने वाली छात्रा को मिला प्रशस्ति पत्र

**गया, एजेंसी।** शेरघाटी के योगापुर मिडिल स्कूल में आठवीं कक्षा में पढ़ने वाली मजदूर परिवार की बेटी स्वीटी कुमारी को शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय कला और खेल उत्सव में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रशस्ति पत्र दिया गया है। स्वीटी को रंगोली निर्माण मुकाबले में शामिल किया गया था। पटना से शेरघाटी लौटने के बाद बुधवार को स्कूल में विद्यालय के प्राचार्य दिग्विजय सिंह ने प्रशस्ति पत्र सौंपा। हेडमास्टर ने बताया कि विद्यालय की ओर से छात्रा को एक स्कूल ड्रेस भी देने का निर्णय लिया गया है। उन्होने बताया कि स्वीटी योगापुर गांव की रहने वाली है। उसके पिता मजदूरी करते हैं, जबकि माता गृहिणी हैं। जिलास्तर पर हुए खेल मुकाबले में स्वीटी के प्रदर्शन को सराहना मिली थी और उसे राज्य स्तरीय मुकाबले के लिए चुना गया था।

## दस साल में भी नहीं बदली इमामगंज की सूरत : अभय कुशवाहा

**गया, एजेंसी।** इमामगंज विधानसभा क्षेत्र से उपचुनाव में आरजेडी प्रत्याशी रौशन मांझी को टिकट मिलने के बाद बुधवार को औरंगाबाद के सांसद अभय कुशवाहा ने इमामगंज में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। सांसद ने कहा कि दस साल, एक दशक होता है। एक दशक में देश और दुनिया की सूरत बदल जाती है, लेकिन दस साल राज करने के बाद भी इमामगंज का विकास नहीं हुआ। विकास का पैमान नहीं हैं। इस क्षेत्र की जनता विकास के लिए चिल्ला रही है, लेकिन उनकी बात को कोई नहीं रहा। उन्होंने आरजेडी के प्रत्याशी रौशन मांझी को जीत दिलाने की अपील करते हुए कहा कि इस बार एक मौका दें। आपको समस्या बतानी नहीं पड़ेगी। रौशन मांझी को हर गांव की समस्या की जानकारी है।

## अररिया गंगा-जमुना की तहजीब वाली जगह, तेजस्वी यादव का बयान दुखद सांसद प्रदीप कुमार सिंह



**अररिया, एजेंसी।** सांसद प्रदीप कुमार सिंह के दिए बयान पर अररिया में बुधवार को हंगामा हुआ। उस पर सांसद ने बुधवार की रात 10 बजे के करीब संवाददाता सम्मेलन आयोजित किया। इसमें अपनी प्रतिक्रिया देते हुए सभी लोगों से अपील की है और कहा है कि अररिया गंगा-जमुना तहजीब वाली जगह है। यहां पर सभी लोग मिलजुल कर रहते हैं। प्रदीप कुमार सिंह ने कहा है कि मैं सभी लोगों का सांसद हूं, चाहे वह हिंदू हो या मुसलमान हो। मैं सभी का सांसद हूं। लेकिन राजनीति के तहत इस तरह से माहौल बनाया जा रहा है, जो काफी दुखद है। उन्होंने सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग भाईचारा के साथ रहे। यह हम सबका अररिया है।

### तेजस्वी यादव का ईंट से ईंट बजाने वाला बयान दुखद

सांसद ने तेजस्वी यादव के बयान पर भी अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि तेजस्वी यादव ने जिस प्रकार से कहा कि ईंट से ईंट बजा देंगे, ये दुखद बयान है। उन्होंने कहा कि अगर मैंने गलत बयान दिया गया था, तो उसे बयान की जांच कर उचित कार्रवाई की बात कहनी चाहिए थी। लेकिन तेजस्वी यादव ने ऐसा नहीं कहा। उनसे मुझे प्रमाण पत्र की जरूरत नहीं है। जनता सब जानती है। यह जो विरोध दो दिनों से चल रहा है, वह जो हमारे विपक्षी है उनके पास कोई मुद्दा नहीं है। इसीलिए ऐसा मुसलमान वोट को बंद करने के लिए किया जा रहा है। क्योंकि मुसलमान का भी वोट हमको मिल जाता है। तो इस नाते उन्हें लगता है कि आने वाले दिनों में विधानसभा चुनाव है। झूठ बात फैला कर दुष्ट प्रचार कर भ्रम फैलाकर वोट की राजनीतिक करते हैं।

**हादसे में दो बहनें और एक भाई घायल**

## दो कार की आमने-सामने टक्कर, दंपती की मौत

### औरंगाबाद से पूरा परिवार लौट रहा था अपने गांव

**औरंगाबाद, एजेंसी।** औरंगाबाद में बुधवार की रात स्कॉर्पियो और स्विफ्ट डिजायर कार में आमने-सामने की टक्कर हो गई। स्विफ्ट में पति-पत्नी समेत एक ही परिवार के पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के दौरान दंपती की मौत हो गई। मृतकों में सिमरा थाना क्षेत्र के बैरांव गांव निवासी कुलदीप मेहता के 35 वर्षीय बेटे धीरज कुमार, 30 वर्षीय पत्नी ज्योति देवी हैं। घायलों में बेटी शिवन्या कुमारी (10), सुहानी कुमारी (14) और बेटी आदित्य कुमार (9) शामिल है। बताया गया कि सभी औरंगाबाद से अपने घर बैरांव लौट रहे थे। एनएच-139 औरंगाबाद-हरिहरगंज मुख्य पथ के रिसियप थाना क्षेत्र के घेउरा मोड़ के पास घटना हुई।

### हादसे के बाद कार सड़क किनारे पलटी

हादसे के कार सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना डायल-112 की पुलिस को दी गई। टीम पहुंची और सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया।



डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद धीरज, ज्योति और शिवन्या को हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही कुटुंबा प्रखंड प्रमुख धर्मेंद्र कुमार चंद्रवंशी, जदयू जिला महासचिव धर्मेंद्र वर्मा, रतनपुर पैक्स अध्यक्ष मुकेश कुशवाहा, मौर्य आर्मी संगठन के संयोजक विकास मेहता समेत अन्य लोग सदर अस्पताल पहुंचे और सभी घायलों का हाल-चाल जाना।

# धान खरीद के लिए 31 अक्टूबर तक पैक्सों और समितियों का चयन



**पटना, एजेंसी।** राज्य में धान खरीद एक नवंबर से शुरू हो जाएगा। इसको लेकर सभी जिला सहकारिता पदाधिकारी को 31 अक्टूबर तक पैक्सो और समितियों का चयन करने का निर्देश दिया गया है। सभी जिला के डीएम को धान खरीद के लिए टास्क फोर्स का गठन करने को कहा गया है। इस साल राज्य में 45 लाख मीट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य रखा गया है। एक नंवबर से कोसी, पूर्णियां, तिरहुत, दरभंगा और सारण प्रमंडलों में धान की खरीद शुरू हो जाएगी। अन्य जिलों में 15 नवंबर से धान की खरीद शुरू होगी। किसानों को डीबीटी के माध्यम से धान खरीद का पैसा मिलेगा। साधारण धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 रुपए प्रति क्विंटल है वहीं ए ग्रेड धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2320 रुपए प्रति क्विंटल है। धान खरीद के लिए किसानों को संबंधित वेबसाइट पर जाकर निबंधन कराना होगा। रैयत किसानों से 250 क्विंटल धान की खरीद होगी। गैर रैयत किसानों से अधिकतम 100 क्विंटल धान खरीद होगी। धान खरीद में शामिल होने वाले मीलों को 31 अक्टूबर तक ऑनलाइन निबंधन कराना होगा। धान खरीद के लिए पैक्सो को शुरू में 20 प्रतिशत कैश क्रेडिट उपलब्ध कराया जाएगा। इसके बाद आवश्यकता अनुसार 40 से 60 प्रतिशत कैश क्रेडिट दिया जाएगा। सहकारिता विभाग इस साल भी धान का सीएमआर कराकर जीपीएस युक्त वाहनों के माध्यम से बिहार राज्य खाद्य निगम में चावल उपलब्ध कराएगा। डीएम डॉ. चंद्रशेखर ने कहा कि 15 नवम्बर से 15 फरवरी 2025 तक धान खरीद होगी।

## बिहार अग्निशमन कर्मियों के लिए नया ड्रेस कोड लागू



**पटना, एजेंसी।** बिहार अग्निशमन कर्मियों के लिए नए ड्रेसकोड लागू किया गया है। इसमें उनके पहचान पत्र से लेकर विभाग के प्रतीक चिह्न के बारे में संकल्प जारी किया गया है। इसमें ड्रेस, बैंच, कैप, साइन के बारे में बिहार सरकार के अवर सचिव किरण माला पंवरिया ने संकल्प जारी किया है। इसके अनुसार अग्निशमन सेवा के पदाधिकारी एवं कर्मचारी को विभागीय पहचान के रुप में सीने पर बैच लगाना होगा। बैच पर अंग्रेजी में बीएफसी और हिंदी में बिअसे लिखा होगा। इसके साथ ही सभी कर्मियों की वर्दी खाकी कलर में होगी। नेम प्लेट के ऊपर बहादुरी का प्रतीक चिन्ह माल्टीज क्रांस का बैच लगेगा। अधिकारी और कर्मचारियों का बेल्ट और कैप एक तरह का होगा। कर्मियों को हाथ पर बिल्ला लगेगाा। इसमें बाएं हाथ पर फायर फाइटर या फायर ड्राइवर अंग्रेजी में लिखा होगाा। जबकि दाएं हाथ हिंदी में अग्निक या अग्निक चालक का बैच लगाना होगा। अधिकारी और कर्मचारियों को पहचान पत्र दिया जाएगा। इसमें आईडी नंबर लिखा होगा। अग्निशमन कर्मियों को प्रतीक चिन्ह बिहार पुलिस की तरह होगा। इसका बैकग्राउंड लाल कलर में होगा। उसपर विभागीय स्लोगन त्राणाय सेवा महे और बरगद का पेड़ का चित्र अंकित रहेगा। इसका कल गोल्डन होगा।

# ढाई लाख के दो इनामी पटना सिटी से गिरफ्तार

## एसटीएफ ने छोटी पहाड़ी के पास पकड़ा

**पटना, एजेंसी।** हत्या, रंगदारी, गोलीबारी समेत एक दर्जन केस में फरार चल रहे कुख्यात अपराधी मो. चांद उर्फ मो. आफताब और अभिषेक मेहता उर्फ अभिषेक वर्मा को एसटीएफ ने गिरफ्तार कर लिया। पटना सिटी इलाके में छोटी पहाड़ी के पास घेराबंदी कर दोनों को पकड़ा। उनके पास से दो देसी पिस्तौल, दो देसी रिवॉल्वर, 27 जिंदा कारतूस और 10 हजार कैश बरामद किया गया। चांद पर 2 लाख और अभिषेक मेहता पर 50 हजार का का इनाम घोषित था। अभिषेक अगमकुआं



थाना इलाका, जबकि चांद सुल्तानगंज थाने के महेंद्र का रहने वाला है।

**हत्या, रंगदारी और गोलीबारी के एक दर्जन केस के आरोपी :** तीन महीने से एसटीएफ दोनों को तलाश रही थी। इन दोनों पर खाजेकलां, सुल्तानगंज, आलमगंज, चौक समेत कई थानों में हत्या, रंगदारी और गोलीबारी के एक दर्जन केस दर्ज हैं। जब पटना पुलिस दोनों को गिरफ्तार नहीं कर सकी तो एसटीएफ को जिम्मा दिया। सितंबर में चांद पर 2 लाख का इनाम घोषित किया गया था। अभिषेक पर पहले से ही 50 हजार का इनाम घोषित है।

**एक दिन पहले ही डॉक्टर से मांगी थी 5 लाख की रंगदारी :** एसटीएफ चांद और अभिषेक का एक महीने से पीछा कर रही थी। इसी बीच चांद और अभिषेक ने पटना के चौक थाना इलाके में स्थित कुमार डेंटल क्लिनिक के डॉक्टर से 5 लाख की रंगदारी मांगी थी। रंगदारी की रकम नहीं देने पर हत्या करने की भी धमकी दी थी। केस दर्ज होने के बाद एसटीएफ ने उसके नंबर का लोकेशन लेना शुरू किया। उसके बाद दोनों की घेराबंदी की गई और स्थानीय पुलिस की मदद से गिरफ्तार किया गया। इन दोनों पर आरोप है कि 2 जनवरी 2024 को खाजेकलां थाना इलाके में सोनू उर्फ छोटू उर्फ जोकर की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

**बार-बार ठिकाना बदल रहा था चांद :** चांद मूल रूप से सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के महेंद्रू का रहने वाला है। पहले वह इसी पते पर रहता था। फिर वहां से फुलवारीशरीफ में रहने लगा। उसके बाद वह पटना सिटी में भी अलग-अलग ठिकानों में रहने लगा। पुलिस ने उसे वर्ष 2011 में जेल भेजा था। जमानत पर छूटने के बाद वह फिर से अपराध करने लगा। चांद के साथ रहकर अपराध करने वाला अभिषेक भी बार-बार ठिकाना बदल रहा था, पर अपराध करते वक्त साथ रहता था।

## महिला की हत्या मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**दरभंगा, एजेंसी।** थाना क्षेत्र की महथौर पंचायत के पुतई गांव के परती टोला निवासी स्व रंजीत दास की पत्नी समोला देवी की हुई निर्मम हत्या में पुलिस ने एक आरोपी महेश्वर दास को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया है। साथ ही घटना में उपयोग किए गए एक दबिया भी पुलिस ने बरामद किया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार ने बताया कि इस संबंध में मृतका की माता नेहरा थाना क्षेत्र के पैठान कबई गांव निवासी स्व अमीर दास की पत्नी महोखिया देवी के आवेदन पर थाना में कांड सख्या-195/24 दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। आवेदन में महेश्वर दास, सिंहेश्वर दास, सविता देवी , घुरनी देवी , राम सुंदरी देवी एवं मुनेश्वर दास को अभियुक्त बनाया गया है। इसमें एक आरोपी महेश्वर दास को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया गया है। शेष पांच आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।इस घटना के बाद सभी आरोपी फरार हैं।

ज्ञात हो कि मृतका की माता महोखिया देवी ने 22 अक्टूबर की देर रात मनीगाछी थाना में आवेदन देकर अपनी पुत्री के हत्यारे को गिरफ्तार करने कु गुहार लगायी है।अपने आवेदन में उन्होंने बताया है कि हमारी पुत्री के गांव पुतई के ही महेश्वर दास पूर्व की आपसी विवाद को लेकर हमेशा बुरी नजर से देखता था। 22 अक्टूबर को जब मेरी पुत्री बकरी चराने गई तो महेश्वर दास पीछे से गया और मेरी पुत्री से छेड़खानी करने लगा। विरोध करने पर मेरी पुत्री के साथ मारपीट किया और अपने परिवार के लोगों को बुला लिया। उनके बुलाने पर सिंहेश्वर दास,सविता देवी,घुरनी देवी, रामसुनरी देवी एवं भुनेश्वर दास घटना स्थल पर दबिया, टेंगारी,हंसुआ आदि लेकर आए और सभी मिलकर मेरी पुत्री की निर्मम हत्या कर फेंक दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### अमरप्रीत सिंह काले बने भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता

**रांची।** भाजपा ने अमरप्रीत सिंह काले को प्रदेश प्रवक्ता मनोनीत किया है. प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के निर्देश पर अमरप्रीत सिंह काले को प्रदेश प्रवक्ता बनाया गया है. जारी आदेश में कहा गया है कि अमप्रीत को नई जिम्मेवारी मिलने से संगठन और अधिक मजबूत होगा.

### कुष्ठ कॉलोनी में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**रांची।** यंग मेन्स क्रिश्चियन एसोसिएशन (वाईएमसीए), रांची की ओर से बुधवार को निर्मला कुष्ठ कॉलोनी में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें पारस अस्पताल के डॉ जॉनसन बागे ने 60 मरीजों को देखा और दवा दी। मौके पर वाईएमसीए के महासचिव चोन्हस कुजूर, रजनी एक्का, सुमन भेंगरा, मुमताज कुरैशी, रेणुका तिर्की, जितनी खलखो, मो मिनहाज सहित अन्य मौजूद थे।

### चक्रधरपुर : विधानसभा सीट से झामुमो का सस्पेंस खत्म, विधायक सुखराम को मिला टिकट

**चाईबासा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा ने विधानसभा चुनाव के लिए तीसरी सूची जारी कर दी है. इसके साथ ही चक्रधरपुर विधानसभा सीट का सस्पेंस खत्म हो गया है. तीसरी सूची में चक्रधरपुर विधानसभा के विधायक सुखराम उरांव का नाम जारी किया गया है. झामुमो ने सुखराम उरांव को टिकट दिया है. बुधवार देर रात तक सस्पेंस बना हुआ था कि झारखंड मुक्ति मोर्चा का टिकट चक्रधरपुर विधानसभा में किसे मिलेगी. लेकिन अंतिम समय में सस्पेंस दूर कर दिया गया.आखिरकार वर्तमान विधायक सुखराम उरांव पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रदेश कार्यालय की ओर से मुहर लगा दी गई है. मालूम हो कि अंतिम समय में ही टिकट की घोषणा की गई. इससे लोगों में चर्चा है कि आखिर पश्चिमी सिंहभूम का जिला अध्यक्ष होने के बावजूद भी टिकट देने की इतनी देर से क्यों घोषणा की गई. इधर, टिकट मिलने की सूचना मिलते ही झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं में हर्ष है.

### विकास के नाम पर पर्यावरण संतुलन प्रभावित न हो: मार्शल केरकेट्टा

**रांची।** गोस्सनर एंवेजिकल लूथरन चर्च छोटानागपुर-असम की ओर से जीईएल चर्च के पास्टर्स रिफ्रेशर कोर्स का आयोजन बुधवार को हुआ। इसमें कई राज्यों से डायसिस के पुरोहित-बिशप शामिल हुए। कार्यक्रम में चर्च के प्रमुख मॉडरेटर मार्शल केरकेट्टा ने कहा, पास्टर को संसाधन के रूप में सुसज्जित होना है। आध्यात्मिक जीवन, जमीन और समाज को बचाने में एक पादरी की अहम भूमिका होती है। आज लोगों का आध्यात्मिक जीवन बिगड़ रहा है। पेड़-पौधे, खनिज संपदा, जीव-जंतु का दोहन हो रहा है। विकास के नाम पर पर्यावरण का संतुलन प्रभावित हो रहा है। इनका संरक्षण बहुत जरूरी है। पादरी जॉर्ज शांतिएल केरकेट्टा ने एक पुरोहित की भूमिका-उत्तरदायित्व पर प्रकाश डाला। पादरी सोसिरिता कंडुलना और पादरी एलिस सुरीन ने कलीसिया में महिला पादरियों की सेवकाई पर अपने विचार रखे। जीईएल चर्च के महासचिव ईश्वरदत्त कंडुलना ने चर्च संविधान पर चर्चा की ।डिप्टी मॉडरेटर एमपी विलुंग, बिशप सीमांत तिर्की, रेव्ह निरल बागे, रेव्ह अमित लकड़ा, विमल होरो, रेव्ह अमृत भेंगरा, रेव्ह सलीम आइंद, रेव्ह एजे भेंगरा, अनूप इंदवार सहित कई पुरोहित मौजूद थे।

### अवैध बालू लदे 2 हाइवा जब्त, एफआईआर दर्ज

**धनबाद।** धनबाद की डीसी माधवी मिश्रा के निर्देश पर जिले में खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध जिला प्रशासन का अभियान जारी है. जिला खनन टास्क फोर्स ने मंगलवार की रात बलियापुर व सरायढेला थाना क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए अवैध बालू लदे 2 हाइवा जब्त किया. खान निरीक्षक बिनोद बिहारी प्रमाणिक ने बताया कि जांच के क्रम में बलियापुर थाना क्षेत्र से हाइवा संख्या जेएच10सीयू- 9341 को व सरायढेला थाना से हाइवा संख्या जेएच10बीएल-1282 को पकड़ा गया. चालकों के पास बालू का चालान नहीं था. दोनों हाइवा को संबंधित थाना को सुपुर्द कर प्राथमिकी दर्ज की गई है. छापेमारी में बसंत उरांव, विजय करमाली, सुमित प्रसाद व सशस्त्र पुलिस बल के जवान शामिल थे.

# हुसैनाबाद को वीरों के नाम पर जिला बनाने का वादा, हिमंता बिस्वा सरमा का चुनावी एलान



**पलामू।** झारखंड विधानसभा चुनाव में हुसैनाबाद सीट से भाजपा उम्मीदवार कमलेश सिंह के नामांकन कार्यक्रम के दौरान बुधवार को असम के मुख्यमंत्री और चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने एक बड़ा एलान किया। उन्होंने कहा कि यदि झारखंड में भाजपा की सरकार बनती है, तो हुसैनाबाद को जिला बनाया जाएगा। हालांकि, इस जिले का नाम हुसैनाबाद नहीं, बल्कि वीरों के नाम पर रखा जाएगा, जिसमें राम और कृष्ण का उल्लेख किया गया।

हुसैनाबाद अनुमंडल मैदान में आयोजित जनसभा में सरमा ने झारखंड में बढ़ती जनसांख्यिकी परिवर्तन और घुसपैठ पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि झारखंड में एनआरसी लागू होना चाहिए और घुसपैठियों को भगाया जाना चाहिए। असम का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड की डेमोग्राफी भी उसी दिशा में बदल रही है, और इसे रोकने के लिए का3

नूनी कदम उठाए जाएंगे।

सरमा ने राज्य की मौजूदा सरकार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर निशाना साधते हुए कहा कि हेमंत ने अपने चुनावी वादों को पूरा नहीं किया है। उन्होंने सोने के सिक्के देने के वादे का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि सोरेन सरकार ने युवाओं को नौकरी देने और विकास कार्यों में विफलता दिखाई है। पेपर लीक जैसे मुद्दों पर सरमा ने कहा कि बीजेपी की सरकार बनने पर दोषियों को जेल भेजा जाएगा और राज्य में पारदर्शी व्यवस्था लागू की जाएगी।

भाजपा उम्मीदवार कमलेश सिंह ने भी अपने संबोधन में राज्य की सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि हेमंत सोरेन ने केवल अपने परिवार का विकास किया है, जबकि राज्य के लोगों की समस्याओं को नजरअंदाज किया गया। सिंह ने हेमंत सरकार की बालू किल्लत के चलते विकास कार्यों के ठप पड़ने का मुद्दा उठाया और कहा कि हुसैनाबाद के जपला क्षेत्र में कभी सीमेंट फैक्ट्री हुआ करती थी, जो अब बंजर भूमि बन चुकी है।

कमलेश सिंह ने यह भी आरोप लगाया कि हेमंत सोरेन ने जपला को जिला बनाने का वादा किया था, लेकिन वह केवल आश्वासन देते रहे और कुछ नहीं किया। उन्होंने झारखंड में बेरोजगारी, ठप पड़े विकास कार्यों और वादाखिलाफी के मुद्दे उठाते हुए हुसैनाबाद की जनता से समर्थन की अपील की।

मौके पर यूपी के मंत्री दयाशंकर सिंह,जिलाध्यक्ष अमित तिवारी,हुसैनाबाद चुनाव प्रभारी जवाहर पासवान, रामप्रवेश सिंह, अशोक सिंह एवं रविन्द्र सिंह सहित कई नेता व प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सुप्रीम कोर्ट पहुंचे मधु कोड़ा, चुनाव लड़ने की अनुमति मांगी



**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता मधु कोड़ा ने दिल्ली हाईकोर्ट के उस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है, जिसमें उन्हें चुनाव लड़ने की अनुमति देने से इनकार कर दिया गया था. हाईकोर्ट से याचिका खारिज होने के बाद मधु कोड़ा के चुनाव लड़ने के सपने पर पानी फिर गया है. इसके बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है. उनकी याचिका पर सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस आर महादेवन की बेंच सुनवाई करेगी.

दिल्ली हाईकोर्ट की एकल पीठ ने मधु कोड़ा की याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि याचिकाकर्ता केवल इस आधार पर फैसले पर रोक लगाना चाहता है कि वह चुनाव लड़ सके, जो उचित नहीं है. प्रथम दृष्टया यही लगता है कि वह इस मामले में दोषी हैं, इसलिए निचली अदालत के फैसले पर रोक लगाने का कोई ठोस कारण नहीं है. बता दें कि निचली अदालत ने पूर्व मुख्यमंत्री कोड़ा, पूर्व कोयला सचिव, राज्य के पूर्व मुख्य सचिव ए.के. बसु और मधु कोड़ा के सहयोगियों को कोयला घोटाले में दोषी ठहराया था. सभी को कोर्ट ने तीन साल की सजा सुनाई थी और सजा के साथ आरोपी पर जुर्माना भी लगाया गया था.

## गुवा खदान में जॉब कांट्रेक्ट प्रथा लागू हुआ तो 15 दिनों बाद होगा आंदोलन : रामा पांडेय



**चाईबासा।** सेल की गुवा खदान प्रबंधन गुवा खदान में गोपनीय तरीके से जॉब कांट्रेक्ट प्रथा लागू करना चाह रही है. इसका जमकर विरोध किया जायेगा. यह बात झारखंड मजदूर संघर्ष संघ के केन्द्रीय अध्यक्ष रामा पांडेय ने गुवा स्थित अपने यूनियन कार्यालय में सप्लाई मजदूरों के साथ वार्ता के दौरान कही. उन्होंने कहा कि जॉब कांट्रेक्ट प्रथा लागू होने से सप्लाई मजदूरों के रोजगार की गारंटी नहीं रहेगी. ठेकेदार का कांट्रेक्ट खत्म होने के बाद मजदूरों को काम से हटा दिया जायेगा. इसके अलावे मजदूरों को मिल रही चिकित्सा, आवास आदि अनेक प्रकार की सुविधाओं से वंचित होना पड़ेगा. बतौर सप्लाई मजदूर के रूप में मजदूरों को रोजगार की गारंटी वर्षों से रहती आ रही है और आगे भी रहेगी. इसमें ठेकेदार बदल जाती है, लेकिन सप्लाई मजदूर वहीं काम करता रहता है. साथ ही तमाम प्रकार की सुविधाएं सप्लाई मजदूरों को मिलती है.

रामा पांडेय ने कहा कि सप्लाई मजदूरों को समान काम का समान वेतन सेलकर्मियों के वेतन के अनुसार नहीं दिया जा रहा है. प्रबंधन ने मेघालया गेस्ट हाउस में त्रिपक्षीय वार्ता के दौरान प्रबंधन ने इसे लागू करने की बात कही थी. इसके अलावे सेल की खदानों में बायोमेट्रिक हाजिरी का पूरा विरोध करती है. हमारी यूनियन की किरीबुरु इकाई ने इसके खिलाफ शिकायत किया है. जब तक फैसला नहीं आ जाता है तब तक प्रबंधन को इस दिशा में कोई प्रयास नहीं करना चाहिये. सेल की किरीबुरु प्रबंधन बायोमेट्रिक मशीन लगा चुकी है और वह एक नवम्बर से चालू करना चाह रही है जो अनुचित है. अगर प्रबंधन हमारी मांगों को पूरा नहीं करती, जॉब कांट्रेक्ट को वापस नहीं लेती है तो 15 दिनों बाद आंदोलन किया जायेगा.

### सुनील यादव के घर पर ईडी का छापा, राजमहल विस से लड़ेंगे निर्दलीय चुनाव

**रांची।** साहिबगंज जिले के राजमहल विधानसभा सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले जिला परिषद उपाध्यक्ष सुनील यादव के घर पर ईडी ने छापेमारी की है. ईडी की टीम गुरुवार की सुबह सुनील यादव के घर पर उनके भाई दाहू यादव की तलाश में रेड मारी है. हालांकि ईडी को सुनील यादव के घर पर दाहू यादव नहीं मिला. गौरतलब है कि जिला परिषद उपाध्यक्ष सुनील यादव आज (24 अक्टूबर) राजमहल में एसडीओ के समक्ष बतौर निर्दलीय प्रत्याशी अपना नामांकन पर्चा दाखिल करेंगे.साहिबगंज के शोभनपुर भट्ठा गांव का रहने वाला दाहू यादव करीब एक हजार करोड़ के अवैध खनन घोटाला मामले का आरोपी है. इस मामले में ईडी ने दाहू यादव और अन्य के खिलाफ पहली बार 8 जुलाई 2022 को छापेमारी की थी. इस दौरान एजेंसी ने साहिबगंज, राजमहल, बड़हरवा, मिर्जाचौकी और बरहेट में 18 ठिकानों पर दबिश दी थी. छापेमारी के दौरान ईडी ने 5.37 करोड़ कैश और बैंक खातों में जमा 11.88 करोड़ जब्त किये थे. इसके अलावा ईडी ने 30 करोड़ रुपये की कीमत का एक मालवाहक पानी जहाज भी जब्त किया था।

## लोकतंत्र और संविधान को खत्म करना चाहती है भाजपा: तेजस्वी यादव



**चतरा।** भारतीय जनता पार्टी लोकतंत्र की हत्या करना चाहती है। जीत के लिए बीजेपी हिंदू मुस्लिम करती है। बिहार और झारखंड को लेकर पार्टी के इरादे नेक नहीं है। यह सिर्फ तोड़ने का काम करती है। यह बातें बिहार विधानसभा प्रतिपक्ष के नेता व पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कही। वे चतरा सदर थाना मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। वे राजद प्रत्याशी रश्मि प्रकाश के नामांकन सभा में पहुंचे थे।

तेजस्वी ने कहा कि भाजपा के लोग विधायकों की खरीद-फरोख्त करते हैं। हम नौकरी, शिक्षा व बेरोजगारी की बात करते हैं तो वे हिंदू-मुस्लिम की बात करने लगते हैं। तेजस्वी यादव ने कहा कि यदि श्रम मंत्री सत्यानन्द भोक्ता से गलती हुई है तो तेजस्वी यादव माफी मांगने का काम करता है। कोई नाराजगी मत रखियेगा ये लड़ाई बड़ी लड़ाई है। चतरा, झारखण्ड के साथ साथ संविधान, लोकतंत्र, गंगा यमुनी तहजीब को बचाने की लड़ाई है। इसलिए आप सबों को एक होकर लड़ाई लड़ना है।

तेजस्वी ने कहा कि झारखण्ड और बिहार दोनों जगह साजिश चल रहा है। भाजपा के लोग बड़े बईमान लोग हैं। जनता इन लोगों का सरकार नहीं लाती है तो सोचते हैं कि विधायक को ही खरीद लें। झारखण्ड में इन्होंने क्या किया किसी से नहीं छिपा है। विधायकों को खरीदने की कोशिश की गई। साजिश रच कर हेमन्त सोरेन को जेल भेजने का काम किया ताकि भाजपा झारखण्ड में सरकार बना सके। बिहार में भी साजिश चला। मेरे ऊपर, मुकदमा, ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स सबको पीछे लगाया। हमलोग तो वहां की सरकार को गिरा दिए थे।

तेजस्वी ने कहा कि यहां के विधायकों को खरीदने का प्रयास किया गया लेकिन कोई काम नहीं आया। मेरे चाचा जो हैं भाजपा वालों ने मुख्यमंत्री को हाईजेक कर लिया। बीजेपी लोकतंत्र को खत्म करना चाहती है। हमारे देश के संविधान को खत्म करना चाहता है। सामाजिक न्याय की सरकार चाहिए। झारखंड के राजद कोटे से एकलौते मंत्री सत्यानन्द भोक्ता ने अपने सम्बोधन के दौरान लोजपा प्रत्याशी पर कई गम्भीर आरोप लगाते हुए कहा कि वह कई हत्यायों का आरोपी ही। निचली अदालत में सजा सुना दी है। हाई कोर्ट में स्टे लगा हुआ है। यह भूमि राजद की है और यहां से राजद ही जीतेगी।

## छल-कपट करने वाले नेताओं के बहकावे में नहीं आएं- शत्रुघ्न महतो



**धनबाद।** बाघमारा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार शत्रुघ्न महतो ने अपना जनसम्पर्क अभियान तेज कर दिया है. उन्होंने बुधवार को बाघमारा प्रखंड के भंडारीडीह, छाताबाद नंबर 4 , कतरास बाजार, लिलोरी स्थान, सिंदुआरटांड, लुतीपहाड़ी पंचायत के बाघमारा बस्ती आदि जगहों पर जनसंम्पर्क करते हुए आम जनों से मुलाकात की. जगह-जगह नुक्कड़ सभाओं को भी संबोधित किया. उन्होंने कहा कि बाघमारा विधानसभा में भाजपा ने विकास का जो रथ खींचा है वो इस चुनाव के बाद भी चलता रहेगा. जनता छल-कपट करने वाले नेताओं के बहकावे में नहीं आए. कहा कि सिर्फ बाघमारा ही नहीं, पूरे झारखंड में भाजपा जीत का झंडा गाड़ने वाली है. उन्होंने लोगों से भाजपा के पक्ष में वोट करने की अपील करते हुए कहा कि राज्य में शांति स्थापित करने एवं सम्पूर्ण विकास के लिए भाजपा की सरकार बनाएं. राज्य भर में जो अराजकता एवं असुरक्षा की स्थिति पैदा हुई है उससे झारखंड को निकालने की जरूरत है.

इस बीच सांसद ढुल्लू महतो ने शत्रुघ्न महतो के चिटाही स्थित आवासीय परिसर में नए कार्यालय का उद्घाटन किया. उन्होंने कहा कि आम जनों की सुविधा के लिए कार्यालय को तैयार किया गया है. यहां क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सुनकर समाधान की दिशा में पहल की जाएगी.

## युवती की हत्या कर शव झाड़ी में फेंका, दुष्कर्म की आशंका

**रांची।** नामकुम थाना अंतर्गत खरसीदाग ओपी क्षेत्र के डुंगरी चापा टोली स्थित चारदीवारी के अंदर झाड़ी से पुलिस ने बुधवार की देर शाम युवती का शव बरामद किया है. युवती की चारदीवारी के अंदर बने कमरे में हत्या कर शव झाड़ी में फेंका गया है. युवती के सिर और चहरे पर चोट के गंभीर निशान हैं. देखने से प्रतीत होता है कि पत्थर से कुचलकर युवती की बेरहमी से हत्या की गई है. युवती के बाएं हाथ पर सूरज लिखा (गोदना) हुआ है.बुधवार की शाम चार बजे शव होने की सूचना पुलिस को मिली. उसके बाद खरसीदाग ओपी प्रभारी और तुपुदाना ओपी प्रभारी मौके पर पहुंचे. वहीं रात आठ बजे डीएसपी मुख्यालय प्रथम भी घटनास्थल पर पहुंचे एवं छानबीन की. घटनास्थल से पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त डंडा, महिला का हरा रंग का पर्स, पर्स से चार्जर एवं पलसर बाइक का नंबर प्लेट बरामद किया है. वहीं कमरे के फर्श और दीवारों पर खून के छीटें लगे हुए हैं. कमरें में कंबल, शराब एवं बीयर की बोतल गिरी हुई थी.आशंका जतायी जा रही है कि अपराधियों ने युवती के साथ पहले दुष्कर्म किया होगा और फिर बेरहमी से हत्या कर दी.

# रांची: युवक ने खुद रची थी अपने अपहरण की साजिश, पुलिस ने किया खुलासा



**रांची।** युवक ने खुद ही अपने अपहरण की साजिश रचकर दोस्तों के साथ शराब की पार्टी कर रहा था. एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर गठित पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए खुद की अपहरण की साजिश रचने वाले युवक आदर्श कुमार के अलावा शशांक, परमेश्वर गोप, कार्तिक धीबर, अनिल प्रसाद और गुड्डू कुमार को गिरफ्तार किया है. इनलोगों के पास से पुलिस ने बीस जिंदा कारतूस और आठ मोबाइल फोन बरामद किया है. लालपुर थाना में बुधवार की देर शाम एसएसपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी दी.

खुद रची थी अपहरण की साजिश

एसएसपी ने बताया कि साहेबगंज से एक व्यक्ति फोन आया था कि आदर्श कुमार जो उसका भगीना लगता है, उसका अपहरण कर लिया गया है. फिरौती के लिए पंद्रह लाख रुपये का मांग किया गया है. जिसके बाद पुलिस टीम का गठन किया गया. पुलिस टीम ने अपहत व्यक्ति को पीएन बोस कम्पाउण्ड के एक अपार्टमेन्ट से सकुशल बरामद कर लिया. गठित टीम के द्वारा जब पीएन बोस कम्पाउण्ड के अपार्टमेन्ट में छापा मारा गया तो टीम ने पाया कि अपहत व्यक्ति अपने दोस्तों के साथ मिलकर उस अपार्टमेन्ट में शराब पार्टी मना रहा था. नशे की हालत में मनगढंत रूप से अपने को अपहरण कर फिरौती के तौर पर पंद्रह लाख रुपये मांगे जाने की बात अपने मोबाईल से अपने मामा को बताया.

आदर्श कुमार के मोबाईल की जांच की गयी तो इसके मोबाईल से साईबर फ्रॉड किये जाने के कई प्रमाण मिले. इसके एक अन्य दोस्त विक्की वर्मा के मोबाईल में अवैध हथियार और कारतुस के फोटो मिलने पर इनसे सख्ती से पूछताछ की गयी तो इनके पास से 20 कारतूस बरामद किया गया. अपहरण की घटना झुठी साबित हुई. यह मामला साईबर अपराध और अवैध हथियार से संबंधित है.

## धनबाद : मधुबन में अधिवक्ता के कार्यालय व मुर्गी फार्म पर बम-गोली से हमला, दहशत



**धनबाद।** धनबाद जिले के मधुबन थाना क्षेत्र की खरखरी बस्ती में रहने वाले अधिवक्ता शेख खालिद के कार्यालय व शेख डब्लू के मुर्गी फार्म पर अपराधियों ने बुधवार की रात बम और गोली से हमला कर दिया. रात को करीब 8 बजे जब बीसीसीएल की लाइट कट गई, तब अंधेरे का फायदा उठाकर अपराधियों ने 6 बम फेंका और ताबड़तोड़ गोली चलाने लगे. दो बम तेज आवाज के साथ फट गए. विस्फोट की आवाज सुनकर बगल में रहने वाले शेख साहिद तुरंत मुर्गी फार्म की तरफ भगा और शेख खालिद, शेख डब्लू व ग्रामीणों को घटना की जानकारी दी. शेख खालिद ने मधुबन थाना को फोन कर सूचना दी. खबर मिलते ही थाना प्रभारी पिक्कू प्रसाद दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे. साथ ही महुदा थाना की पुलिस भी खरखरी बस्ती पहुंच कर चार जिंदा बम बरामद की है. बमों को पानी की बाल्टी में डालकर डिफ्यूज किया गया. पुलिस ने घटनास्थल से दो जिंदा कारतूस भी बरामद की है. ग्रामीणों का कहना है कि विस्फोट की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के लोग भयभीत हो गए.अधिवक्ता शेख खालिद ने बताया कि अपराधियों ने उनकी जान मारने या नुकसान पहुंचाने की नीयत से हमला किया है. मुर्गी फार्म और कार्यालय में सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ है, लेकिन लाइट कट जाने के कारण कैमरा बंद था, जिसका फायदा उठाकर अपराधियों ने वारदात को अंजाम दिया. समाचार लिखे जाने तक मधुबन व महुदा थाने की पुलिस घटनास्थल पर जमी हुई थी.

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों की बौखलाहट

जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में रविवार रात को आतंकवादियों ने जिस तरह से एक कंस्ट्रक्शन प्रॉजेक्ट में काम कर रहे लोगों को निशाना बनाया, वह कई लिहाज से गंभीर घटना है। इस हमले से न केवल आतंकवादियों की बौखलाहट का पता चलता है बल्कि उनकी बदली प्राथमिकताओं का भी अंदाजा मिलता है। पिछले कई वर्षों से सुरक्षा बलों की चौकसी के चलते जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी घटनाओं में आई कमी और आम जनजीवन पर उनके घटते असर से चिंतित आतंकी आकाओं ने आम चुनावों के दरम्यान अपनी सक्रियता बढ़ा दी। ऐसे इलाकों को चुना गया जहां सुरक्षा बलों की तैनाती कम और मुश्किल थी। टारगेटेड अटैक के जरिए बाहरी लोगों को निशाना बनाया गया ताकि उनमें घबराहट फैले और टूरिस्टों का आना कम हो। मगर ये तमाम चालें निष्फल साबित हुईं। चुनाव में बाधा डालने का उनका प्रयास भी नाकाम रहा। न केवल लोकसभा चुनाव बल्कि विधानसभा चुनाव भी शांतिपूर्वक संपन्न हुए। इतना ही नहीं, इनमें लोगों की भागीदारी के भी रेकॉर्ड बने। ऐसे में अब आतंकी तत्वों ने जम्मू-कश्मीर में निर्वाचित सरकार के गठित होते ही इस बड़े हमले को अंजाम देकर यह जताने का प्रयास किया है कि वे जनादेश के तहत बनी इस सरकार की राह में अड़ंगा डालने का हरसंभव प्रयास करते रहेंगे। गौर करने लायक बात है कि इस बार हमले के लिए श्रीनगर और सोनमर्ग के बीच बनाई जा रही जेड-मोड टनल का काम कर रहे लोगों को चुना गया। यह टनल न केवल जम्मू-कश्मीर के विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण है बल्कि रणनीतिक तौर पर भी खासी अहमियत रखता है। इसके निर्माण से श्रीनगर और करगिल के बीच निर्बाध संपर्क सुनिश्चित होगा और श्रीनगर व लेह के बीच की यात्रा में लगने वाला समय कम हो जाएगा। यही नहीं, इस टनल के जरिए टूरिस्टों के पसंदीदा शहर सोनमर्ग की हर मौसम में कनेक्टिविटी भी सुनिश्चित की जा सकेगी। जाहिर है, विदेशी जमीन पर बैठे आतंकवादी तत्वों ने इस एक हमले के जरिए कई उद्देश्य पूरे करने की कोशिश की है। लेकिन जैसा कि हमले के बाद आई प्रतिक्रियाओं से साफ है इस मसले पर पक्ष-विपक्ष पूरी तरह एकजुट है। सबसे बड़ी बात यह कि अब आतंक के खिलाफ उठे इन स्वरों में जम्मू-कश्मीर के लोगों की नुमाइंदगी कर रही आवाजें भी शामिल हैं।

# भ्रष्टाचार से कांग्रेस ने सबक नहीं सीखने की ठान ली!

(योगेंद्र योगी)

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया पर लोकायुक्त और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जांच की जा रही है। सिद्धारमैया और उनकी पत्नी बीएन पार्वती पर मैसूरु के विजयनगर क्षेत्र में 14 प्लॉट आवंटित किए गए प्लॉट को लेकर सवाल उठे थे। सिद्धारमैया की पत्नी ने प्लॉट लौटाने की पेशकश की थी। कांग्रेस ने भ्रष्टाचार के कारण देशभर में हुई बदनामी से सत्ता गंवाने के बावजूद सबक नहीं सीखा है। कांग्रेस के केंद्र और ज्यादातर राज्यों से सत्ता बाहर होने का एक प्रमुख कारण भ्रष्टाचार रहा है। इसके बावजूद कांग्रेस के नेता भ्रष्टाचार से दामन नहीं छुड़ा पाएं हैं। कर्नाटक कांग्रेस की सरकार के जमीनों में बंदरबांट इसका नया उदाहरण है। इसके चलते मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष मारी गौड़ा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उल्लेखनीय है कि उनका इस्तीफा ऐसे समय में आया है जब कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उनकी पत्नी बीएन पार्वती और उनके परिवार के अन्य सदस्यों के खिलाफ चल रहे भूमि घोटाले की जांच राज्य और केंद्रीय एजेंसियों द्वारा की जा रही है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया पर लोकायुक्त और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जांच की जा रही है। सिद्धारमैया और उनकी पत्नी बीएन पार्वती पर मैसूरु के विजयनगर क्षेत्र में 14 प्लॉट आवंटित किए गए प्लॉट को लेकर सवाल उठे थे। सिद्धारमैया की पत्नी ने प्लॉट लौटाने की पेशकश की थी। जिसे वापस लेने पर प्राधिकरण ने सहमति जताई। मुख्यमंत्री के जमीन आंवटन में हेराफेरी की जांच के बीच मल्लिकार्जुन खडगे़ ने कर्नाटक द्वारा आवंटित जमीन लौटा दी। यह विवाद मार्च 2024 में शुरू हुआ, जब कर्नाटक कांग्रेस सरकार ने राहुल खडगे़ की अध्यक्षता वाले सिद्धार्थ विहार ट्रस्ट को ज़मीन दी। विचाराधीन भूमि मल्लिकार्जुन खडगे़ के बेटे राहुल एम खडगे़ को कर्नाटक औद्योगिक क्षेत्र विकास बोर्ड (केआईएडीबी) द्वारा बगलूर में हाई-टेक डिफेंस एंड एयरोस्पेस पार्क के हार्डवेयर क्षेत्र में आवंटित की गई थी। कांग्रेस का शायद ही ऐसा कोई वरिष्ठ नेता होगा जिस पर भ्रष्टाचार के आरोप और मामले दर्ज नहीं किए गए हैं। पार्टी में कनिष्ठ से लेकर शीर्ष तक

> *कांग्रेस पर भ्रष्टाचार के आरोपों की फेहरिस्त काफी लंबी है। आश्चर्य की बात यह है कि लोकसभा और राज्यों के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने कभी भी भ्रष्टाचार को जड़ से उखाड़ने का वादा नहीं किया। यही वजह रही कि कांग्रेस इस मुद्दे पर भाजपा के निशाने पर रही है। प्रधानमंत्री मोदी भी कई भाषणों में कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के जमानत पर बाहर होने पर चुटकी भी लेते रहे हैं। संसद के बीते बजट सत्र के दौरान जब कांग्रेस नेता अधीर रंजन ने कहा था कि भ्रष्टाचार के मामले हैं।*

के नेताओं के खिलाफ गंभीर मामले चल रहे हैं। यहां तक कि पार्टी चलाने वालीं पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष सोनिया गांधी और उनके बेटे राहुल गांधी भी जमानत पर चल रहे हैं। भ्रष्टाचार के मामलों को देखें तो दिल्ली से लेकर हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और गुजरात से लेकर महाराष्ट्र तक के बड़े कांग्रेस नेता सीबीआई, इनकम टैक्स और ईडी जैसी एजेंसियों के निशाने पर हैं। हालांकि कांग्रेस अपने नेताओं पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों से इनकार करती रही है। पार्टी का कहना है कि बीजेपी की मोदी सरकार राजनीतिक बदले की भावना से कार्रवाई कर रही है। करोड़ों की एंबुलेंस खरीद में पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम के पुत्र कार्ति चिदम्बरम, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री ए.ए खान, श्वेता मंगल, शफी माथेर और निदेशक एन आर एच एम के विरूद्ध 2013 तक एनआरएचएम के तहत एंबुलेंस खरीदने में हुई धांधली का मामला दर्ज किया गया था। एंबुलेंस खरीदने के लिए जो टेंडर जारी किया गया, उसमें गड़बड़ी की गई थी। इस मामले में 31 जुलाई 2014 को जयपुर के अशोक नगर थाना पुलिस ने जयपुर नगर निगम के पूर्व मेयर पंकज जोशी की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। कर्नाटक में कांग्रेस के दिग्गज नेता डीके शिवकुमार के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति दर्ज करने का मामला चल रहा है। 2017 में इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने डीके शिवकुमार के 64 ठिकानों पर जबर्दस्त छापेमारी की थी। टैक्स चोरी की शिकायतों पर यह कार्रवाई हुई थी। उस दौरान डीके शिवकुमार व अन्य कांग्रेस नेताओं ने राजनीतिक बदले की भावना से कार्रवाई करने का आरोप लगाया था। इसी तरह वीरभद्र सिंह हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता वीरभद्र सिंह के खिलाफ भी केंद्रीय एजेंसियों ने जांच की। सितंबर 2015 में उनकी बेटी की शादी के दिन सीबीआई ने छापेमारी कर खलबली मचा दी थी। कांग्रेस की कार्यकारी अध्यक्ष सोनिया गांधी के राजनीतिक सचिव अहमद पटेल पर इतालवी चॉपर कंपनी अगस्ता वेस्टलैंड से कमीशन लेने के आरोपों की सीबीआई आदि केंद्रीय एजेंसियां जांच कर रही हैं। इस मामले में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ के भांजे रतुल पुरी भी फंसे हैं। यह मामला अगस्ता वेस्टलैंड कंपनी से 36 अरब रुपए के 12 वीआईपी हेलिकॉप्टर खरीदने थे से जुड़ा है। आरोप है कि कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया इस वीआईपी चॉपर खरीद के पीछे अहम भूमिका निभा रही थीं। बीजेपी के राज्यसभा सांसद सुब्रमण्यम स्वामी ने इस मामले को पिछली मोदी सरकार में उठाया था, जिसके बाद घमासान मचा था। नेशनल हेराल्ड केस-2011 में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, उनके बेटे राहुल गांधी और अन्य कांग्रेस नेता फंसे हैं। आरोप है कि कांग्रेस के पैसे से 1938 में एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड नाम की कंपनी खड़ी की गई, जो नेशनल हेराल्ड, नवजीवन और क़ौमी आवाज़ नामक तीन अखबारों का संचालन करती थी। एक अप्रैल 2008 को सभी अखबार बंद हो गए. इसके बाद कांग्रेस ने 26 फरवरी 2011 को इसकी 90 करोड़ रुपये की देनदारियों को अपने जिम्मे ले लिया था। मतलब पार्टी ने इसे 90 करोड़ का लोन दे दिया। इसके बाद 5 लाख रुपये से यंग इंडियन कंपनी बनाई गई, जिसमें सोनिया और राहुल की 38-38 फीसदी हिस्सेदारी है। बाद में घालमेल कर यंग इंडियन के कब्जे में एजेएल कंपनी को कर दिया गया। इसके बाद कांग्रेस पार्टी ने 90 करोड़ का लोन भी माफ कर दिया। यानी यंग इंडियन को एक प्रकार से मुफ्त में एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड नाम की कंपनी का मालिकाना हक मिल गया। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा पर लंदन में 12, ब्रायनस्टन स्क्वायर में एक संपत्ति की खरीद में मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप है, जिसकी अनुमानित कीमत 1.9 मिलियन पाउंड (17 करोड़ से अधिक) है। इस मामले की जांच मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत की जा रही है। इसके अलावा हरियाणा में हुड्डा की कांग्रेस सरकार के दौरान वाड्रा-डीएलएफ लैंड डील का बड़ा घोटाला उजागर हुआ था। रॉबर्ट वाड्रा की कंपनी स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी ने गुडग़ांव के मानेसर-शिकोहपुर में ओंकारेश्वर प्रॉपर्टीज से 7.5 करोड़ रुपये में करीब 3.5 एकड़ जमीन खरीदी थी। हुड्डा सरकार ने वाड्रा की कंपनी स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी को इस जमीन पर आवासीय परियोजना विकसित करने की स्वीकृति दी थी। मुश्किल से चार महीने में 700 प्रतिशत से ज्यादा का मुनाफा वाड्रा की कंपनी को होता है।

## आतंकियों को लेकर अमेरिका का दोहरा चरित्र

कनाडा के बाद अब अमेरिका ने भारत द्वारा घोषित एक आतंकी और खालिस्तान समर्थक को लेकर विवाद खड़ा करने की कोशिश की है। वहां की खुफिया एजंसी एफबीआइ ने गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने के आरोप में एक भारतीय नागरिक को अति वांछित घोषित किया है। इससे संबंधित एक सचित्र पोस्टर भी जारी कर दिया है। एफबीआइ ने उसे भारतीय खुफिया एजंसी 'रा' का एजंट बताया है। उसके खिलाफ न्यूयार्क की एक अदालत में मुकदमा भी दर्ज कराया गया है। हालांकि भारत सरकार ने एफबीआइ के इस आरोप का खंडन करते हुए कहा है कि वह व्यक्ति अब भारत सरकार का कर्मचारी नहीं है। कुछ समय पहले अमेरिका के सुरक्षा विभाग ने आरोप लगाया था कि दो भारतीय नागरिकों ने पन्नू की हत्या की साजिश रची थी, उसे मारने के लिए निशानेबाजों को पैसे भी दिए थे। इस संबंध में भारत और अमेरिका के सुरक्षा अधिकारियों की परस्पर बातचीत भी हुई, मगर अमेरिका अपने रुख पर अड़ा हुआ है कि इस तरह किसी दूसरे देश के नागरिक उसके देश में घुस कर उसी के नागरिक की हत्या की साजिश रचेंगे, तो यह अक्षम्य अपराध है। जिन दो भारतीय नागरिकों को साजिशकर्ता बताया गया है, उन पर मनी लांड्रिंग और गलत तरीके से धन की लेनदेन का भी मुकदमा दर्ज किया गया है। कनाडा का आरोप है कि उसके एक नागरिक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय खुफिया एजंसियों के लोग शामिल थे। यहां तक कि उसने कनाडा में भारतीय दूतावास के अधिकारियों को भी इस साजिश में शामिल बता दिया। इसे लेकर दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया और भारत ने कड़ा कदम उठाते हुए कनाडा से अपने सभी दूतों को वापस बुला लिया और कनाडा के दूतों को वापस भेज दिया। अब पन्नू मामले को तूल देकर एक तरह से अमेरिका कनाडा के साथ खड़ा हो गया है।

## सड़कों पर पसरता संकट

(शशि शेखर)

रोडरेज के ज्यादातर मामले तो पुलिस के रोजनामचों तक पहुंच ही नहीं पाते हैं। केवल गंभीर मामलों में ही रिपोर्ट दर्ज कराई जाती है। एक और बात। इस कॉलम के लिए रिसर्च करते वक्त मैंने पाया कि न केवल आंकड़े आधे-अधूरे हैं, बल्कि बेहतरीन शोधार्थियों की भी दृष्टि इस मुद्दे पर नहीं पड़ी है । कृपया इन पंक्तियों को गौर से पढ़िए। यह किसी पुलिस थाने के रोजनामचे में दर्ज एक हादसा भर नहीं है। यह समय का वह दस्तावेज है, जो हमारी और आपकी जिंदगी में नई दुर्भाग्य-गाथा लिख रहा है। वाकया देश की राजधानी का है। वहां हर्ष विहार इलाके में दो भाई रामलीला देखने गए थे। चारों ओर भीड़ थी। लोग खरामा-खरामा अपने गंतव्य की ओर बढ़ रहे थे। हिमांशु और अंकुर भी उन्हीं में थे। वे रामलीला स्थल पर पहुंचे ही थे कि तेज गति से आती एक बाइक उनसे टकराते-टकराते बची। बाइक पर गैर-कानूनी तौर से तीन लोग सवार थे। उन दोनों ने बाइक सवारों को धीरे चलने की हिदायत क्या दी कि कयामत बरपा हो गई। बाइक सवारों ने चाकू निकाल लिए। उन्होंने अंकुर पर ताबड़तोड़ वार किए और हिमांशु को भी घायल कर दिया। रामलीला मैदान के समीप जिस समय यह रावणलीला आकार ले रही थी, हजारों लोगों की भीड़ थी। उम्मीद की जाती है कि ऐसे में लोग उन्हें बचाने के प्रयास करते। हमलावर कुलजमा तीन थे और उनके पास कोई घातक एके-47 या बम-गोले नहीं थे। वे बस चाकुओं से लैस थे। अगर आधा दर्जन लोग भी चाह लेते, तो एक परिवार उजड़ने से बच जाता। हत्यारे बेरहमी से अंकुर के शरीर को गोदते रहे। उसके सीने, गर्दन, पेट और जांघों पर गंभीर चोटें आईं। हिमांशु को भी चाकू से घाव लगे। इसके बावजूद वह किसी तरह अपने लहूलुहान भाई को ई-रिक्शा में लादकर पास के अस्पताल पहुंचा। तब तक अंकुर के प्राण-पखेरू उड़ चुके थे। आपने पहले भी ऐसे तमाम हादसों के बारे में पढ़ा-सुना होगा, जब कोई घायल हो गया अथवा किसी हमले में दम तोड़ने लगा, तो लोग उसे बचाने के बजाय वीडियो रील बनाने में मशगूल हो गए। ऐसा करने वाले भूल क्यों जाते हैं कि वे इसी समाज का हिस्सा हैं और कभी उन्हें भी संवेदना और सहायता की आवश्यकता पड़ सकती है कल्पना करें। अगर मृतक या हत्यारों के धर्म अलग होते, तो क्या होता कुछ बरस पहले इसी दिल्ली में एक डॉक्टर की हत्या इसी तरह के मामूली विवाद के दौरान कर दी गई थी। मारने वाले किशोर थे, परंतु उनका धर्म अलग था। कैसा हंगामा बरपा हुआ था सोशल मीडिया के अदृश्य रंगरेज तथ्यों को मन-मुआफिक रंगत देने में जुटे पड़े थे। इस 'धर्मयुद्ध' में खेत क्या रहा सिर्फ और सिर्फ रोडरेज का मुद्दा। इस प्रश्न के उत्तर के लिए देश की 'टेक कैपिटल' मानी जाने वाली बेंगलुरु सिटी का यह वाकया सुन लीजिए। एक महाकाय कंपनी में कार्य करने वाले वरिष्ठ एग्जीक्यूटिव अपनी पत्नी और नौ महीने की बच्ची के साथ कहीं जा रहे थे। अचानक उनके सामने एक बाइक रुकती है। उस पर सवार व्यक्ति बेहद आक्रामकता के साथ उनके बोनट पर हाथ मारने लगता है। वह अवाकरह जाते हैं। उन्हें मालूम ही नहीं कि उनका कुसूर क्या है जब तक वह माजरा समझ पाते, तब तक वह व्यक्ति गाड़ी का वाइपर नोचकर उसे शीशे पर दे मारता है। विंडस्क्रीन चटक जाती है, लेकिन वह रुकता नहीं। गाड़ी की अगली सीट पर बैठी उनकी पत्नी सहायता के लिए चीखने लगती हैं। उनकी गोद में सो रही महज नौ महीने की अबोध बच्ची यह शोरगुल सुनकर जाग जाती है। ऐसी चीख-पुकार उसके लिए अब तक अनजानी है। दहशत के अतिरेक में वह भी चीत्कार कर उठती है वह व्यस्त मार्ग है। तमाशबीन जुट पड़ते हैं। ट्रैफिक बाधित हो जाता है। इसके बावजूद हमलावर रुकता नहीं, कोई उसे रोकता भी नहीं है। लोग उस दंपति को बचाने के बजाय रील बनाने लगते हैं। वह रील देखते-देखते वायरल हो जाती है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5532

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | | 1 | | | | 9 |
| | 7 | | | 6 | | 1 | | |
| 1 | 6 | 3 | 9 | | | | | 8 |
| | 3 | | | | | 2 | | |
| | 5 | | 7 | | 2 | | 1 | |
| | | 6 | | | | | 3 | |
| 6 | | | | | 5 | 8 | 9 | 2 |
| | | 5 | | 2 | | | 6 | |
| 9 | | | | 8 | | | 4 | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5531

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 1 | 8 |
| 7 | 3 | 4 | 8 | 2 | 1 | 5 | 6 | 9 |
| 2 | 8 | 1 | 6 | 9 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 8 | 1 | 2 | 5 | 3 | 9 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 6 | 7 | 2 | 1 | 8 | 9 | 5 | 3 |
| 3 | 5 | 9 | 7 | 6 | 4 | 8 | 2 | 1 |
| 1 | 7 | 3 | 9 | 4 | 2 | 6 | 8 | 5 |
| 9 | 2 | 8 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 7 |
| 5 | 4 | 6 | 3 | 8 | 7 | 1 | 9 | 2 |

## वर्ग पहेली 5532



**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 30 मई 1987 को इसे भारत के राज्य का दर्जा मिला यह भारत का 26 वां राज्य बना (2)
3. 30 मई 1981 को हमारे देश के इस पडोसी राष्ट्र के राष्ट्रपति की उनके 8 सहयोगियों के साथ हत्या की गई (4)
6. विवाह के समय वधू का वर की अंगीकार करना (3)
8. स्थिति, दशा, अवस्था (2)
9. कलंदर, बाजीगर (3)
10. दारचीनी जाति के पत्ते के मसाले जो तरकारी आदि में इस्तेमाल होते है (2)
11. मुस्लिमों की ईश प्रार्थना जो पांच वक्त की होती है (3)
14. निर्देशक महबूब खान की और नरगिस की यादगार भूमिका वाली फिल्म जिसमें सुनील दत्त, राजेंद्र कुमार भी थे (6)
17. षोषशी, किशोरी (2)
18. दक्षिणी अमेरिका का एक देश जिसकी राजधानी जॉर्ज टाउन है (3)
20. जल की बूंद, फुहार (3)
21. हिंदी व्याकरण में अन्य पुरूष (2)
22. नारी का अपभ्रंश (3)

**ऊपर से नीचे**

1. श्री वृंदावन का एक पर्वत के बारे में ऐसी प्रसिद्धि है कि एक बार बहुत अधिक वर्षा होने पर अपने भक्तों के रक्षार्थ श्रीकृष्ण ने इसे कनिष्ठिका उंगली पर उठाया था (4)
2. सप्ताह का दिन, प्रहार करने की क्रिया (2)
3. इस वाद्य का आविष्कार मतंग ने किया था (3)
4. ग्राम, गांव, ग्राम क्षेत्र (3)
7. किसी का नाम किसी बात आदि के लिए निश्चित कर लिया गया हो (4)
12. मुकदमा, माजरा, समस्या, घटना (3)
13. अविचल, जो हिल न सके (3)
15. समुद्र, रत्नखान (4)
16. खानाबदोश, पर्यटन प्रिय, घुमंतु (4)
17. भारत के प्रथम मुगल सम्राट (3)
19. वृथा, बेमतलब, व्यर्थ में (3)
20. सिलना, टांके लगाना, वक्षस्थल (2)

### वर्ग पहेली 5531 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ने | पा | न | ग | र | | प | ना |
| क | ल | म | ल | | भा | र | त |
| नी | | क | त | र | | वा | |
| य | म | | फ | त | ह | ना | मा |
| त | न | ख्वा | ह | | व | | या |
| | मो | | मी | जा | न | | |
| सा | ह | स | | पा | | शा | म |
| म | न | ही | म | न | | ना | म |

## आज का राशिफल

### मेष
आज आपके लिए तरक्की के शुभ योग बन रहे हैं। नौकरी में आपके लिए उच्च पद की प्राप्ति की संभावना बन रही है। इससे आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे और दिन भाग्यशाली रहेगा। शाम के वक्त किसी कारण से आपके स्वभाव में चिड़चिड़ापन बढ़ सकता है। आमदनी संतोषजनक रहेगी, मामा पक्ष से धन प्राप्ति के योग हैं।

### वृष
आज करियर में लाभ और तरक्की के योग बने हैं। आपके घर और ऑफिस दोनों जगह का माहौल काफी अच्छा रहेगा। किसी बुजुर्ग से धन प्राप्ति हो सकती है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग हैं और आपकी तरक्की की बात हो सकती है। आपके पारिवारिक जीवन में सरसता बनी रहेगी। अनावश्यक व्यय पर नियंत्रण रखें और फालतू बातों से बचें।

### मिथुन
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपके लिए यात्रा के योग बने हैं। ऑफिस या फिर कारोबार के काम से आपको बाहर जाना पड़ सकता है। मन में निराशा का भाव समाप्त होगा और मित्रों से हर प्रकार का सहयोग प्राप्त होगा।

### तुला
आज भाग्य साथ दे रहा है और आपको सफलता मिलने से पूरे दिन प्रसन्नता का अनुभव होगा। अभिन्न मित्रों के सहयोग से व्यवसाय के नए स्रोत बनेंगे। आमदनी बढ़ने से आपका मन खुश रहेगा और आप परिवार के लोगों की सभी जरूरतें पूर्ण कर पाएंगे। बड़ी मात्रा में में पैसा हाथ में आने से मनोबल बढ़ेगा। खान-पान पर नियंत्रण रखें और अपने काम पर फोकस रखें।

### वृश्चिक
आज दिन मिलाजुला है और आपकी इच्छा के खिलाफ कोई कार्य हो सकता है। परिवार में हर प्रकार से सुख शांति रहेगी और आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। किसी कारण से अचानक आपके अनियोजित खर्च बढ़ सकते हैं। यदि आप नौकरी में हैं तो अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। रात का समय आपके लिए सामाजिक आयोजन में बीतेगा और आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा।

### धनु
आज भाग्य का साथ मिलेगा और आपका मन काफी प्रसन्न होगा। कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी और आय में यथोचित वृद्धि होगी। आपका मन बौद्धिक कार्य और लेखन में लगेगा और आपको उसमें भी लाभ होगा। क्रोध से बचें। संतान पक्ष के लोगों से आप संतुष्ट रहेंगे और आपको रिसर्च के मामले में बेहतर परिणाम प्राप्त होंगे।

### कर्क
आज भाग्यशाली योग बना है और आपको नौकरी में मनचाही तरक्की हासिल होगी। आपको संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेगा और उनके करियर को देखकर आप काफी संतुष्ट रहेंगे। रहन-सहन खान पान का स्तर बढ़ेगा नौकरी और व्यवसाय में भी भागीदारी व साथियों का सहयोग पर्याप्त मात्रा में मिलेगा।

### सिंह
आज करियर के मामले में लाभ होगा और कार्यक्षेत्र में अतिरिक्त जिम्मेदारी और धार्मिक कार्य में व्यस्तता बढ़ेगी। संपत्ति का विस्तार होगा और आय में वृद्धि होगी। क्रोध से बचें और कहीं जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद उत्पन्न न हो जाएं। शाम के समय आपका मन प्रसन्न होगा और आपको धार्मिक मामलों में भाग्य का पूरा साथ मिलेगा।

### कन्या
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपकी मान, प्रतिष्ठा में वृद्धि होने से मन काफी प्रसन्न रहेगा। उत्तम संपत्ति की प्राप्ति होगी और आपको भाग्य का साथ मिलेगा। धन, कर्म, कीर्ति में वृद्धि होगी और आपकी शत्रु चिन्ताओं का दमन होगा। सफलता की प्राप्ति होगी।

### मकर
आज करियर के मामले में भाग्य का पूरा साथ मिलेगा और कारोबार में मनचाहे परिणाम मिलने से आपको भाग्य का साथ मिलेगा। आपका बहुत समय से रुका हुआ कोई कार्य पूर्ण होने से आपको खुशी होगी। किसी महापुरुष के सहयोग से आपको किस्मत का साथ प्राप्त हो जाएगा। संतान पक्ष से आपको हर प्रकार का सहयोग प्राप्त होगा।

### कुंभ
आज करियर में भाग्य का साथ मिलेगा और आपकी सभी योजनाएं सफल होंगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाई व परिश्रम की अधिकता रखेगा। बातचीत में संयम रखें तो आपको लाभ होगा। किसी संपत्ति को लेकर परिवार में विवाद की स्थिति बन सकती है। भाइयों में आपस में वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। सायंकाल से लेकर आधी रात तक निकट यात्रा के योग हैं। आगे आने वाले कुछ दिन स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें।

### मीन
आज दिन सफलता से भरा होगा। धर्म-कर्म के प्रति आस्था बढ़ेगी और आपको संपत्ति के मामले में लाभ होगा। आज दिन में कुछ निकट के मित्रों व रिश्तेदारों का आगमन हो सकता है। संपत्ति से भी आय के नए स्रोत विकसित होंगे। आपको कहीं से शुभ समाचार मिलेंगे। राजनीति में बढ़ते जनसंपर्क का लाभ उठाएं। संपत्ति या व्यवसाय में निवेश करने से आपको खुशी होगी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### पिंपरी चिंचवड़ के भोसरी इलाके में बड़ा हादसा



**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के पिंपरी चिंचवड़ के भोसरी इलाके में एक दर्दनाक हादसा हुआ है। गुरुवार को निर्माणाधीन पानी की टंकी का एक हिस्सा अचानक गिर गया, जिससे तीन मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई और सात अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के समय मजदूर निर्माण कार्य में जुटे थे। प्रशासन और राहत टीमों ने तेजी से मौके पर पहुंचकर घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है। शुरुआती जांच में यह सामने आया है कि सुरक्षा मानकों की अनदेखी की वजह से यह हादसा हुआ। स्थानीय पुलिस और नगर निगम के अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए पीड़ितों के परिवारों को हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया है।

### बाबा सिद्दीकी हत्याकांड मामले में पुणे से तीन और गिरफ्तार

**पुणे, एजेंसी।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता बाबा सिद्दीकी के हत्याकांड मामले में ताबड़तोड़ गिरफ्तारियां चल रही हैं। इसी सिलसिले में बुधवार देर शाम पुणे से तीन लोगों की गिरफ्तारी हुई है। दरअसल, महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की बांद्रा में तीन लोगों ने 12 अक्टूबर को गोली मारकर हत्या कर दी थी। एनसीपी नेता पर हमला उस वक्त किया गया था, जब वे अपने बेटे जीशान सिद्दीकी के कार्यालय के पास थे। उनकी हत्या की जिम्मेदारी गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के गिरोह ने ली है। इस मामले में पुलिस कई लोगों को गिरफ्तार किया है। इसी सिलसिले में महाराष्ट्र से पुणे से तीन और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार हुए आरोपी पुणे के रहने वाले हैं। जिनकी पहचान शिवणे के निवासी रूपेश राजेंद्र मोहोल (22), उत्तम नगर निवासी करण राहुल साल्वे (19) और शिवम अरविंद कोहाड़ (20) के रूप में हुई है। इससे पहले मुंबई क्राइम ब्रांच ने बुधवार को एक शख्स को हरियाणा के कैथल से गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम अमित उर्फ नाथी बताया जा रहा है, जो कलायत के बाता गांव का निवासी है।अमित पर पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। जानकारी के मुताबिक, बाबा हत्याकांड मामले में जीशान अख्तर की पहचान चौथे मुख्य आरोपी के रूप में हुई है। जीशान बाबा की हत्या करने के लिए बाकी तीनों शूटर्स को बाहर से डायरेक्शन दे रहा था। वह फरार है। अमित पर आरोप है कि उसने आरोपी जाशीन अख्तर को करनाल में एक मकान किराए पर लेकर ठहराया था। बाबा सिद्दीकी हत्याकांड से केवल दो महीने पहले 15 दिन से अधिक दोनों आरोपी एक साथ रहे थे। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस आरोपी के अन्य कनेक्शनों की जांच में जुट गई है। गौरतलब है कि बाबा सिद्दीकी की हत्या मामले में 19 अक्टूबर को मुंबई पुलिस ने उनके साथ मौजूद सुरक्षा गार्ड को निलंबित कर दिया था। बाबा सिद्दीकी की सुरक्षा में तैनात कांस्टेबल श्याम सोनावणे ने वारदात के वक्त किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं की। पुलिस के अनुसार, कांस्टेबल श्याम सोनावणे ने न तो आरोपियों को रोकने की कोशिश की और न ही बाबा सिद्दीकी को बचाने की। इस मामले में आंतरिक जांच भी चल रही है।

### विजयपुरा में नुमाइश मैदान में झूले से गिरकर महिला की मौत

**बेंगलुरु, एजेंसी।**कुछ दोस्तों के साथ नुमाइश मैदान गई थी। पुलिस के अनुसार, पीड़िता का झूले पर लगा 'सेफ्टी बार' टूट गया और उसने जो सेफ्टी बेल्ट पहनी थी वह भी अलग हो गयी, जिसके कारण वह ऊंचाई से नीचे गिर गई। विजयपुरा एक नुमाइश मैदान में 'रेंजर' झूले से गिरने के बाद 21 वर्षीय एक महिला की सिर में चोट लगने से मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना रविवार शाम करीब सात बजे हुई और मृतक की पहचान निकिता बिरादर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, पीड़िता का झूले पर लगा 'सेफ्टी बार' टूट गया और उसने जो सेफ्टी बेल्ट पहनी थी वह भी अलग हो गयी, जिसके कारण वह ऊंचाई से नीचे गिर गई।

# बेहाली उपचुनाव टिकट को लेकर विवाद, विपक्षी एकता में आई दरार !

**गुवाहाटी, एजेंसी।**
झकांग्रेस के नेतृत्व वाला विपक्षी मंच असम संयुक्त मोर्चा (अ.ख.म) टूट के कगार पर है. बुधवार को प्रदेश कांग्रेस प्रमुख भूपेन बोरा के असम संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिए जाने के बाद से मोर्चा की स्थिति डावांडोल दिख रही है. भूपेन बोरा के इस्तीफे के साथ ही यह तय हो गया है कि कांग्रेस ने असम संयुक्त मोर्चा से नाता तोड़ लिया है.

कांग्रेस पार्टी ने असम संयुक्त मोर्चा को बचाने की पहल की, जो कांग्रेस के नेतृत्व वाली विपक्षी एकता का साझा मंच है. असम में 13 नवंबर को होने वाले उपचुनावों के दौरान चार विधानसभा सीटों के साथ बेहाली की उम्मीदवारी के कारण इसे भंग होने से बचाया जा रहा है. विपक्षी मंच को एकमत करने के प्रयास में, एआईसीसी ने बेहाली से अपना उम्मीदवार नहीं उतारने का फैसला किया और एएसओएम से सीपीआई (एमएल) के अपने समर्थित उम्मीदवार के बजाय कोई दूसरा उम्मीदवार उतारने को कहा है. लेकिन इस कदम का कोई नतीजा नहीं निकला और आखिरकार बोरा को मोर्चा के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देना



पड़ा.

बोरा ने अपना त्यागपत्र मोर्चा के सचिव और असम जातीय परिषद के अध्यक्ष लुरिनज्योति गोगोई को भेजा है. साथ ही उन्होंने अपने त्यागपत्र की एक प्रति कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व को भी भेजी है. अपने त्यागपत्र में बोरा ने कहा है कि, उम्मीदवारी को लेकर उन पर काफी दबाव है. असम की पांच सीटों में से बेहाली उपचुनाव के लिए कांग्रेस ने उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है.

लोकसभा में विपक्ष के उपनेता और कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने वकालत की थी कि, कांग्रेस को बेहाली से अपना उम्मीदवार खड़ा करना चाहिए. असम में 2026 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को सत्ता से बाहर करने के उद्देश्य से गठित असम संयुक्त मोर्चा पिछले कुछ दिनों से मुश्किल में है. वह इसलिए क्योंकि कांग्रेस ने उम्मीदवारी को लेकर अपने पत्ते मंच के सामने नहीं खोले हैं. इस बीच असम संयुक्त मोर्चा द्वारा गठित पांच सदस्यीय चयन समिति ने सीपीआई (एमएल) नेता बिबेक दास को मंच का उम्मीदवार बनाया और उनके नाम को मंजूरी के लिए प्रमुख हितधारक कांग्रेस के समक्ष प्रस्तावित किया.

माना जा रहा है कि, इस कदम को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन बोरा का समर्थन प्राप्त था, जो असम सोमा को बरकरार रखने के लिए उत्सुक थे. लेकिन गौरव गोगोई, जिनकी राष्ट्रीय नेतृत्व की नजरों में अहमियत बढ़ गई है, ने जयंति बोरा को आगे बढ़ाया, जो एक नेता हैं और जिन्होंने निर्वाचन क्षेत्र से भगवा टिकट से वंचित होने के कारण भाजपा छोड़ दी थी. कांग्रेस की राज्य इकाई ने अपने दो प्रमुख नेताओं को टिकट आवंटन को लेकर दो अलग-अलग कोनों में देखा और चीजें और अधिक धुंधली हो गई.

यहां तक कि, असम संयुक्त मोर्चा ने भी कांग्रेस को मंगलवार सुबह 10 बजे तक अपना रुख स्पष्ट करने की समय सीमा दी थी. अंत में, गठबंधन को बरकरार रखने के हित में, कांग्रेस ने पूरी चुनावी उम्मीदवार प्रक्रिया में एक मोड़ का प्रस्ताव रखा. यह बेहाली में विपक्षी मंच से एक उम्मीदवार को मैदान में उतारने के लिए तैयार थी. लेकिन उम्मीदवार को बदलने के लिए कहा. कांग्रेस के उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार, असम कांग्रेस के प्रभारी जितेंद्र सिंह ने भी मंगलवार सुबह इस संबंध में विपक्षी गठबंधन को एक पत्र लिखा. पत्र में कहा गया है कि संयुक्त मोर्चा उम्मीदवार तो दे सकता है, लेकिन वह बिबेक दास नहीं होना चाहिए।

## बेंगलुरु एयरपोर्ट पर लाउंज एक्सेस पाने के लिए महिला ने डाउनलोड किया ऐप, क्रेडिट कार्ड से उड़े 87000 रुपये

**बेंगलुरु , एजेंसी।** आज के समय में तरह-तरह के स्कैम सामने आने लगे हैं। ताजा मामला बेंगलुरु एयरपोर्ट से सामने आया है। बता दें कि बेंगलुरु एयरपोर्ट पर एक महिला अपनी फ्लाइट के लिए पहुंची थी। फ्लाइट पकड़ने से पहले महिला ने लाउंज में एक्सेस करने की कोशिश की लेकिन वह नाकाम रही।चूंकि महिला के पास क्रेडिट कार्ड नहीं था, इसलिए उसने प्रवेश पाने के लिए एक क्रेडिट कार्ड की फोटो दिखाई। इस दौरान महिला को एक लाउंज स्टाफ ने सुरक्षा कारणों के चलते एक ऐप डाउनलोड करने और अपने चेहरे की स्क्रीनिंग करवाने के लिए कहा। महिला ने सभी निर्देशों का पालन किया, लेकिन क्रेडिट कार्ड बिल मिलने के बाद ही उसे धोखाधड़ी का पता चला। 29 सितंबर को लाउंज पास ऐप डाउनलोड करने के बावजूद, महिला ने लाउंज सुविधाओं का इस्तेमाल नहीं किया। इसके बजाय उसने अपनी उड़ान से पहले स्टारबक्स में कॉफी पी।अपनी यात्रा के कुछ दिनों बाद, लोगों ने उसे बताया कि वे उससे फोन पर संपर्क नहीं कर पा रहे हैं। शुरू में, महिला को लगा कि शायद एयरटेल के नेटवर्क के कारण ऐसा हो रहा है, जिसे लेकर कई महीनों से उसे समस्या हो रही थी। अब वायरल हो रहे वीडियो में महिला ने कहा कि पिछले कुछ महीनों से एयरटेल के बुरे कनेक्शन के कारण, मैंने मान लिया कि यह खराब सिग्नल के कारण है। फिर किसी ने मुझसे कहा कि कोई पुरुष तुम्हारा फोन क्यों उठा रहा है। लेकिन उस समय वह अस्पताल में पारिवारिक स्थिति को लेकर व्यस्त थीं, इसलिए उन्होंने इस बात को नजरअंदाज कर दिया। लेकिन उन्हें तब पता चला कि उनके क्रेडिट कार्ड से 87,000 रुपये से अधिक की राशि काट ली गई है और उसे फोनपे अकाउंट में ट्रांसफर कर दिया गया है।

अब उन्हें संदेह है कि घोटालेबाजों ने ऐप के माध्यम से उनके फोन को हैक कर लिया, कॉल फॉरवर्डिंग को इनेबल किया और संभवतः अनधिकृत लेनदेन को पूरा करने के लिए ओटीपी को इंटरसेप्ट किया।

उसने बताया, यह लाउंज पास ऐप जिसे उन्होंने मुझे डाउनलोड करने के लिए कहा था, स्क्रीन शेयरिंग। वे मेरे फोन में गए, मेरी सेटिंग्स में गए, उन्होंने कॉल-फॉरवर्डिंग ऑन कर दी, इसलिए मुझे कोई कॉल नहीं आई। मुझे नहीं पता कि मेरे कितने ओटीपी उन तक पहुँचे हैं।

## दोस्त ही निकले दुश्मन, गाजियाबाद के प्रॉपर्टी डीलर का कुत्ते के पट्टे से घोंटा गला, फिर कार समेत जलाया

**ग्रेटर नोएडा/दादरी , एजेंसी।**
गाजियाबाद के गोविंदपुरम में मंगलवार शाम को प्रॉपर्टी डीलर संजय यादव की हत्या करने के बाद दोनों आरोपी दोस्त सात घंटे तक कार में शव लेकर घूमते रहे। रात में दादरी क्षेत्र के नगला नैनसुख गांव के समीप मुख्य सड़क से अंदर झाड़ियों में उन्होंने कार में आग लगाकर शव जला दिया, ताकि लोगों को यह हादसा लगे। पुलिस ने बताया कि गोविंदपुरम स्थित एक आरोपी के मकान में विशाल राजपूत और जीत चौधरी ने प्रॉपर्टी डीलर संजय यादव के साथ बैठकर बीयर पी। इसके बाद आरोपियों ने मंगलवार शाम को चार बजे मकान से कुत्ते का पट्टा उठाया और गला घोंटकर संजय यादव की हत्या कर दी।

आरोपियों ने इसके बाद संजय के शव को उसी की फॉर्च्यूनर कार में डाल लिया। वे सात घंटे तक कार में शव लेकर इधर-उधर घूमाते रहे। आरोपी कार को लेकर गाजियाबाद के गोविंदपुरम से करीब 31 किलोमीटर दूर दादरी क्षेत्र में रात करीब 11 बजे नगला नैनसुख गांव के समीप पहुंचे और कार को मुख्य सड़क से अंदर झाड़ियों की तरफ ले गए। यहां आरोपियों ने कार में आग लगा दी। उन्होंने संजय यादव का शव भी उसमें जला दिया।

आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे कार में शव को डिग्गी में डालकर लाए थे। उसके ऊपर कंबल डाल लिया था, लेकिन घटना के समय संजय का शव चालक सीट पर रख दिया था, ताकि लगे गाड़ी में आग जलने पर चालक जिंदा जल गया। आरोपियों का मकसद घटना को हादसे का रूप देना था। कार में आग लगाते समय एक आरोपी भी थोड़ा झुलस गया। वहीं, सवाल उठ रहा है कि गाजियाबाद से लेकर गौतमबुद्ध नगर की सीमा में आरोपी फॉर्च्यूनर कार में प्रॉपर्टी डीलर का शव लेकर घूमते रहे, लेकिन कहीं भी पुलिस ने कार को चेकिंग के लिए नहीं रोका, जबकि शव गाड़ी की डिग्गी में पड़ा था। सोशल मीडिया पर फॉर्च्यूनर कार का जलने का वीडियो वायरल हुआ। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कार में आग टंकी की तरफ से लगी थी। इसके बाद धीरे-धीरे आग ने पूरी गाड़ी को चपेट में ले लिया और गाड़ी जलकर राख हो गई। बताया जा रहा है कि आरोपी बोतल में भी पेट्रोल लेकर आए थे। बाइक का पेट्रोल छिड़क कर लाइटर से कार में आग लगाई गई।

## अठन्नी भारी पड़ गई... पोस्ट ऑफिस ने कस्टमर को नहीं दिए 50 पैसे, अब देने होंगे 15 हजार रुपये

**चेन्नई, एजेंसी।**
भारतीय डाक सेवा को एक उपभोक्ता को पचास पैसे राउंड आफ (पूर्णांक) करना महंगा पड़ा। उसके बदले में उपभोक्ता फोरम ने उपभोक्ता को रिफंड लौटाने के साथ ही इस सरकारी विभाग पर 15 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। हर्जाने के तौर पर दस हजार रुपये मानसिक परेशानी, गलत व्यापारिक तरीकों और सेवा में कमी के चलते वसूले गए हैं। कांचीपुरम जिले में एक उपभोक्ता फोरम ने डाक विभाग को पांच हजार रुपये बतौर अदालती कार्यवाही पर हुए खर्च के लिए देने को कहा है। शिकायतकर्ता ए.मनाशा के अनुसार, उसने 13 दिसंबर, 2023 को 30 रुपये नकद देकर पोझिचालुर पोस्ट ऑफिस से एक रजिस्टर्ड डाक भेजनी थी, लेकिन उसकी रसीद पर केवल 29.50 रुपये की रकम दिखा रही थी। लिहाजा, उसने वह पूरी रकम यूपीआई के जरिये देने की पेशकश की, लेकिन उसमें भी कुछ तकनीकी कारणों से डाक के भुगतान को डिक्लाइन दिखा रहा था। शिकायतकर्ता ने अपनी शिकायत में कहा कि प्रतिदिन लाखों लेन-देन होते हैं, अगर पूरी धनराशि लेकर भी कम दिखाई जाती रही तो सरकार को राजस्व का बहुत नुकसान होगा। उन्होंने इसे अवैध करार देते हुए इससे उन्हें गंभीर मानसिक परेशानी की बात कही। वहीं, डाक विभाग ने उपभोक्ता फोरम को बताया कि उस समय कुछ तकनीकी कारणों से डिजिटल भुगतान स्वीकार नहीं हो रहा था। इसलिए उनसे कैश लिया गया था। उन्होंने बताया कि पोस्टल साफ्टवेयर में स्वत ही 50 पैसे राउंड आफ हो रहे थे, जबकि वह राशि काउंटर एकाउंट सबमिशन में अलग से दिखा रही थी, इसलिए उनकी शिकायत स्वीकार करने योग्य नहीं है। उधर, डाक विभाग निवेशकर्ताओं के लिए खुशखबरी लेकर आया है। दरअसल, डाक विभाग एसआईपी (सिस्टमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान) की सुविधा भी देगा। डाक विभाग ने इसको लेकर ऐप व पोर्टल तैयार कर लिया है। कहा जा रहा है कि इस साल के अंत तक ये सुविधा दी जा सकती है। डाक विभाग ने ग्राहकों को एक और सुविधा दी है। इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक (आईपीपीबी) और डा कघर में संचालित खातों का आपस में लिंकअप करके किसी भी समय बड़ी धनराशि का भुगतान कर सकेंगे।




## पत्नी की सहमति के बिना उसके आभूषण गिरवी रखना विश्वासघात है: केरल हाई कोर्ट

**कोच्चि, एजेंसी।** एक व्यक्ति जिसने बेईमानी से अपनी पत्नी के सोने के आभूषणों का गबन किया तथा उन्हें गिरवी रखकर अपने उपयोग के लिए इस्तेमाल किया, वह आपराधिक विश्वासघात का दोषी है। ये बात केरल उच्च न्यायालय ने कही है। यह फैसला न्यायमूर्ति ए बदरुद्दीन की पीठ ने कासरगोड निवासी एक व्यक्ति द्वारा दायर पुनरीक्षण याचिका पर सुनाया, जिसमें उसने आपराधिक विश्वासघात के अपराध में छह महीने के साधारण कारावास की सजा सुनाए जाने के ट्रायल कोर्ट और सत्र न्यायालय के आदेश को चुनौती दी थी। यह मामला याचिकाकर्ता की पत्नी की शिकायत के बाद सामने आया है। महिला ने आरोप लगाया था कि उसके पति ने उसकी जानकारी या सहमति के बिना एक निजी वित्तीय संस्थान में उसके 50 सोने के गहने गिरवी रख दिए थे। उसने आगे दावा किया कि गहने उसकी माँ ने उनकी शादी के दौरान उपहार में दिए थे, इस शर्त के साथ कि उन्हें बैंक लॉकर में रखा जाएगा। ट्रायल कोर्ट ने याचिकाकर्ता को आईपीसी की धारा 406 (आपराधिक विश्वासघात) के तहत दंडनीय अपराध के लिए छह महीने के साधारण कारावास की सजा सुनाई। हालाँकि उन्होंने सत्र न्यायालय में अपील की, लेकिन उसने ट्रायल कोर्ट की सजा को बरकरार रखा। इस बीच, याचिकाकर्ता की पत्नी ने धोखाधड़ी और जालसाजी सहित अन्य आरोपों से उसे बरी किए जाने को चुनौती देते हुए अपील दायर की। दोनों अपीलों पर विचार करते हुए, सत्र न्यायालय ने निर्णय को संशोधित करते हुए याचिकाकर्ता को 5 लाख रुपये का मुआवजा भी देने का निर्देश दिया।

### गाजियाबाद उपचुनाव में भाजपा ने संजीव शर्मा को बनाया उम्मीदवार, 13 नवंबर को होगी वोटिंग

**गाजियाबाद , एजेंसी।** गाजियाबाद विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने आज अपने प्रत्याशी की घोषणा कर दी है। भाजपा ने गाजियाबाद महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा अपना प्रत्याशी बनाया है। गाजियाबाद समेत उत्तर प्रदेश राज्य की नौ सीटों पर 13 नवंबर को वोट डाले जाएंगे, जबकि मतों की गिनती 23 नवंबर को होगी। संजीव शर्मा वर्ष 2019 से पार्टी के महानगर अध्यक्ष हैं। इससे पहले वह पार्टी के महानगर महामंत्री भी रह चुके हैं। वह गाजियाबाद से भारतीय जनता युवा मोर्चा के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। संजीव शर्मा विवादों से दूर रहकर संगठन की राजनीति के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने वाणिज्य में स्नातक किया है। गाजियाबाद विधानसभा के उपचुनाव में भाजपा के अलावा बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के परमानंद गर्ग और आजाद समाज पार्टी के सत्यपाल चौधरी के नाम की घोषणा हो चुकी है, लेकिन सपा-कांग्रेस गठबंधन ने अभी तक अपने उम्मीदवार के नाम का ऐलान नहीं किया है। बता दें कि, साल 2022 के यूपी विधानसभा चुनाव में भाजपा नेता अतुल गर्ग गाजियाबाद शहर सीट से विधायक चुने गए थे। 2024 के लोकसभा चुनाव में अतुल गर्ग के गाजियाबाद से भाजपा सांसद बनने के चलते यह सीट खाली हो गई थी। उपचुनाव के लिए पर्चे जमा करने की आखिरी तारीख 25 अक्टूबर है। पर्चों की जांच के बाद 28 अक्टूबर को नाम वापसी होगी। इसके बाद सभी प्रत्याशी चुनावी रण में उतर जाएंगे। चुनाव प्रचार तेजी से किया जाएगा।

## गाजियाबाद में जल्द लागू होगी जीडीए की महायोजना, नए क्षेत्र में परवान चढ़ेंगी कई योजनाएं

**गाजियाबाद , एजेंसी।**
गाजियाबाद में जीडीए की महायोजना 2031 जल्द लागू होगी। प्राधिकरण ने नए मास्टर प्लान का फाइनल ड्राफ्ट शासन को भेज दिया है। शासन स्तर से मंजूरी मिलते ही गाजियाबाद महानगर समेत डासना, मुरादनगर, मोदीनगर और लोनी में जीडीए का दायरा 12,755.85 हेक्टेयर बढ़ जाएगा। नए क्षेत्र में आवासीय, व्यावसायिक और औद्योगिक इकाइयां स्थापित हो सकेंगी। साथ ही वेयरहाउस, लॉजिस्टिक पार्क, ट्रांसपोर्ट नगर की योजनाएं लाई जाएंगी। विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने मास्टर प्लान 2031 के ड्राफ्ट में शासकीय समिति द्वारा बताए संशोधन कर पिछले महीने बोर्ड से स्वीकृति दिलाई। इसके बाद बोर्ड सदस्यों से इस पर हस्ताक्षर कराए। फिर सभी विभाग से इसे सत्यापित कराया, ताकि शासन स्तर से कोई आपत्ति न रह सके। विभागों की अनुमति के बाद इसे शासन को भेज दिया गया। यहां शासकीय समिति के सामने इसका प्रजेंटेशन दिया जाएगा। समिति से स्वीकृति मिलने के बाद इसे आगे लागू करने के लिए भेजा जाएगा।

माना जा रहा है कि इसका प्रजेंटेशन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी देखेंगे। जीडीए अधिकारी बताते हैं कि मास्टर प्लान में सौ से अधिक संशोधन करवाए गए हैं। इसमें मुख्य रूप से मेट्रो रेड और ब्लू लाइन के किनारे टीओडी जोन घोषित करते हुए उसे मास्टर प्लान 2031 में शामिल किया है। अब मेट्रो कॉरिडोर के दोनों ओर टीओडी जोन की सुविधा मिल सकेगी। इन रूट के दोनों ओर 500-500 मीटर तक मिश्रित भू-उपयोग करते हुए पांच फ्लोर एरिया रेश्यो (एफएआर) दिया जा सकेगा। एक भूखंड पर आवासीय और व्यावसायिक गतिविधियां हो सकेंगी। इसके साथ ही अन्य संशोधन भी किए गए हैं। इसमें रेड लाइन के साथ 482.63 हेक्टेयर और ब्लू लाइन के साथ 153.98 हेक्टेयर क्षेत्र शामिल हैं। ये क्षेत्र मिश्रित उपयोग विकास को सुगम बनाएंगे।

## प्रियंका गांधी वाड्रा महिलाओं के मुद्दे को निर्भकता से रखती है : रिबू श्रीवास्तव

**वाराणसी, एजेंसी।**
उत्तर प्रदेश की समाजवादी महिला प्रदेश अध्यक्ष रिबू श्रीवास्तव ने कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा के केरल के वायनाड से नामांकन दाखिल करने पर उन्हें एक निर्भय नेता बताया और कहा कि वह महिलाओं से जुड़े मुद्दों को निर्भीकता से रखती हैं। रिबू श्रीवास्तव ने कहा, प्रियंका गांधी ने हाल ही में अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं, और उनकी नेता के रूप में पहचान और महिलाओं के मुद्दों पर उनकी निर्भीकता को देखकर यह कहा जा सकता है कि वह एक महत्वपूर्ण राजनीतिक चेहरा बनती जा रही हैं। इस चुनाव



में, यह संभवतः उनका पहला प्रयास है, और ऐसा लगता है कि जहां से भी वह चुनावी मैदान में उतरेंगी, उनकी जीत सुनिश्चित होगी। हमारी शुभकामनाएं उनके साथ हैं।

प्रियंका गांधी के नामांकन पर उन्होंने कहा, प्रियंका गांधी का नामांकन दाखिल करना एक महत्वपूर्ण कदम है। उनकी नेतृत्व क्षमता और महिलाओं के मुद्दों पर उनकी आवाज इस चुनाव में महत्वपूर्ण साबित होगी। पूरे प्रदेश में समाजवादी पार्टी का संगठन मजबूत हो रहा है, और महिलाओं का समर्थन लगातार बढ़ता जा रहा है। यह स्पष्ट है कि महिलाओं का रुझान अब भाजपा की ओर नहीं है, और वे समाजवादी पार्टी के साथ खड़ी हैं। इस प्रकार, प्रियंका गांधी का चुनावी मैदान में उतरना और समाजवादी पार्टी का महिला समर्थक दृष्टिकोण एक नई दिशा की ओर इशारा कर रहा है। हमें उम्मीद है कि यह चुनाव देश की राजनीति में सकारात्मक बदलाव लाएगा।

उन्होंने संपूर्णानंद को लेकर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा, मैं अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की अध्यक्ष हूं, और हमारे संगठन के लोग इस मुद्दे को लेकर बहुत आहत हैं। संपूर्णानंद सिर्फ एक मुख्यमंत्री नहीं थे। उनकी पहचान एक भारत रत्न के रूप में भी है। वह आजमगढ़ में जन्मे, लेकिन उनकी कर्मभूमि बनारस रही, जहां उन्होंने शिक्षा और विकास के क्षेत्र में अनगिनत योगदान दिए।

उन्होंने संपूर्णानंद के योगदान की प्रशंसा करते हुए कहा, मुख्यमंत्री रहते हुए वह किराए के मकान में रहे, और उनके कार्यकाल के बाद भी उनके पास खुद का घर नहीं था। उन्होंने संपूर्णानंद विश्वविद्यालय की स्थापना की और काशी के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लेकिन वर्तमान में केंद्र की सरकार उनके योगदान को नजरअंदाज कर रही है, जिससे समाज के एक बड़े हिस्से में आक्रोश है।

उन्होंने कहा, हाल ही में लाल बहादुर शास्त्री के नाम पर मुगलसराय स्टेशन का नाम बदलने की कोशिशें भी यही दिखाती हैं कि सरकार किस तरह से महापुरुषों का अपमान कर रही है। गाय समाज और कायस्थ महासभा के लोग इस स्थिति से बेहद नाखुश हैं।

## बुधनी में शिवराज के पुत्र कार्तिकेय ने संभाली प्रचार की कमान

**भोपाल, एजेंसी।** मध्य प्रदेश के बुधनी विधानसभा में होने वाले उप-चुनाव के प्रचार की कमान केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के पुत्र कार्तिकेय सिंह चौहान ने संभाल ली है। वह कार्यकर्ताओं के साथ बैठकों के अलावा सभाओं को भी संबोधित कर रहे हैं। राज्य में बुधनी और विजयपुर विधानसभा क्षेत्र में उप-चुनाव होने वाले हैं। इसके लिए निर्वाचन आयोग ने कार्यक्रम भी घोषित कर दिया है। मतदान 13 नवंबर को होगा। बुधनी विधानसभा से कार्तिकेय सिंह भी भाजपा के उम्मीदवार के दावेदारों में से एक थे। पार्टी ने रमाकांत भार्गव को उम्मीदवार बनाया तो कार्तिकेय ने प्रचार अभियान की कमान संभाल ली। कार्तिकेय वैसे तो अपने पिता शिवराज सिंह चौहान के विधानसभा और लोकसभा चुनाव के प्रचार की बागडोर संभालते रहे हैं। कार्तिकेय सिंह चौहान ने बुधवार को बुधनी के गोपालपुर और भैरुंदा में कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर सभा को संबोधित किया। इस दौरान कार्तिकेय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने बुधनी से रमाकांत भार्गव को अपना प्रत्याशी घोषित किया है, पार्टी का यह निर्णय उचित है। हम सभी कार्यकर्ता पूरी मेहनत और लगन के साथ प्रचार के काम में जुट जाएं।

भारत-न्यूजीलैंड दूसरा टेस्ट, पहला दिन

# वाशिंगटन सुंदर ने झटके 7 विकेट



## ● भारत का स्कोर 16/1, रोहित बिना रन बनाए आउट, न्यूजीलैंड 259 पर ऑलआउट

**पुणे, एजेंसी।** भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के पहले दिन का खेल खत्म होने तक 1 विकेट के नुकसान पर 16 रन बनाए। पुणे टेस्ट के तीसरे सेशन में न्यूजीलैंड पहली पारी में 259 रन पर ऑलआउट हो गया। महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में गुरुवार को न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर बैटिंग करने का फैसला लिया। भारत की पहली पारी में रोहित शर्मा शून्य पर आउट हुए। उन्हें टिम साउदी ने बोल्ड किया। यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल नाबाद लौटे।

पहली पारी में भारत की तरफ से सभी 10 विकेट स्पिनर्स ने लिए। 3 साल बाद टेस्ट टीम में वापसी करने वाले वॉशिंगटन सुंदर ने सबसे ज्यादा 7 विकेट झटके। इससे पहले, सुंदर ने मार्च 2021 में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच खेला था। वहीं, रविचंद्रन अश्विन ने 3 विकेट लिए।

न्यूजीलैंड के लिए डेवोन कॉन्वे और रचिन रवींद्र ने अर्धशतक लगाया। कॉन्वे ने 141 बॉल पर 76 और रचिन ने 105 बॉल पर 65 रन बनाए। मिचेल सैंटनर ने 33, डेरिल मिचेल-विल यंग ने 18-18 और टॉम लैथम ने 15 रन का योगदान दिया। पांच बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सके।



## विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के इतिहास में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बने आर.अश्विन

भारत के स्टार ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन गुरुवार को पुणे के महाराष्ट्र क्रिकेट संघ (एमसीए) स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दौरान आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए।

अश्विन ने पहले दिन के शुरुआती सत्र में न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लैथम, सलामी बल्लेबाज विल यंग और डेवोन कॉनवे को आउट करके यह उपलब्धि हासिल की। इन तीन विकेटों के साथ, अश्विन ने 2019 से 2024 तक विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के इतिहास में 39 मैचों में 189 विकेट लिए हैं और ऑस्ट्रेलिया के नाथन लियोन को पीछे छोड़ दिया है, जिनके नाम 43 टेस्ट में 187 विकेट हैं। ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान पैट कमिंस 42 मैचों में 175 विकेट लेकर तीसरे स्थान पर हैं।

भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह 30 मैचों में 124 विकेट लेकर सातवें स्थान पर हैं। अश्विन ने अब तक 104 मैचों में 24 से कम की औसत से 530 विकेट लिए हैं, जो उन्हें भारत की सर्वकालिक टेस्ट विकेट लेने वाली सूची में दूसरे स्थान पर रखता है, जो कि केवल दिग्गज अनिल कुंबले से पीछे है, जिन्होंने 619 विकेट लिए हैं। अपनी शानदार गेंदबाजी के अलावा, इस ऑलराउंडर ने 26.44 की औसत से 3,438 रन बनाए हैं, जिसमें छह शतक और 14 अर्धशतक शामिल हैं।

## सार समाचार

### केएल राहुल के साथ धोखा

#### अपनी बात से पलटे गौतम गंभीर और रोहित शर्मा, ऐसा कहने के 12 घंटे के बाद किया टीम से बाहर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पुणे टेस्ट की प्लेइंग इलेवन से बाहर होने के बाद अगर ये कहा जाए कि केएल राहुल के साथ धोखा हुआ है, तो गलत नहीं होगा. आखिर, यही तो किया है टीम इंडिया के कोच गौतम गंभीर और कप्तान रोहित शर्मा ने उनके साथ. गंभीर और रोहित जो पहले कह रहे थे, पुणे टेस्ट की प्लेइंग इलेवन का ऐलान करते वक्त किया ठीक उसके उलटा. गौतम गंभीर तो प्रेस कॉन्फ्रेंस में इतनी बड़ी बड़ी बातें कर आए थे, जिसके बाद ये लगने लगा था कि केएल राहुल पुणे टेस्ट खेलेंगे ही खेलेंगे. लेकिन, टॉस के बाद कप्तान रोहित शर्मा ने जब टीम बताई तो केएल राहुल का उसमें नाम नहीं दिखा. सवाल है कि जब यही करना था तो फिर गौतम गंभीर और रोहित शर्मा ने केएल राहुल के बारे में पूछे जाने पर वैसा कहा ही क्यों था?

### जॉर्डन कॉक्स, रेहान अहमद कैरेबियाई दौरे के लिए इंग्लैंड की टीम में शामिल



**लंदन, एजेंसी।** विकेटकीपर बल्लेबाज जॉर्डन कॉक्स और गेंदबाजी ऑलराउंडर रेहान अहमद को 31 अक्टूबर से एंटीगा में शुरू होने वाले कैरेबियाई दौरे के लिए इंग्लैंड की व्हाइट-बॉल टीम में शामिल किया गया है।

कॉक्स ने पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इंग्लैंड की टी20 सीरीज में अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया था, वह कैरेबियाई दौरे में शामिल होने से पहले रावलपिंडी में पाकिस्तान के खिलाफ चल रहे तीसरे और अंतिम टेस्ट के पहले दिन के अंत के बाद यूके के लिए उड़ान भरेंगे। उम्मीद है कि वह तीनों वनडे मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे, लेकिन उसके बाद के टी20 चरण के लिए नहीं, क्योंकि वह न्यूजीलैंड के अगले टेस्ट दौरे की तैयारी करेंगे। रेहान, जो पाकिस्तान के खिलाफ चल रहे टेस्ट की प्लेइंग इलेवन में भी शामिल हैं, मैच के अंत में व्हाइट-बॉल टीम में शामिल होंगे।

नियमित कप्तान जोस बटलर की अनुपस्थिति में, जो पिंडली की चोट से उबरने में थोड़ी परेशानी के कारण मैच से बाहर हो गए हैं, ऑलराउंडर लियाम लिविंगस्टोन वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी वनडे सीरीज में इंग्लैंड की कप्तानी करेंगे।

**इंग्लैंड की वनडे और टी20 टीम:** जोस बटलर (कप्तान, केवल टी20), रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, जैकब बेथेल, जाफर चौहान, जॉर्डन कॉक्स, सैम करन, विल जैक्स, लियाम लिविंगस्टोन (वनडे कप्तान), साकिब महमूद, डैन मूसली, जेमी ओवरटन, आदिल राशिद, फिल साल्ट, रीस टॉपली, जॉन टर्नर।




## नीरज ने की एनआईएस पटियाला में मोंडोट्रैक लगाने की मांग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मोंडोट्रैक एक नई सतह है जिसका उपयोग ट्रैक स्पर्धाओं के लिए किया जा रहा है। ऐसा माना जाता है कि यह प्रदर्शन के स्तर को बढ़ाने के साथ चोट की संभावना को कम करता है।

केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया के साथ राष्ट्रीय खेल विधेयक पर चर्चा के दौरान भारत के शीर्ष भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने बुधवार को यहां सरकार से पटियाला स्थित राष्ट्रीय खेल संस्थान में मोंडोट्रैक को जल्दी लगाने की मांग की।

**क्या है मोंडोट्रैक?**

मोंडोट्रैक एक नई सतह है जिसका उपयोग ट्रैक स्पर्धाओं के लिए किया जा रहा है। ऐसा माना जाता है कि यह प्रदर्शन के स्तर को बढ़ाने के साथ चोट की संभावना को कम करता है। पेरिस ओलंपिक और ब्रसेल्स में आयोजित डायमंड लीग के फाइनल में ट्रैक स्पर्धाओं का आयोजन इसी पर किया गया था। दुनिया भर के शीर्ष खिलाड़ियों ने इसकी सराहना की थी।

**क्या हैं इसके फायदे?**

वल्केनाइज्ड रबर से बना यह ट्रैक खिलाड़ियों के चोटिल होने की संभावनाओं को कम करने के साथ उनकी गति को बढ़ता है। यह खिलाड़ियों के लिए लय बनाए रखने में मददगार होता है और इस पर उन्हें कम थकान महसूस होती है। नीरज ने इस चर्चा में ऑनलाइन भाग लिया और कहा कि वह 2018-19 से पटियाला में 'मोंडोट्रैक' की मांग कर रहे हैं। जमीनी स्तर पर सुविधाएं एक और अहम मुद्दा है।

**नीरज ने की तारीफ**

नीरज ने कहा कि स्टेडियमों का इस्तेमाल सिर्फ राष्ट्रीय शिविर और विश्वकप जैसे बड़े टूर्नामेंटों के लिए ही नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा, जब भारत 2036 में ओलंपिक की मेजबानी की आकांक्षा रखता है तो स्टेडियमों का उपयोग सिर्फ शिविरों और विश्वकप के लिए नहीं किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि अगर देश को नई प्रतिभा चाहिए तो जमीनी स्तर पर अधिक सुविधाएं तैयार करने के साथ-साथ इन स्टेडियमों का अधिक उपयोग किया जाना चाहिए। हमें कोच की भूमिका को नहीं भूलना चाहिए। नीरज ने यह भी मांग की कि भारतीय कोचों को अधिक जागरूक बनाया जाना चाहिए और उन्हें दुनिया भर में जो हो रहा है उसके अनुरूप होना चाहिए।

## बदौनी के अर्धशतक से भारत ए ने ओमान को हराया



**मस्कट (ओमान), एजेंसी।** मध्यक्रम के बल्लेबाज आयुष बदौनी के अर्धशतक की मदद से भारत ए ने बुधवार को यहां अल अमरत में एसीसी टी20 इमर्जिंग टीम एशिया कप 2024 के सेमीफाइनल में जगह पक्की की। भारत ए ने ग्रुप बी के अंतिम मैच में मेजबान ओमान पर छह विकेट से जीत दर्ज करके इस प्रतियोगिता में अपना अपराजेय क्रम बरकरार रखा।

इस जीत के साथ भारत ए छह अंकों के साथ ग्रुप बी में शीर्ष पर रहा और शुक्रवार को सेमीफाइनल में उसका सामना अफगानिस्तान से होगा। चार अंकों के साथ पाकिस्तान भी ग्रुप बी उपविजेता के रूप में क्वालीफाई कर गया और दूसरे सेमीफाइनल में उसका सामना श्रीलंका ए से होगा। पहले बल्लेबाजी करते हुए ओमान ने 20 ओवर में 140/5 का मामूली स्कोर बनाया।

जवाब में भारत ने कप्तान तिलक वर्मा (30 गेंदों पर 36 रन) और बदौनी (27 गेंदों पर 51 रन) के बीच 85 रनों की साझेदारी की बदौलत 15.2 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। मेजबान टीम ने भारत के खिलाफ अच्छी शुरुआत की और पहले चार ओवरों में आठ से अधिक रन की दर से आगे बढ़ रही थी। भारत के आकिब खान, निशांत सिंधु और रमनदीप सिंह ने पावरप्ले में विकेट चटकाए और ओमान के स्कोरिंग रेट को कम किया और छह ओवरों में उन्हें 46/3 पर रोक दिया।

मोहम्मद नदीम और वसीम अली ने चौथे विकेट के लिए 47 रनों की साझेदारी की, लेकिन यह साझेदारी स्कोरिंग रेट की कीमत पर हुई, जिसमें 60 गेंदें लगीं।

वसीम अली 15वें ओवर में साई किशोर की गेंद पर लेग बिफोर विकेट आउट हो गए, तब ओमान का स्कोर 80/4 था। हम्माद मिर्जा ने 15 गेंदों पर 28 रन बनाए और ओमान ने 20 ओवरों में 140/5 रन बनाकर बहुत जरूरी गति प्रदान की। तिलक वर्मा ने एक बार 20 ओवर में आठ गेंदबाजों का इस्तेमाल किया।

आकिब खान, रसिख सलाम, निशांत सिंधु, रमनदीप सिंह और साई किशोर ने एक-एक विकेट लिया। 141 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए अनुज रावत (11 गेंदों पर 8 रन) ने अपना विकेट जल्दी गंवा दिया, लेकिन अभिषेक शर्मा ने 15 गेंदों पर 34 रन बनाकर भारत को गति दिलाई। अभिषेक शर्मा की संक्षिप्त पारी में पांच चौके और एक छक्का शामिल था और इससे भारत ने पांच ओवर में 44/2 रन बनाए। कप्तान तिलक वर्मा और आयुष बदौनी ने 85 रनों की साझेदारी की और तेजी से आगे बढ़े।



## बांग्लादेश पर जीत के बाद दक्षिण अफ्रीका डब्ल्यूटीसी स्टैंडिंग में चौथे स्थान पर पहुंचा

**ढाका, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका गुरुवार को पहले टेस्ट में बांग्लादेश पर सात विकेट से जीत के बाद विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) स्टैंडिंग में चौथे स्थान पर पहुंच गया है। इस जीत के साथ प्रोटियाज ने अपने अंक-प्रतिशत में सुधार करते हुए 47.62 अंक हासिल किए, जिससे उन्हें न्यूजीलैंड और इंग्लैंड को पीछे छोड़कर चौथे स्थान पर पहुंचने में मदद मिली। बांग्लादेश की हार के साथ उनका अंक-प्रतिशत गिरकर 30.56 हो गया और वे सातवें स्थान पर बने हुए हैं, जबकि भारत और ऑस्ट्रेलिया अभी भी स्टैंडिंग में शीर्ष दो स्थानों पर बने हुए हैं।

बांग्लादेश के नजमुल हुसैन शांतो ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, लेकिन दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाजों और स्पिनरों ने अनुकूल परिस्थितियों में अच्छा प्रदर्शन किया और बांग्लादेश को मात्र 106 रन पर ढेर कर दिया। कगिसो रबाडा, वियान मुल्डर और केशव महाराज ने तीन-तीन विकेट लिए। बांग्लादेश के स्पिनरों ने वापसी की, जिसमें तैजुल इस्लाम और मेहदी हसन ने मिलकर सात विकेट लिए। हालांकि, काइल वेरिन के शानदार शतक और मुल्डर (54) और डेन पीट (32) के समर्थन से दक्षिण अफ्रीका ने 202 रन की मजबूत बढ़त हासिल की। तीसरी पारी में, रबाडा की अगुआई में दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों ने एक बार फिर दबदबा बनाया और बांग्लादेश को 112/6 पर रोक दिया।

जोहोर कप

## ऑस्ट्रेलिया ने भारत का विजय रथ रोका

**जोहोर बाहरू, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को सुल्तान ऑफ जोहोर कप में 4-0 की जीत दर्ज कर भारत के विजय रथ को रोक दिया। आज यहां खेले गए मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के पैट्रिक एंड्रयू ने (29वें मिनट में) गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। ऑस्ट्रेलियाई खिलाडियों ने मैच के दौरान आक्रामक रूख अख्तियार किया।

डेकिन स्टैंगर ने (33वें, 39वें, 53वें मिनट में) गोल कर हैट्रिक बनाई। जबकि भारत की फॉरवर्ड लाइन ऑस्ट्रेलियाई रक्षापंक्ति तोड़ने के लिए संघर्ष करती देखी गई। भारतीय रक्षापंक्ति ने शानदार खेल का मुजाहिरा करते हुए पहले क्वार्टर में



ऑस्ट्रेलिया हमलों विफल किया। ऑस्ट्रेलिया के पैट्रिक एंड्रयू ने (29वें मिनट में) गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद उत्साहित डेकिन ने 33वें मिनट में गोलकर बढ़त को दोगुना कर दिया। उन्होंने भी 39वें मिनट अपना दूसरा गोला दागा।

डेकिन ने 53वें मिनट में गोलकर अपनी हैट्रिक बनाई। बढ़त को 4-0 पहुंचा दिया। कई अवसर मिलने के बावजूद भारतीय टीम गोल नहीं कर पाई। इस हार के बावजूद भारत नौ अंकों के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है जबकि ऑस्ट्रेलिया न्यूजीलैंड के बाद तीसरे स्थान पर है।

# मीरपुर टेस्ट : साउथ अफ्रीका ने 7 विकेट से जीता मैच

## ● बांग्लादेश की दूसरी पारी 307 रन पर सिमटी, रबाडा को मैच में 9 विकेट

**मीरपुर, एजेंसी।** मीरपुर टेस्ट के चौथे दिन साउथ अफ्रीका ने बांग्लादेश को 7 विकेट से हरा दिया। टीम की तरफ टोनी डी जॉर्जी ने सबसे ज्यादा 41 रन बनाए। बांग्लादेश से तैजुल इस्लाम ने 3 विकेट लिए।

मैच में साउथ अफ्रीका के काइल वीरेन ने 114 रन की पारी खेली। कागिसो रबाडा ने कुल 9 विकेट लिए। वहीं बांग्लादेश की तरफ से मेहदी हसन मिराज ने दूसरी पारी में 97 रन की पारी खेली। टीम की तरफ से तैजुल इस्लाम ने मैच में 8 विकेट लिए। बांग्लादेश ने 106 रन का टारगेट दिया बांग्लादेश ने साउथ अफ्रीका को 106 रन का टारगेट दिया। टीम ने अपने कल के स्कोर 283 रन से आगे खेलना शुरू किया और 307 रन पर सिमट



गई। मेहदी हसन मिराज ने 97 रन की पारी खेली। जाकेर हसन ने 58 रन बनाए। गुरुवार को साउथ अफ्रीका की तरफ से कागिसो रबाडा ने 6 विकेट लिए। जबकि केशव महाराज को 3 विकेट मिले।

तीसरे दिन का खेल... मीरपुर टेस्ट के तीसरे दिन बांग्लादेश ने दूसरी पारी में 81 रन की बढ़त ले ली है। टीम ने बुधवार को अपने कल के स्कोर 101 रन से आगे खेलना शुरू किया। ऑलराउंडर मेहदी हसन मिराज की फिफ्टी के चलते बांग्लादेश ने 7 विकेट खोकर 283 रन बना लिए हैं। खराब रोशनी की वजह से तीसरे दिन का स्टंप्स कर दिया गया था।

प्रोटियाज टीम की तरफ से कागिसो रबाडा ने सबसे ज्यादा 6 विकेट लिए। उनके अलावा केशव महाराज को 3 विकेट मिले। मेहदी और जाकिर ने पारी संभाली ऑलराउंडर मेहदी हसन मिराज और जाकेर अली ने बांग्लादेश की लड़खड़ाती पारी संभाली। टीम ने एक समय अपने पांच विकेट 106 रन पर खो दिए थे। इसके बाद दोनों ने मिलकर 138 रन जोड़े। इस साझेदारी को केशव महाराज ने तोड़ा। मेहदी हसन मिराज 87 रन बनाकर नाबाद है।

जाकेर अली ने अपने डेब्यू पर फिफ्टी लगाई। उन्होंने 58 रन की पारी खेली। दूसरे दिन का खेल... मीरपुर टेस्ट के दूसरे दिन बांग्लादेश ने दूसरी पारी में 3 विकेट खोकर 101 रन बनाए। ओपनर महमूद हसन 40 और मुश्फिकुर रहीम 33 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इससे पहले मंगलवार की सुबह साउथ अफ्रीका ने पहली पारी में 202 रन की बढ़त ली। प्रोटियाज टीम 308 रन बनाकर ऑलआउट हुई। टीम ने अपने कल के स्कोर 140 रन से आगे खेलना शुरू किया और विकेटकीपर बल्लेबाज काइल वीरेन के शानदार शतक और वियान मुल्डर की फिफ्टी के चलते टर्निंग ट्रैक पर 308 रन बनाए। बांग्लादेश की तरफ से तैजुल इस्लाम ने 5 विकेट लिए। जबकि हसन महमूद को 3 और मेहदी हसन मिराज को 2 विकेट मिले।

काइल वीरेन और वियान मुल्डर की शतकीय साझेदारी पहली पारी में बांग्लादेश की शुरुआत खराब रही।

# बड़े खेलों को हटाया जाना निराशाजनक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा का मानना है कि 2026 ग्लासगो राष्टमंडल खेलों के कार्यक्रम से कुश्ती, हॉकी और बैडमिंटन जैसे पदक दिलाने वाले खेलों को बाहर करना देश के लिए 'निराशाजनक' है लेकिन लागत कम करने का दृष्टिकोण यह सुनिश्चित करेगा कि भविष्य में इस प्रतियोगिता को मेजबान मिलते रहें।

खेलों के 23वें सत्र का आयोजन 23 जुलाई से दो अगस्त तक आयोजित किया जाएगा जिससे स्कॉटलैंड की राजधानी की 12 साल बाद मेजबान के रूप में वापसी होगी।

अधिकांश राष्टीय खेल महासंघों ने हॉकी, बैडमिंटन, कुश्ती, क्रिकेट, निशानेबाजी, टेबल टेनिस और स्क्वाश को खेलों से बाहर करने के ग्लासगो के फैसले की आलोचना की है और इस कदम के बाद खेलों की प्रासंगिकता पर भी सवाल उठाए हैं, लेकिन उषा ने कहा कि इसके कारणों को पूरी तरह से नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

## न्यूज बाइट्स

### नगर विकास विभाग में 44 कनीय अभियंताओं की नियुक्ति

**पटना (नि.सं.)।** नगर विकास एवं आवास विभाग ने 44 कनीय अभियंताओं की नियुक्ति की है। यह नियुक्तियाँ संविदा के आधार पर की गई हैं, जिसके लिए विभाग ने अगस्त में विज्ञापन जारी किया था। इस प्रक्रिया में लगभग 80 आवेदन प्राप्त हुए थे। आवश्यक शर्त यह थी कि अभ्यर्थी बिहार सरकार के किसी विभाग से सेवानिवृत्त कनीय अभियंता (असैनिक) हो। विभाग के मंत्री नितिन नवीन ने कहा कि नगर निकायों का कार्य सुचारू रखने और शहरों को साफ-सुथरा बनाए रखने के लिए कर्मचारियों की कमी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने बताया कि विभाग में विभिन्न पदों पर इंजीनियरों की बहाली की प्रक्रिया लगातार चल रही है। विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह ने कहा कि नगरों में आधारभूत संरचना के विकास में इंजीनियरों की महत्वपूर्ण भूमिका है, इसलिए जल्द ही और इंजीनियरों की नियुक्ति की जाएगी। अगले कुछ महीनों में 60 कार्यपालक अभियंताओं की भी बहाली की जाएगी, जिसके लिए सितंबर में विज्ञापन जारी किया गया था। इस बीच, विभाग में अधीक्षण अभियंता के 12 और मुख्य अभियंता के 7 पद रिक्त हैं, जिनकी नियुक्ति प्रक्रिया भी जारी है। नगर विकास एवं आवास विभाग ने अगले वर्ष में विभिन्न पदों के लिए 3956 स्थायी नियुक्तियों की अधियाचना आयोग को भेजी है, जिसके जल्द ही स्वीकृत होने की संभावना है।

### बिहार के सभी जिला अस्पतालों में इमरजेंसी इलाज की बढ़ेगी सुविधा

**पटना (नि.सं.)।** बिहार के जिला अस्पतालों के आपातकालीन (इमरजेंसी) वार्ड में बेडों की संख्या ढाई गुना तक बढ़ जाएगी। राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने यह निर्णय आकस्मिक मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए लिया है। अभी राज्य के 36 जिला अस्पतालों में इमरजेंसी बेड की संख्या लगभग 400 है। इसे बढ़ाकर एक हजार से अधिक किया जाना है। बढ़ोतरी के बाद हर जिला अस्पताल की इमरजेंसी में कम से कम 20 बेड हो जाएंगे। इनमें गंभीर मरीजों के लिए इलाज की विशेष सुविधा सहित न्यूनतम पांच बेड होंगे। साथ ही प्रत्येक जिला अस्पताल में कम से कम एक ऑपरेशन थियेटर होगा।

#### औरंगाबाद से पूरा परिवार लौट रहा था अपने गांव, हादसे में दो बहनें और एक भाई घायल

# सड़क हादसे में दंपती की मौत, दो घायल



**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

बुधवार की रात औरंगाबाद में एक गंभीर सड़क दुर्घटना ने एक परिवार को बुरी तरह प्रभावित किया। स्कॉर्पियो और स्विफ्ट डिजायर कार के बीच हुई आमने-सामने की टक्कर में स्विफ्ट में सवार पति-पत्नी समेत एक ही परिवार के पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना में 35 वर्षीय धीरज कुमार और उनकी 30 वर्षीय पत्नी ज्योति देवी की इलाज के दौरान मौत हो गई। दोनों सिमरा थाना क्षेत्र के बैरांव गांव के निवासी थे। उनके तीन बच्चे 10 वर्षीय शिवन्या कुमारी, 14 वर्षीय सुहानी कुमारी और 9 वर्षीय आदित्य कुमार भी दुर्घटना में घायल हुए हैं। सभी परिवार के सदस्य अपने घर बैरांव लौट रहे थे जब यह दुखद घटना एनएच-139 पर, रिसियप थाना क्षेत्र के घेउरा मोड़ के पास हुई।

टक्कर के बाद स्विफ्ट कार सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। घटना के तुरंत बाद, स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। उन्होंने तुरंत डायल-112 को सूचित किया, जिसके बाद पुलिस की एक टीम घटनास्थल पर पहुंची। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल के डॉक्टरों ने धीरज, ज्योति और शिवन्या की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। इस घटना की सूचना मिलते ही कुटुंबा प्रखंड प्रमुख धर्मेंद्र कुमार चंद्रवंशी, जदयू जिला महासचिव धर्मेंद्र वर्मा, रतनपुर पैक्स अध्यक्ष मुकेश कुशवाहा, और मौर्य आर्मी संगठन के संयोजक विकास मेहता समेत कई स्थानीय नेता सदर अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायलों के परिजनों से मिलकर हाल-चाल जाना और सहायता का आश्वासन दिया। इस दुखद घटना ने इलाके में शोक की लहर पैदा कर दी है, और स्थानीय समुदाय ने इस परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। दुर्घटना की जांच जारी है, और प्रशासन सड़क सुरक्षा को लेकर आवश्यक कदम उठाने की तैयारी में है।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवती की मौत

**निज संवाददाता | फेसर (औरंगाबाद)**

पंडित दीनदयाल उपाध्याय गया रेल खंड के फेसर रेलवे स्टेशन के पश्चिमी केबिन के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक युवती की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची और कागजी प्रक्रिया के बाद पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया में जुट गई। रेलवे पुलिस पोस्टमॉर्टम के लिए सोन नगर लेकर चले गई।

वहीं, आसपास के लोगों के मुताबिक यह घटना गुरुवार की अहले सुबह की है। जब स्थानीय लोगों ने स्टेशन से कुछ दूरी पर पश्चिमी केबिन के पास युवती को शव देखा तो इसकी सूचना रेलवे पुलिस को दी। सूचना पाकर रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची और पहचान और आगे की प्रक्रिया में जुट गई है। मृतका की उम्र लगभग 20 वर्ष आंकी जा रही है। उसने पीले रंग का सूट और सलवार पहन रखा था। पोस्टमार्टम के बाद 72 घंटे तक शव की पहचान के लिए उसे रेलवे पुलिस शव गृह में रखेगी। इस दौरान मृतका की पहचान नहीं होती है तो पुलिस द्वारा अंतिम संस्कार किया जाएगा। रेलवे पुलिस द्वारा सोशल मीडिया एवं तकनीकी अनुसंधान के माध्यम से पहचान में जुटी हुई है।

#### प्रेस भवन की चाबी को लेकर फैली अफवाहों का जिला प्रशासन ने किया खंडन

# किसी प्रेस संगठन को नहीं सौंप गई प्रेस भवन की चाबी : जिला प्रशासन

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



जिला प्रशासन ने हाल ही में स्पष्ट किया है कि जिला मुख्यालय स्थित प्रेस भवन की चाबी किसी भी प्रेस संगठन या पत्रकार को नहीं दी गई है। कुछ लोगों द्वारा इस संबंध में सोशल मीडिया पर फैलाए गए समाचार पूरी तरह भ्रामक और तथ्यहीन हैं। जिला प्रशासन ने अपने आधिकारिक बयान में कहा कि किसी भी संगठन को प्रेस क्लब भवन का आवंटन करने से पूर्व लीज या डीड की प्रक्रिया पूरी की जाती है, और वर्तमान में किसी भी संगठन के साथ यह प्रक्रिया पूरी नहीं की गई है। यह जानकारी तब सामने आई जब सोशल मीडिया पर एक दिन पूर्व यह अफवाह उड़ाई गई कि कुछ विशेष व्यक्तियों को प्रेस क्लब भवन की चाबी सौंप दी गई है।

इस मामले में जिला प्रेस क्लब के वरीय अधिकारियों ने बुधवार को जिलाधिकारी से मुलाकात की। इस शिष्टमंडल में जिला प्रेस क्लब के संरक्षक कमल किशोर, भूपेंद्र सिंह, जिला अध्यक्ष विकास कुमार सिंह, महासचिव संजय सिन्हा, और वरीय उपाध्यक्ष गणेश प्रसाद शामिल थे। उन्होंने जिलाधिकारी को अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन भी सौंपा और सोशल मीडिया पर फैली इस अफवाह के बारे में जानकारी दी। इसी बीच, जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी श्वेता प्रियदर्शी ने यह सुनिश्चित किया है कि प्रेस क्लब भवन सभी मान्यता प्राप्त पत्रकारों और जिला प्रेस क्लब के सदस्यों के लिए उपलब्ध रहेगा। उन्होंने बताया कि भवन को जिला प्रेस क्लब की ओर से प्राधिकृत प्रतिनिधि या पदाधिकारी को विधिवत रूप से लीज या डीड के माध्यम से हस्तगत नहीं होने तक, प्रेस क्लब भवन हर दिन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक (अवकाश को छोड़कर) खुला रहेगा। यह कदम पत्रकारों के अधिकारों की सुरक्षा और समुदाय में सही सूचना के प्रसार के लिए एक सकारात्मक पहल है। जिला प्रशासन ने सभी पत्रकारों से आग्रह किया है कि वे सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही किसी भी प्रकार की भ्रामक जानकारी से बचें और सत्यता की जांच करें।

# देव में छठ मेला: जिला प्रशासन की व्यापक तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था पर समीक्षा बैठक आयोजित

**निज संवाददाता | देव (औरंगाबाद)**

गुरूवार को जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल द्वारा संयुक्त अध्यक्षता में देव कार्तिक छठ मेला 2024 के तैयारी एवं विधि व्यवस्था के मद्देनजर प्रखंड सभागार देव में सभी जिला स्तरीय एवं देव प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रभारी पदाधिकारी राजस्व शाखा सच्चिदानंद सुमन द्वारा बताया गया कि इस बार छठ पूजा 05 से 08 नवंबर तक मनाया जाएगा। छठ मेला का उदघाटन के लिए प्रभारी मंत्री जिला औरंगाबाद एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में माननीय मंत्री राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग बिहार पटना द्वारा कराया जाएगा। प्रभारी पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि छठ पर्व के अवसर पर देव में आने वाले व्रतियों एवं श्रद्धालुओं के लिए अवासान की समुचित व्यवस्था किया गया है। मेला परिसर में कुल 9 चिन्हित अवासान स्थल राजा जगन्नाथ उच्च विद्यालय के मैदान,राजा जगन्नाथ उच्च विद्यालय के मैदान के पश्चिम, मालेनगर के पास, हरिकीर्तन बीघा के पास पैक्स गोदाम के उत्तरी भाग में, थाना के पास मेला क्षेत्र में, सिंचाई कॉलोनी का मैदान, चांदपुर मध्य का मैदान, संत विजय दास धर्मशाला बहुआरा मोड़ के पास एवं नरची गेट के पीछे दिवाकर नगर के पास बनाया जाएगा। उक्त सभी अवासन स्थलों में छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं के अवासन हेतु टेंट, पंडाल, लाइटिंग, जनरेटर दरी आदि सामग्री की व्यवस्था उपलब्ध रहेगी। इन सभी आवसान स्थलों में कुल 2 लाख श्रद्धालुओं के लिए अब अवासान की व्यवस्था रहेगी। मेला अवधि के दौरान आज से बचाव हेतु सूर्यकुंड के पास 02, थाना के पास 02 एवं ब्लाक के पास 01 एवं अवासान स्थलों पर 02 अग्निशमन वाहन 24 घंटा उपलब्ध रहेगी। स्वच्छता प्रबंधन के लिए कमीटी का निर्माण कराया गया है। दोनों तालाब परिसर एवं अवासन अस्थलों में 24x7 सफाई कार्य चलता रहेगा। इसकी अतिरिक्त मेला क्षेत्र परिसर में भी निरंतर सफाई कार्य कराए जाएंगे। मेला क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे का भी अधिष्ठापित कराया जाएगा। सूर्य मंदिर के गर्भ गृह, परिसर एवं अर्ध्य स्थलों तथा मेला क्षेत्र के प्रमुख स्थलों पर सीसीटीवी कैमरा अधिष्ठापित कराए जाएंगे। दोनों सूर्यकुंड तालाब के पास पर्याप्त मात्रा में लाइफ जैकेट, गोताखोर जाल आदि की व्यवस्था भी व्यवस्था कर लिया गया है। कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण को निर्देश दे दिया गया कि मेला अवधि के दौरान पेयजल की व्यवस्था हेतु बंद पड़े चपकालों की मरम्मती करवाना सुनिश्चित करेंगे एवं मेले के दौरान 24 घंटे पेयजल की आपूर्ति अथवा आवश्यकता अनुसार टैंकर का भी व्यवस्था करेंगे। बैठक में देव प्रखंड क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से भी समस्या सुना गया जिला पदाधिकारी ने सभी समस्याओं को नोट करते हुए समाधान करने का आश्वासन दिए।

बैठक में सदर-2 सीडीपीओ के द्वारा बताया गया कि छठ मेला अवधि में सभी दिशाओं से आने वाले वाहनों के लिए यातायात प्लान तैयार कर ली गई है। मेला क्षेत्र के विभिन्न स्थलों पर आए हुए वाहनों की पार्किंग के लिए के केताकी मदनपुर में लगभग 15000 वाहनों एवं सिंचाई कॉलोनी में 1000 एवं अन्य स्थलों पर वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था के लिए स्थल का चयन कर लिया गया है। दिनांक 04 नवंबर के रात 8:00 बजे से किसी भी वाहन को ड्रॉप गेट के आगे नहीं जाने दिया जाएगा। सभी वाहन को पार्किंग स्थल पर पर ही पार्क किया जाएगा। देव मोड़ के केताकी नहर से आगे गाड़ी नहीं जाएगी। इसी प्रकार अन्य मार्ग पर भी यथा पिपरडीह के पास, अंबा रोड के पास, सिंचाई कॉलोनी के पास, भवानीपुर, मालेनगर गाड़ी का पार्किंग में पार्क कर लिया जाएगा। पुलिस अधीक्षक के द्वारा बताया गया कि छठ मेले में पानी, बिजली, अवासान, पार्किंग का आदि का व्यापक तैयारी जिला प्रशासन के द्वारा की गई है। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर जगह-जगह सीसीटीवी, यातायात को लेकर बैरिकेडिंग, ड्रोन कैमरा से निगरानी साथ ही साथ सभी जगह पुलिस बल तैनात रहेगी। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों एवं आम जन से सहयोग अपेक्षा कीये। सदर विधायक आनंद शंकर द्वारा कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग से देव छठ मेला से संबंधित 07 रोड मरम्मती के बारे में पत्र लिखा था उसके प्रगति के बारे में पूछा गया। कार्यपालक अभियंता के द्वारा बताया गया कि अनदेपुरा रोड कार्य प्रगति पर है। कंचनपुर एवं केताकी का रोड की मरम्मती का कार्य जल्द शुरू किया जाएगा। सदर विधायक द्वारा देव प्रखंड के आसपास इलाके में चापाकल के मरम्मती नहीं होने पर कनीय अभियंता पीएचडी के खिलाफ खेद प्रकट करते हुए अविलंब चापाकल मरम्मती कार्य शुरु करने का निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त सर्वे कराकर नए चापाकल आतिशीघ्र अधिष्ठापित करने का निर्देश दिए।

### सुरक्षा और स्वास्थ्य की व्यवस्था

मेला क्षेत्र में सुरक्षा के दृष्टिकोण से 54 बैरिकेडिंग और 60 ड्रॉप गेट का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा, दो कुंडों पर भी मजबूत बैरिकेडिंग की जाएगी। किसी भी आकस्मिकता के लिए मेला परिसर में अस्थाई मेडिकल कैंप लगाया जाएगा, जिसमें 7 एंबुलेंस, स्ट्रेचर, और आवश्यक चिकित्सा सामग्री की व्यवस्था की गई है। सुरक्षा के लिए 24 घंटे अग्निशामक वाहन तैनात रहेंगे। स्वच्छता प्रबंधन के लिए एक समिति का गठन किया गया है, जो मेला क्षेत्र की सफाई सुनिश्चित करेगी। बैठक में बताया गया कि सीसीटीवी कैमरे भी प्रमुख स्थलों पर लगाए जाएंगे, ताकि सुरक्षा की निगरानी की जा सके।

### प्रशासन की सक्रियता और जनप्रतिनिधियों का सहयोग

जिला पदाधिकारी महोदय ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि सभी श्रद्धालुओं को बेहतरीन सुविधा मिले। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से सहयोग की अपील की और कहा कि मेला के प्रचार-प्रसार के लिए औरंगाबाद, पटना, गया, और पलामू जैसे स्थानों पर बड़े-बड़े होर्डिंग और फ्लेक्स लगाए जाएंगे ताकि अधिक से अधिक श्रद्धालु इस भव्य मेले में भाग ले सकें।

## ब्रह्माकुमारी संस्था के औरंगाबाद और गोह में भवन का किया गया उद्घाटन



**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के औरंगाबाद शाखा में शिव दर्शन भवन का भव्य उद्घाटन किया गया। वहीं गोह शाखा में शांति शरोवर भवन का भव्य उद्घाटन किया गया। दोनों जगह ब्रह्माकुमारीज मुख्यालय माउंट आबू से आई रुक्मिणी दीदी, आशा दीदी, बिहारशरीफ की संचालिका पूनम दीदी, औरंगाबाद संचालिका सविता दीदी, गोह संचालिका संगीता दीदी ने फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर भवन का उद्घाटन किया गया। रुक्मिणी दीदी ने कहा कि यह संस्था पूरी तरह से आध्यात्मिक है। आज के समय में हर इंसान का मन विचलित होता रहता है। मन काबू में नहीं रहता है जिसके कारण हिंसा बढ़ती है। ऐसे में यह संस्था लोगों को सहयोग करता है। उन्होंने कहा कि यह जिलेवासियों के लिए शांति और प्रेम की खुशियां लाने वाला भवन है। यहां मनुष्यों के जीवन जीने की कला में सहयोग मिलेगा।

इस मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष उदय गुप्ता, अधिवक्ता राधेश्याम, कमलेश भाई, सरिता, सविता, अमरेंद्र कुमार, जगलाल प्रसाद, सुनील कुमार, मीना देवी, पन्ना देवी, ममता देवी, आशा आदि मौजूद रहे।

## पटना में प्रॉपर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या

**पटना (नि.सं.)।** पटना में प्रॉपर्टी डीलर अमित कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र के द्वारिका अपार्टमेंट स्थित बिस्कुट फैक्ट्री के पास की है। घटना को अंजाम देने के बाद बाइक सवार अपराधियों ने फायरिंग करते हुए भाग निकले। स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में अमित को इलाज के लिए नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटनास्थल से पुलिस ने एक मैगजीन, दो खोखा बरामद किया है। पुलिस का यह मानना है कि अपराधियों के द्वारा दो गोली चलाई गई। पुलिस ने दो खोखा घटनास्थल से बरामद होने की बात बताई है, वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि अपराधियों के द्वारा 8 से 9 राउंड गोली चलाई गई है।

## 26 अक्टूबर को जॉब कैंप का आयोजन

**औरंगाबाद(एसवीवी सं.)।** जिले के युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर 26 अक्टूबर को सामने आ रहा है, जब जिला नियोजनालय, औरंगाबाद द्वारा एक विशेष जॉब कैंप का आयोजन किया जाएगा। यह कैंप जिला निबंधन सह-परामर्श केन्द्र (डीआरसीसी) में सुबह 10 बजे से शुरू होगा। इस कैंप में प्रतिष्ठित ई-कॉमर्स कंपनी फ्लीपकार्ट की भागीदारी रहेगी, जो युवाओं को नौकरी के शानदार अवसर प्रदान करने के लिए तैयार है।

जिला नियोजन पदाधिकारी ने सभी युवाओं से अपील की है कि वे इस कैंप में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर अपने करियर को नया दिशा दें। यह न केवल नौकरी पाने का मौका है, बल्कि युवाओं के लिए अपने कौशल और संभावनाओं को पहचानने का भी एक बेहतरीन प्लेटफार्म है।

# ग्रामीण स्तर तक न्याय पहुंचाने में पारा विधिक स्वयं सेवकों की महती भूमिका : प्रधान जिला जज

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री राज कुमार द्वारा अनुमति प्रदान किये जाने के उपरान्त आज पारा विधिक स्वयं सेवकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकार अन्तर्गत विधिक सेवा सदन में दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव श्री सुकुल राम तथा पॉक्सो न्यायालय के लोक अभियोजक श्री शिवलाल मेहता तथा पारिवारिक मामलो के प्रसिध अधिवक्ता राना सरोज कुमार द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में वक्ताओं ने अर्द्ध विधिक स्वयं सेवकों से कहा कि प्रशिक्षण सत्र का आयोजन प्राधिकार में इसलिए किया गया है कि आप तमाम अर्द्ध विधिक स्वयं सेवक समाज के प्रति अपने दायित्वों का शत-प्रतिशत निर्वहन कर सके क्योंकि प्राधिकार के आँख और कान आप सब है इसलिए यह प्रशिक्षण कार्यक्रम कराया जा रहा है जिनका आपके कार्यो में प्रतिदिन जरूरत पड़ेगी। इसमें लोक अभियोजक, प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी, पारिवारिक मामलो से जुड़े अधिवक्ता उप मुख्य कानूनी सहायता परामर्षदाता जैसे संसथाओं से जुड़े लोगों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण सत्र में वक्ताओं द्वारा कहा गया जितना हो सके आप सभी इसका लाभ उठायें और समाज के प्रति खासकर कमजोर और शोषित व्यक्तियों के उत्थान तथा विधिक सहायता उपलब्ध कराने में अपना योगदान दें। विदित हो कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा नव चयनित अर्द्ध विधिक स्वयं सेवकों के प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए इस कार्यक्रम को आयोजित किया गया जिससे अपने-अपने क्षेत्रों में जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का प्रचार-प्रसार पारा विधिक स्वयं सेवकों के माध्यम से ग्रामीण स्तर तक हो सके।

सरकार के द्वारा चलाये जा रहे कल्याणकारी योजनाओं के विषय पर प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी ने अर्द्ध विधिक स्वयं सेवकों को प्रशिक्षण दिया तथा बताया कि सरकार के द्वारा ऐसी अनेकों योजनाऐं हैं जिसका लाभ जागरूकता एवं जानकारी के अभाव में समाज को नहीं मिल पा रही है, अर्द्ध विधिक स्वयं सेवक का दायित्व है कि उन सारी योजनाओं का लाभ समाज को दिलवाने में अपनी भूमिका अदा करें उन्होनें उन सारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अर्द्ध विधिक स्वयं सेवकों को महिलाओं की सुरक्षा, उनके अधिकार, खासकर घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न तथा महिलाओं से जुड़े साईबर अपराध के विषय में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने अर्द्ध विधिक स्वयं सेवकों को कहा कि अगर उनके नजर में ऐसे अपराध होतें है और उन्हें इसकी जानकारी होती है तो वे तत्काल उन्हें अथवा प्राधिकार को सूचना दें ताकि ससमय कार्रवाई हो सके।

## लोक जनशक्ति (आर) पार्टी के सदर प्रखंड प्रवक्ता बने मो. नेयाज अली



**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

लोक जनशक्ति (आर) पार्टी के सदर प्रखंड के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी के रूप में मो. नेयाज अली को नियुक्त किया गया है। आज उन्होंने जिला अध्यक्ष चंद्रभूषण उर्फ सोनू सिंह की उपस्थिति में यह पद ग्रहण किया। मो. नेयाज अली ने पार्टी की मजबूती के लिए कार्य करने और संगठन को हर घर तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर सदर प्रखंड अध्यक्ष रॉकी कुमार, माजिद खान, सैफ अली, बबन आलम, मो. नेयाज अख्तर, बृजमोहन कुमार, अंग्रेज शेख, शाहनवाज़ खान उर्फ छोटू सहित कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पटना में एक दिन में पांच लोगों से चेन स्नैचिंग

**निज संवाददाता | पटना**

पटना में एक दिन में चेन स्नैचिंग की 5 घटनाएं हुई। इसमें 3 घटना को एक ही बाइक से घूम कर दो अपराधियों ने अंजाम दिया। सीसीटीवी फुटेज में तीनों घटनाओं में एक ही बाइक दिख रही है। सभी घटनाओं के उद्भेदन के लिए पटना पुलिस ने एसआईटी का गठन किया है। चेन स्नेचिंग की घटना पर अंकुश लगाने को लेकर पटना एसएसपी राजीव मिश्रा लगातार पुलिस की गश्ती को लेकर पुलिस निर्देश दे रही है, लेकिन पटना में चेन स्नेचिंग की घटनाएं नहीं रुक रही हैं। राजधानी में बुधवार को दोपहर से लेकर देर रात तक चेन छिनतई की 5 घटना हुई है। वहीं घटना की जानकारी के बाद पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के जरिए अपराधियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी करने में जुटी है। इस मामले में सचिवालय एसडीपीओ-2 साकेत कुमार ने बताया कि घटना हुई है, इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है।

बिहार सरकार

सहकारिता विभाग

एक सब के लिए
सब एक के लिए

खरीफ विपणन मौसम 2024–25 अन्तर्गत किसान भाईयों/बहनों के लिए
धान अधिप्राप्ति हेतु आवश्यक सूचना

धान अधिप्राप्तिः किसानों का ऑनलाइन निबंधन/आवेदन एवं धान बिक्री की प्रक्रिया

- धान अधिप्राप्ति कार्य पंचायत स्तर पर **पैक्स** एवं प्रखंड स्तर पर **व्यापार मंडल** के माध्यम से किया जायेगा।
- धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य धान साधारण– ₹2300/– प्रति क्विंटल, धान ग्रेड 'A'–₹2320/– प्रति क्विंटल निर्धारित है।
- धान क्रय के पश्चात राशि का भुगतान किसान के नामित खाते में PFMS के माध्यम से किया जायेगा।
- धान अधिप्राप्ति की अवधि–कोशी, पूर्णिया, सारण, तिरहुत एवं दरभंगा प्रमंडल के जिलों में 01 नवम्बर 2024 से 15 फरवरी 2025 तक। शेष जिलों में दिनांक 15. नवम्बर 2024 से 15 फरवरी 2025 तक।
- रैयत किसान 250 क्विंटल एवं गैर–रैयत किसान 100 क्विंटल अन्तर्गत अधिकतम धान विक्रय कर सकते है।

ऑनलाइन निबंधन एवं अधिप्राप्ति कार्य में कठिनाई होने पर प्रखंड में पदस्थापित सहकारिता प्रसार पदाधिकारी के कार्यालय/जिला सहकारिता पदाधिकारी के कार्यालय/संयुक्त निबंधक के कार्यालय से सम्पर्क कर अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते है।

- धान बिक्री हेतु किसानों को कृषि विभाग के पोर्टल– www.dbtagriculture.bihar.gov.in पर निबंधित होना अनिवार्य होगा। जो किसान पूर्व से निबंधित है उन्हें पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नही है।

रैयत किसानों के लिए
- निबंधित रैयत किसानों को निबंधन संख्या के आधार पर कृषि विभाग के पोर्टल पर धारित भूमि से संबंधित सूचनाओं तथा अन्य सभी वांछित सूचनाओं को अंकित करना होगा।

गैर–रैयत किसानों के लिए
- निबंधित गैर–रैयत किसानों को निबंधन संख्या के आधार पर कृषि विभाग के पोर्टल पर खेती किये जाने वाले भूमि से संबंधित सूचनाओं को अंकित करना होगा। तत्पश्चात System Generated स्व–घोषणा पत्र पर (क) किसान सलाहकार या कृषि समन्वयक तथा (ख) उस क्षेत्र के वार्ड सदस्य/मुखिया/पंचायत समिति सदस्य/जिला परिषद् सदस्य (क एवं ख दोनो से) से संयुक्त प्रतिहस्ताक्षरित कराना होगा।

धान क्रय केन्द्र पर किसानों से प्राप्त किये जाने वाले कागजात
- रैयत किसानों के लिए–रैयत किसानों द्वारा कृषि विभाग के पोर्टल पर धारित भूमि संबंधी विवरण एवं फोटो युक्त पहचान–पत्र– मतदाता पहचान–पत्र/पासबुक की छायाप्रति/ड्राइविंग लाईसेंस एवं भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त अन्य दस्तावेज–इनमें से कोई एक।
- गैर–रैयत किसानों के लिए–गैर–रैयत किसानों द्वारा कृषि विभाग के पोर्टल पर खेती किये जाने वाले भूमि से संबंधित विवरण का System Generated प्रतिहस्ताक्षरित स्व–घोषणा पत्र एवं फोटो युक्त पहचान–पत्र– मतदाता पहचान–पत्र/पासबुक की छायाप्रति/ड्राइविंग लाईसेंस एवं भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त अन्य दस्तावेज–इनमें से कोई एक।

किसान भाईयों/बहनों से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में निबंधन/आवेदन कर पैक्स/व्यापार मंडल में धान बिक्री कर न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ उठावें।

PR No.- 011286 (Co-operative)D. 2024-25